CMYK

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 12°C
सेंसेक्स 76,905.51
निफ्टी 23,350.40
सोना 91,670
चांदी 1,01,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, रविवार 23 मार्च 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 223 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 22 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## 22वां रोज़ा

### पाकीजगी और परहेज करने की सीख देता है रोज़ा

हर मजहब की इबादत का अपना ढंग होता है। इसके अलावा हर मजहब में ऐसी कोई न कोई रात या कुछ खास बातें इबादत के लिए मख्सूस होती हैं, जिनकी अपनी अहमियत होती है। इस्लाम मजहब की इबादत की नींव ला इलाहा इल्ललाह पर मुश्तमिल है। हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) अल्लाह के रसूल हैं। ये यकीन और तस्दीक यानी अल्लाह और उसके रसूल को कबूल करना जरूरी है। इसको यों कह सकते हैं कि अल्लाह पर ईमान लाना और रसूलल्लाह के अहकामात मानना ही इस्लाम मजहब की बुनियाद है। माहे रमज़ान को मजहबे-इस्लाम में खास मुकाम हासिल है। पाकीज़गी और परहेजगारी की पाबंदी के साथ रखा गया रोज़ा रोज़ेदार को इबादत की अलग ही लज़्ज़त देता है। दरअसल दोज़ख की आग से निजात का यह अशरा इक्कीसवीं रात से ही शुरू हो जाता है।




### कांग्रेस अधिवेशन को समितियां गठित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुजरात के अहमदाबाद में आठ तथा नौ अप्रैल को होने वाले अधिवेशन के लिए स्वागत समिति, आवास समिति, मंच व्यवस्था देखभाल सहित विभिन्न समितियों का गठन किया है, जिसमें कई प्रमुख नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यहां बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस समितियों को मंजूरी है और समितियों के सभी पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा स्वागत समिति का अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख शक्ति सिंह गोहिल को बनाया गया है, जबकि संयोजक का दायित्व अमित चावड़ा को सौंपा गया है। समिति में ऊषा नायडू, सुभाषिनी यादव, भारत सोलंकी सहित 49 पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। संयुक्त समिति का अध्यक्ष मुकुल वासनिक को बनाया गया है। समिति में कुल नौ सदस्य शामिल हैं।


### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न अभियानों में आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों ने इम्फाल पूर्वी जिले के एंड्रो थाना क्षेत्र के उचोल माखा लेकाई से आरपीएफ/पीएलए के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, वह आम जनता से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था। एक अन्य अभियान में, सुरक्षा बलों ने इम्फाल पूर्वी जिले के पोरोमपट थाना क्षेत्र के पास खुरई चिगंगबम लेकाई स्थित कम्युनिटी हॉल के पास से पीआरईपीएके के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया। वह भी आम जनता से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था। एक अलग घटना में, मणिपुर पुलिस ने इम्फाल पश्चिम जिले में तीन सक्रिय कैडरों को उनके आवासों से गिरफ्तार किया।

# आईपीएल के 18वें सीजन का धमाकेदार आगाज







## ओपनिंग सेरेमनी में शाहरुख, कोहली और रिंकू ने किया डांस

**कोलकाता, वार्ता**

**आईपीएल के** 18वें सीजन का धमाकेदार आगाज हुआ। यहां कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में शनिवार को आयोजित ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान, विराट कोहली और रिंकू सिंह ने एक साथ डांस किया।

कोहली ने झूमे जो पठान और रिंकू सिंह ने मैं लुट गया, गाने पर शाहरुख के साथ स्टेप किए। सेरेमनी को बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान ने होस्ट किया।

■ **दिशा पाटनी ने मलंग-मलंग पर परफॉर्म किया, औजला ने हुसन तेरा तौबा-तौबा गाया**

उन्होंने पठान फिल्म के डायलॉग पार्टी पठान के घर में रखोगे, तो मेहमान नवाजी के लिए पठान तो आएगा और साथ में पटाखे भी लाएगा से शुरुआत की। पहली प्रस्तुति श्रेया घोषाल ने दी। उन्होंने भूल भुलैया फिल्म के गाने मेरे ढोलना सुन पहला गाना गाया। उसके बाद घूमर-घूमर और कर हर मैदान फतह जैसे गाने गए। फिर बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने मलंग-मलंग में डांस किया। पंजाबी सिंगर करण औजला ने महौल पूरा बेवी-बेवी, हुसन तेरा तौबा-तौबा गाया। औजला की प्रस्तुति में दिशा पाटनी ने भी परफार्म किया।श्रेया घोषाल ने ओम शांति ओम फिल्म का देखो ये शाम दिवानी, नगाड़े संग ढोल बाजे और मां तुझे सलाम, वंदे मातरम् जैसे गाने गए। फिर पुष्पा-2 का गाना गाया। सबसे पहले पिछले 17 चैंपियन टीमों के नाम के आए।


### परिसीमन के खिलाफ विपक्षी दल हुए एकजुट

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अध्यक्षता में हुई संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) की बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर 25 सालों की रोक लगाने की मांग की गई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन की अध्यक्षता में संयुक्त कार्रवाई समिति की बैठक चेन्नई में संपन्न हुई। इस बैठक के बाद एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से मांग की गई। बता दें कि निर्वाचन क्षेत्र पुनर्गठन पर चर्चा के लिए संयुक्त कार्रवाई समिति की बैठक शनिवार सुबह 10 बजे गिंडी के एक होटल में शुरू हुई।

## जज के बंगले से मिले कैश का मामला

# सीजेआई का सख्त आदेश : जस्टिस वर्मा को न सौंपें कोई कार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ **न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने वर्मा के सरकारी आवास में आग लगने और कथित तौर पर नकदी मिलने के मामले में सीजेआई संजीव खन्ना को एक रिपोर्ट सौंपी**

■ **97.85 करोड़ के घोटाले में भी आया था जस्टिस वर्मा का नाम**

■ **जस्टिस वर्मा के खिलाफ CBI ने 2018 में भी मामला दर्ज किया था, उस दौरान उनका नाम चीनी मिल बैंक धोखाधड़ी में आया था सामने**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास में आग लगने और कथित तौर पर नकदी मिलने के मामले में सीजेआई संजीव खन्ना को एक रिपोर्ट सौंप दी है। यह पहला मौका नहीं है, जब जस्टिस वर्मा आरोपों को लेकर चर्चा में आए हों। महज पांच साल पहले देश की केंद्रीय एजेंसी द्वारा दर्ज एफआईआर में उनका नाम शामिल किया गया था।

सीजेआई ने दिल्ली हाईकोर्ट चीफ जस्टिस से जस्टिस वर्मा को कोई भी काम न सौंपने को कहा कि शनिवार शाम सीजेआई ने जस्टिस वर्मा पर लगे आरोपों की इंटरनल जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई है। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट चीफ जस्टिस से जस्टिस वर्मा को कोई भी काम न सौंपने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से जारी एक बयान में यह भी कहा गया है कि दिल्ली हाईकोर्ट चीफ जस्टिस की तरफ से दी गई रिपोर्ट, जस्टिस वर्मा का जवाब समेत सभी डॉक्यूमेंट्स वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।जस्टिस वर्मा के खिलाफ देश की केंद्रीय एजेंसी सीबीआई ने 2018 में भी एक मामला दर्ज किया था। उस दौरान उनका नाम चीनी मिल बैंक धोखाधड़ी में सामने आया था, सीबीआई ने 12 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इसमें सिंभावली शुगर मिल्स, उसके निदेशकों और अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसमें यशवंत वर्मा का नाम 10वें स्थान पर शामिल था। वह उस समय कंपनी के गैर-कार्यकारी निदेशक थे। यह मामला ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स (ओबीसी) की शिकायत से शुरू हुआ, -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने मणिपुर में राहत शिविरों का किया दौरा



**इम्फाल।** उच्चतम न्यायालय के पांच सदस्यीय न्यायाधीशों के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मणिपुर में विभिन्न राहत शिविरों का दौरा किया, जहां विस्थापित लोग ठहरे हुए हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर भी कानूनी और मानवीय सहायता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला में भाग लेंगे, जिनमें से कुछ वर्चुअल होंगे।

मणिपुर उच्च न्यायालय का 12वां स्थापना दिवस समारोह भी रविवार को आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण 'एनएलएसए' के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति गवई ने सावोमबंग, इम्फाल पूर्व में कानूनी और चिकित्सा शिविरों का वर्चुअल उद्घाटन किया। इसके अलावा, इम्फाल पश्चिम और उखरुल जिलों में नए विधिक सहायता केंद्र भी खोले गए। लगभग 25 डाक्टरों की एक टीम चिकित्सा शिविर भी लगाएगी। न्यायाधीशों ने मुख्य सचिव पीके सिंह, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव सिंह के साथ चुराचांदपुर का दौरा किया और डीसी कार्यालय में बैठक की। न्यायाधीशों ने विस्थापित व्यक्तियों के साथ बातचीत की और आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) को राहत सामग्री वितरित की गई।

# भाजपा नेता ने परिवार को गोलियों से भूना, तीन बच्चों की मौत

## पत्नी की हालत नाजुक, आरोपी पति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ **मानसिक रूप से बीमार चल रहा था आरोपी**

■ **आरोपी योगेश रोहिला सहारनपुर भाजपा जिला कार्यकारिणी का है सदस्य**

**सहारनपुर।** उप्र के सहारनपुर में एक भाजपा नेता ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों को गोली मार दी। इस घटना में दो बच्चों देवांश (6वर्ष) और बेटी श्रद्धा (11वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे बच्चे शिवांश (चार वर्ष) की मौत अस्पताल में हुई है। वहीं भाजपा नेता की पत्नी नेहा (31)गंभीर रूप से घायल है। उन्हें बड़े अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों द्वारा मृत घोषित करने के बाद पुलिस ने तीनों बच्चों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। वहीं पुलिस की निगरानी में भाजपा नेता की पत्नी का इलाज कराया जा रहा है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी भाजपा नेता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी भाजपा नेता की पहचान सहारनपुर जिला कार्यकारिणी के सदस्य योगेश रोहिला के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह काफी समय से मानसिक तौर पर बीमार चल रहे थे। हालांकि पुलिस की ओर से अभी तक इस वारदात की कोई ठोस वजह नहीं बताई गई है। पुलिस के मुताबिक सहारनपुर के गंगोह इलाके के सांगाथेड़ा गांव में रहने वाले भाजपा नेता द्वारा इस वारदात की सूचना से पूरे जिले में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में एसपी ग्रामीण फॉरेंसिक टीम व थाने की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल शुरू की। बताया जा रहा है कि वारदात के बाद खुद योगेश रोहिला ने ही पास-पड़ोस को घटना की जानकारी दी। बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी और तीनों बच्चों को गोली मार दी है। यह सुनकर पड़ोसी भी हैरान रह गए और मौके पर जाकर हालात देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने भाजपा नेता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक अभी तक इतनी बड़ी वारदात की कोई ठोस कारण सामने नहीं आई है।

### बहू ने की ससुर की बल्ले से पीट-पीटकर हत्या

**गाजियाबाद।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से सेवानिवृत्त लिपिक पाती सिंह (63) डी ब्लॉक गली नंबर सात गोविंदपुरम निवासी शुक्रवार की रात जैसे ही स्कूटी लेकर मकान में घुसे, तो उनकी बहू आरती ने क्रिकेट बल्ला उनके सिर में दे मारा। बल्ला लगने से वह लहूलुहान हो गए और गेट खोलकर बाहर की ओर भागने लगे। बहू ने ससुर की शर्ट पकड़ी और कमरे में खींचकर ले गई और बाहर आकर क्रिकेट बल्ला उठाकर ले गई। कमरे का दरवाजा बंद करके ससुर के सिर और मुंह पर पांच वार कर हत्या कर दी। उसके बाद कमरे से बाहर फर्श, दीवार और बल्ले पर लगा खून साफ किया और नहाकर बच्चों के लिए खाना बनाया और साथ खाया। पुलिस ने हत्यारोपी बहू आरती (25) पत्नी स्व. जितेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर आलाकत्ल बरामद कर लिया है।

# नागपुर हिंसा में घायल एक युवक की मौत

## 40 साल का इरफान अंसारी इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में था भर्ती

**मुंबई, वार्ता**

■ **सीएम फडनवीस बोले- नुकसान की भरपाई दंगाइयों से होगी, जरूरत पड़ी तो बुलडोजर भी चलाएंगे**

**औरंगजेब की** कब्र हटाने को लेकर विश्व हिंदू परिषद के प्रदर्शन के बाद 17 मार्च को नागपुर में हिंसा हुई थी। नागपुर हिंसा में घायल 40 साल के इरफान अंसारी की शनिवार दोपहर 1:20 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई। वह 17 मार्च से इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में भर्ती थे। वेल्डर अंसारी सोमवार रात करीब 11 बजे नागपुर रेलवे स्टेशन से इटारसी के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए घर से निकले थे। हिंसा से प्रभावित इलाकों में से एक नागपुर रेलवे स्टेशन भी है।

घटना के पांचवें दिन शनिवार को सीएम देवेंद्र फडनवीस ने नागपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि हिंसा में हुए नुकसान की भरपाई दंगाइयों की संपत्ति बेचकर वसूली जाएगी। जरूरत पड़ी, तो बुलडोजर भी चलाया जाएगा। पीड़ितों को जल्द ही नुकसान की भरपाई की जाएगी। जिन्होंने पुलिस पर हमला किया, उनके खिलाफ कठोर से कठोर धाराएं लगाई जाएंगी। उन्होंने विपक्ष के आरोप पर कहा कि हिंसा इंटेलिजेंस फेल्योर या राजनीतिक साजिश नहीं थी। लेडी कॉन्स्टेबल के साथ छेड़छाड़ की खबर सच नहीं है। उन पर पत्थर जरूर फेंके गए थे। फडनवीस ने बताया कि यह कहना जल्दबाजी होगा कि हिंसा में कोई विदेशी या बांग्लादेशी एंगल था। हालांकि इसकी जांच की जा रही है। कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल नागपुर दौरे पर आया था, उसमें एक सदस्य अकोला हिंसा में आरोपी है। उन्होंने बताया कि हिंसा के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नागपुर दौरा प्रभावित नहीं होगा।

### विनोद कुमार शुक्ला को ज्ञानपीठ पुरस्कार देने की घोषणा

**नई दिल्ली।** हिन्दी के प्रसिद्ध कवि एवं प्रख्यात कथाकार विनोद कुमार शुक्ला को 59वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की शनिवार को घोषणा की गई। चर्चित उपन्यास 'नौकर की कमीज' और काव्यसंग्रह 'वह आदमी चला गया गरम कोट पहनकर विचार की तरह' के लेखक 88 वर्षीय श्री शुक्ला को यह पुरस्कार उनके आजीवन लेखन के लिए दिया जा रहा है । ज्ञानपीठ चयन समिति की बैठक के बाद जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि श्री शुक्ला को इस पुरस्कार के अंतर्गत 11 लाख रुपये की नकद राशि, स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र तथा वाग्देवी की प्रतिमा प्रदान की जाएगी। छत्तीसगढ़ के रायपुर में कृषि कॉलेज से सेवानिवृत्त श्री शुक्ला को उनके दूसरे उपन्यास 'दीवार में खिड़की रहा करती थी' के लिए 1999 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। वह साहित्य अकादमी के शोधकर्ता भी हैं। श्री शुक्ला ने सातवें दशक में अपना लेखन शुरू किया था और अपने पहले कविता संग्रह 'वह आदमी चला गया गरम कोट पहनकर विचार की तरह' से हिंदी में चर्चित हुए थे।

# सैन्य सहयोग का दायरा बढ़ाएंगे भारत और इटली

■ **भारत-इटली सैन्य सहयोग समूह की रोम में हुई 13वीं बैठक में गहन विचार-विमर्श किया**

**नई दिल्ली।** भारत और इटली ने सैन्य सहयोग का दायरा बढ़ाने की संभावनाओं का पता लगाने के लिए गहन विचार विमर्श किया है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारत-इटली सैन्य सहयोग समूह की रोम में शुक्रवार को 13वीं बैठक संपन्न हुई। दो दिन की इस बैठक की सह-अध्यक्षता एकीकृत रक्षा स्टाफ (मुख्यालय आईडीएस) के उप सहायक एकीकृत रक्षा स्टाफ आईडीसी (ए) और इटली के रक्षा जनरल स्टाफ के सामरिक और सैन्य सहयोग प्रभाग के उप प्रमुख ने की। दोनों पक्षों के बीच यह चर्चा द्विपक्षीय सैन्य केंद्रित सहयोग के दायरे का विस्तार करने के लिए नए रास्ते तलाशने पर केंद्रित थी। बैठक में रक्षा संबंधों की समीक्षा के साथ-साथ प्रगति का आकलन किया गया ।

## सरकार के तीन साल पूरे होने पर सीएम धामी का ऐलान

# भ्रष्टाचार, अतिक्रमण और अवैध कब्जों पर जारी रहेगा प्रहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकार के कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने पर हुंकार भरते हुए अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए भ्रष्टाचार, अतिक्रमण और अवैध कब्जों पर प्रहार जारी रखने का ऐलान किया है।

उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों के कार्यकाल के दौरान अनेक चुनौतियां सामने आईं, लेकिन उनका जनता के बीच खड़े होकर सामना किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन के अनुसार ही उत्तराखंड प्रगति कर रहा है। निश्चित तौर पर यह दशक उत्तराखंड का होगा। तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर मुख्यमंत्री ने शनिवार को सीएम आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने राज्य सरकार की



उपलब्धियों का जिक्र किया और भविष्य के लिए अपनी प्राथमिकताओं को भी साझा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 में राजनीतिक विश्लेषकों का मानना था कि भाजपा की सरकार वापसी नहीं कर पाएगी, क्योंकि इस तरह की परिपाटी नहीं रही है, मगर जनता -शेष पृष्ठ दो पर

### भाजपा के आठ साल का कार्यकाल निराशाजनक: कांग्रेस
### यूसीसी से सनातन संस्कृति पर हमला किया जा रहा: हरीश

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार के तीन साल पूरे होने पर मनाए जा रहे जश्न पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। शनिवार को राजीव भवन देहरादून में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व सीएम हरीश रावत व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा सरकार के आठ साल के कार्यकाल को निराशाजनक बताया। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि प्रदेश में पलायन बढ़ गया है, यूसीसी से सनातन संस्कृति पर हमला किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सरकार बजट खर्च करने में विफल रही है। समाज कल्याण विभाग का मात्र 8 फीसदी बजट ही खर्च हो सका है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि रामराज्य में खुली लूट हो रही है, एक प्रदेश में दो-दो कानून बनाए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि मूल निवास और भू-कानून को लेकर सरकार की नीति सही नहीं है।



## एक नजर

### लापता किशोर घर वापस लौटा



**रेहड़।** थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर धारा निवासी सुमित कुमार सैनी पुत्र रामअवतार 11 मार्च की शाम को रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चल पाने पर सुमित के बड़े भाई भोगराज सिंह ने थाने में अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आशंका व्यक्त की थी कि उसके नाबालिग भाई को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। अनहोनी की आशंका को लेकर स्वजन परेशान थे। इसी दौरान गुरुवार को 14 वर्षीय किशोर सुमित कुमार सैनी घर वापस आ गया। बताया जा रहा है कि सुमित 11 मार्च को स्कूल से घर वापस आकर कल्लूवाला सेंटर पर बाजार घूमने गया था। वापस लौटते समय कार सवार मास्क लगाए कुछ अज्ञात व्यक्ति उसे मिले और फिर उसके बाद उसे कुछ पता नहीं चल पाया। सुमित कुमार सैनी के मुताबिक उसके बड़े भाई भोगराज ने बताया कि हरिद्वार के आसपास जब वह लोग किसी ढाबे पर रुके तो होश में आने पर सुमित उनसे बचकर निकल भागा और फिर बाद में हरिद्वार चला गया, जहां से गुरुवार को वह घर पहुंचा है। प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने सुमित के वापस आने की पुष्टि की है।

### ग्रामीणों की समस्याएं सुनी




**नहटौर।** अपर जिला पंचायत राज अधिकारी छविनाथ सिंह विकास खंड कार्यालय पहुंचे। वहां से ब्लॉक की टीम के साथ गांव करीमपुर मुबारक व सीकरी बुजुर्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, कुड़ा निस्तारण केंद्र व गांव की साफ सफाई व्यवस्थाओं को देखा। गांव करीमपुर मुबारक में ग्रामीणों की समस्याए सुनी। ग्रामीणों ने व्यक्तिगत शौचालय बनवाए जाने की मांग की, जिस पर संबंधित ग्राम पंचायत सचिव को चिन्हित करके रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यो को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीओ पंचायत मनोज कुमार, ग्राम पंचायत सचिव जयवीर आदि ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।

### हादसे में घोड़ा बुग्गी चालक घायल

**शेरकोट।** हरेवली मार्ग पर शनिवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में एक घोड़ा बुग्गी और कार की टक्कर हो गई। दुर्घटना में घोड़ा बुग्गी चालक हुकुम सिंह (25) पुत्र मंगू निवासी मोहल्ला फतेहनगर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए धामपुर भेजा। वहीं कार चालक घटना के बाद मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया। घोड़ा बुग्गी चालक भट्टे से ईट भरने का काम करता है। पुलिस घटना की जांच कर रही है और आरोपी कार चालक की तलाश की जा रही है।

### महिला पर हमला, मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम शाहकोट कंदला निवासी परशराम पुत्र चोखे सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव का सुरेश पुत्र धन सिंह व मदन की पत्नी अपने घर का पानी व कूड़ा उसके खेत मे डालते है तथा विरोध करने पर गाली गलौच व मारपीट करते है। घटनाक्रम के अनुसार जब उसने गुरुवार को खेत मे कूड़ा डालने का विरोध किया तो सुरेश व एक महिला ने उस पर लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

### भाकियू का धरना समाप्त



**हल्दौर।** भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने निर्दोष लोगों को पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने से आक्रोशित होकर थाने के मेन गेट पर अनिश्चितकालीन धरना चला रखा है। शनिवार को एसडीएम अवनीश त्यागी व सीओ सिटी संग्राम सिंह धरने पर पहुंचे। संगठन के युवा ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार ने कहा कि पुलिस निर्दोष लोगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज रही है। संगठन निर्दोष लोगों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। किसानों ने मिल द्वारा मैली का रेट न्यूनतम कराएं जाने, विद्युत आपूर्ति सूचारु रुप से चालू कराने, बजाज चीनी मिल द्वारा किसानों के गन्ने का समस्त बकाया भुगतान शीघ्र दिलाने की समस्याओं को रखा। किसान नेताओं का कहना है कि थाने पर अनिश्चितकालीन धरना समाप्त कर दिया है। किसानों ने नया रूप देते हुए कहा कि पांच अप्रैल को गन्ना समिति बिजनौर में बैठक कर रणनीति बनाई जाएगी। 27 मार्च को समस्त थानों में किसानों का उत्पीड़न न होने व निर्दोष लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं करने के मामले में मांग पत्र दिया जाएगा। धरने की अध्यक्षता पश्चिमी उत्तर प्रदेश महासचिव कुलदीप सिंह व संचालन हल्दौर ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव राम अवतार सिंह, विज्ञान सिंह, कैरोप्रताप सिंह, कोमन सिंह, राजेंद्र सिंह हल्दौर ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# हरजत अली की शहादत पर मजलिस

## इस्लाम को इंसानियत का धर्म बताया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव छजुपुरा सादात में हजरत अली की शहादत के अवसर पर मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस के बाद शबीहे ताबूत हजरत अली बरामद हुआ जो गांव के मुख्य मार्गो से होता हुआ मजार दादा सैद कमाल पर पहुंच कर दफनाया गया।

हजरत अली की शहादत की मजलिस को सम्बोधित करते हुए मौलाना मैहदी अब्बास जैदी ने कहा कि हजरत अली इब्ने अबी तालिब की शहादत 21 रमजान सन् 40 हिजरी को इराक के कूफा शहर में हुई थी। उन्हें सुबह की नमाज में अब्दुर्रहमान इब्ने मुलजिम ने तब शहीद किया, जब मौला नमाज की पहली रकअत का सजदा कर रहे थे।

हजरत अली उस समय इस्लाम की मदद के लिए आगे आए जब इस्लाम का कोई भी हमदर्द नहीं था। उन्होंने इस्लाम धर्म को आम लोगों तक पहुंचाया। उनकी इसी सेवाभाव को देखते हुए हजरत मुहम्मद साहब ने उन्हें खलीफा मुकर्रर किया। हजरत अली ने शांति और अमन का पैगाम दिया था। उन्होंने कहा था कि इस्लाम इंसानियत का धर्म है और वह अहिंसा के पक्ष में है।

हजरत अली ने हमेशा राष्ट्रप्रेम और समाज से भेदभाव हटाने की कोशिश की तथा यह भी कहा था कि अपने शत्रु से भी प्रेम करो तो वह एक दिन तुम्हारा दोस्त बन जाएगा। उनका कहना था कि अत्याचार करने वाला और उसमें सहायता करने वाला तथा अत्याचार से खुश होने वाला भी अत्याचारी ही होता है।

उन्होंने यह भी कहा था कि बोलने से पहले शब्द आपके गुलाम होते हैं लेकिन बोलने के बाद आप लफ्जों के गुलाम बन जाते हैं। अतः हमेशा सोच समझकर बोलें। इसके साथ ही उन्होंने भीख मांगना, एक दूसरे की बुराई करना जैसे कार्य करने को सख्त मना किया है। उन्होंने यह भी कहा कि हमेशा अपनी सोच को पानी के बूंदो से भी ज्यादा साफ रखो, क्योंकि जिस तरह बूंदों से समुंदर बनता है, उसी तरह सोच से ईमान बनता है। अतः अपनी जुबान की हिफाजत तथा सोच को हमेशा पाक बनाए रखों।

इस तरह अपनी ऊंची सोच से दुनिया को अहिंसा का पैगाम देने वाले हजरत अली को रमजान महीने की उन्नीसवीं तारीख को अब्दुर्रहमान इब्ने मुलजिम मलाऊन ने कूफे की मस्जिद में सुबह की नमाज के दौरान जहर मे बुझी हुई तलवार से वार कर जख्मी कर दिया था, जिस कारण इक्कीस रमजान को हजरत अली की शहादत हो गई।

मजलिस में सोजखानी मौहम्मद रजा, नायाब हैदर, मौहम्मद अब्बास, मौहम्मद आलम, रौशन अब्बास ने पेश खानी रईस जैद, ने तथा नौहे खानी रौशन अब्बास, सादिक रजा ने की। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी शाही वास्ती ने किया।

## अखबारी व हवाई समाजसेवी इफ्तारी में नहीं दिखा रहे दिलचस्पी

**चांदपुर।** रमजान शरीफ का आधे से भी अधिक महीना बीत चुका है लेकिन अभी तक शहर के किसी भी समाज सेवा का डंका पीटने वाले और अखबारों की सुर्खियां बने रहने वाले नेता शायद इस बार सामूहिक रोजा इफ्तार नहीं कर पा रहे हैं। इसके पीछे दो पहलू हो सकते हैं या तो ऐसे लोग क्षेत्र से नदारद हैं या फिर हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं जिसको लेकर सर्वाधिक परेशानी नगर के कुछ खाऊ पीर भाइयों को हो रही हैं।

रमजान शरीफ का तीसरा अशरा शुरू हो गया है लेकिन नगर के वह हवाई और अखबारी नेता, समाजसेवी कहलवाने वाले रमजान में सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी तक नहीं करा पा रहे, जिनको लेकर पूरे नगर में चर्चाएं आम है। जनता में चर्चा है कि किसी भी रूप में अपने आप को अखबारों की सुर्खियों में बनाए रखने वाले हवाई समाजसेवी इस बार क्यों चुप्पी साधे हुए हैं। रमजान शरीफ के महीने में इस बार फ्री की खाने वाले खाऊपीर भैया ज्यादा परेशान दिखाई दे रहे हैं। चांदपुर में ऐसा भी नहीं है कि कोई नेता या समाजसेवी ऐसा ना कर पाए, लेकिन सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी अभी तक नहीं कर पाना कई सवालों को पैदा कर रहा है। हालांकि अभी समय है शायद कोई दिलेर समाजसेवी या नेता इस कार्य को कर दे और कुछ चर्चित नामचीन खाऊ पीर भाइयों का भला हो सके।

# सहसपुर के सरकारी अस्पताल में पुराना पर्चा बताकर अवैध वसूली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** स्थानीय पंजाब नेशनल बैंक हरिद्वार रोड पर स्थित सहसपुर का आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर जो केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा एक नए रूप में अर्थात आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य देखभाल के लिए चयनात्मक दृष्टिकोण से आगे बढ़कर निवारक, प्रोत्साहक, उपचारात्मक, पुनर्वास और उपशामक देखभाल तक फैली सेवाओं की व्यापक श्रेणी प्रदान करने का एक प्रयास में लगा हुआ है। तो वहीं ऐसा प्रतीत होता है कि सरकारी अस्पताल सहसपुर में मौजूद फार्मेसी कर्मचारियों द्वारा इस प्रयास को फ्लॉप करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।

जहां उत्तर प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार हर संभव प्रयास उत्तर प्रदेश राज्य के अंदर बेहतर सुविधा उपलब्ध करा रही है और सरकारी अस्पतालों का निर्माण व कायाकल्प के साथ-साथ दवाइयां भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध करा रही है, जिससे नागरिकों को बेहतर इलाज हो सके तो वहीं दूसरी और उत्तर प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार इस मुहिम को फ्लॉप करने में सरकारी अस्पताल के सहयोगी है।

सरकारी अस्पताल के फार्मेसी कर्मचारी सहसपुर के सरकारी अस्पताल में मौजूद फार्मेसी द्वारा सरकारी अस्पताल में अवैध वसूली का एक मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि रोगी का एक पर्चा बनने पर एक रुपए के स्थान पर 6 रुपए से लेकर 10 रुपए तक की अवैध वसूली हो रही है।

सहसपुर के मोहल्ला हकीमपुरा निवासी अनवर ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 12:00 बजे सहसपुर के सरकारी अस्पताल में अपना आधार कार्ड लेकर पहुंचे और अपना पर्चा बनवाया। पर्चा बनाने का शुल्क 1 रुपए के स्थान पर जब 6 रुपए मांगा तो रोगी चौक गया। रोगी ने इस पर कहा कि डॉक्टर साहब इस पर्चे पर 1 रुपए मुद्रित (प्रकाशित)है आप 6 रुपए कैसे मांग रहे हैं। तो इस पर अस्पताल में मौजूद फार्मेसी कर्मचारियों ने बताया की भाई यह कई वर्ष पुराने पर्चे है। वर्तमान में अब पर्चा का शुल्क 6 रुपए है। रोगी के पास पैसे ना होने की वजह से वह निराश होकर वापस चला गया। तो वहीं दूसरी ओर लाइन में खड़ी महिला रोगी भी अपनी दवाई के लिए जैसे अंदर कक्ष में पहुंची अस्पताल में मौजूद फार्मेसी ने कहा वही बात तो दोहराई पर्चे पर छपे हुए रुपए को मत देखो यह पुराना है। पैसे पूरे नहीं होने की वजह से उसे आधी ही दवाई दी और कहा कि अगर जल्दी ठीक होना चाहिए तो यह दवाई ले लीजिए लिख दी है। अस्पताल के नजदीक जो मेडिकल है वहां से लाकर मुझे एक बार दिखा देना। अस्पताल में मौजूद काफी मरीज का एक ही कहना था कि हम लोग गांव से आते हैं पर अस्पताल में डॉक्टर नहीं मिलते फार्मेसी द्वारा ही आरोग्य मंदिर की देख-रेख हो रही है। मरीज का कहना है कि इन पर केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा तत्काल रूप से जांच होनी चाहिए।

## उन्नत जल प्रबंधन तकनीकों को विकसित करने का आह्वान

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टिट्यूट प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने कृषि क्षेत्र के सामने आने वाली कठिन समस्याओं को हल करने के लिए सबसे आधुनिक और उन्नत जल प्रबंधन तकनीकों को विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने आगे जल उत्पादकता बढ़ाने और कार्बन पदचिह्न को कम करने और हमारे देश के जल संसाधन परिदृश्य का पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता के लिए वैज्ञानिकों के विवेकपूर्ण जल प्रबंधन की भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कृष्णा इंस्टिट्यूट के चेयरमैन मनोज कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया।

# जल संरक्षण दिवस पर बच्चों को किया जागरूक

## जल संरक्षण का महत्व और तरीका बताया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** जल ही जीवन है, जल है तो कल है ये नारा आपने सुना होगा। लेकिन ये सिर्फ नारा मात्र नहीं है, बल्कि सच्चाई भी यही है। दुनिया में सिर्फ तीन फीसदी से कम ताजे पानी के स्त्रोत हैं और यह आंकड़ा कम ही होता जा रहा है।

तेजी से जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण, कृषि उद्योग और ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में पानी की बढ़ती जरूरत के कारण जल की मांग बढ़ती जा रही है। हालांकि जलवायु परिवर्तन, वर्षा के बदलने के पैटर्न और मौसम संबंधित घटनाओं के कारण पानी की कमी भी बढ़ रही है। विश्व पानी के संकट से जूझ रहा है। इसके कारण भविष्य खतरे में पड़ सकता है। विश्व जल दिवस हर साल 22 मार्च को मनाया जाता है। दुनिया जहां 70 फीसदी जल से घिरी है वहीं, पीने योग्य ताजा पानी महज तीन फीसदी ही है। वहीं जनसंख्या वृद्धि, बढ़ता शहरीकरण और विकास के लिए तेजी से बढ़ रही फैक्ट्रियों के कारण जल के स्त्रोत प्रभावित हो रहे हैं। व्यक्तिगत तौर पर भी लोग पानी को बर्बादी कर रहे हैं। इससे स्वच्छ जल की मांग बढ़ रही है और पूर्ति बाधित हो रही है।

जल प्रदूषण रोकने, जल के महत्व को समझाने और जल संरक्षण के उद्देश्य से हर साल वैश्विक स्तर पर जल दिवस मनाया जाता है। शनिवार को वन विभाग के रेंजर गोविंद गंगवार ने विश्व जल संरक्षण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सत्तोनगली के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि पानी को बर्बाद होने से बचाकर कई समस्याओं का समाधान तलाशा जाता है। परिवारों को भी जल को पानी बचाने को लेकर जागरूक होने की जरूरत है। जल संरक्षण की शुरुआत घर से करें। उन्हें पानी की जरूरत के बारे में बताते हुए बचाने के तरीकों को समझाएं। आस पड़ोस के लोगों, दोस्तों, रिश्तेदारों और करीबियों को भी जल संरक्षण का महत्व और तरीका बताएं।

इस मौके पर वन विभाग के रेंजर गोविंद राम गंगवार सिंह, डिप्टी रेंजर विजय भारत सिंह, पूर्व प्रधान प्रभात कुमार, ग्रामीण सनसनी के जिला प्रभारी आकाश तोमर, तेजपाल सिंह, दीपा सैनी, सहायक अध्यापक रश्मि देवी, ममता देवी, नरेश कुमार, हरीश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### रिजा रहमान ने रखा पहला रोजा



**स्योहारा।** रमजान के मुबारक महीने में अल्लाह की इबादत के लिए बच्चें भी रोजा रख कर अपने रब को राजी कर रहे हैं। उन्होंने सभी से नर्म दिली के साथ पेश आने को कहा। रमजान का खास ख्याल रखें और आखिरी अशरे में मगफिरा और गुनाहों की माफी कसरत से करें। मौहल्ला मिलकियान निवासी डा. नफीस अहमद की 11 वर्षीय पुत्री रीजा रहमान ने पहला रोजा रखा। इस मौके पर खुद्दस लॉन में एक विशाल इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर उलेमाओं ने कहा कि हम लोगों को रोजेदार का ख्याल रखना चाहिए और रोजे का एहतमाम करना चाहिए। रमजान का आखिरी अशरा चल रहा है, इसलिए गुनाहों की जमकर माफी मागें। यह महीना बरकतों, रहमतों और गुनाहों से माफी का महीना है। इसलिए बुराईयों को हमेशा के लिए छोड़ कर सच्चाई और अच्छाई वाले रास्ते पर चलों। उन्होंने कहा कि इस्लाम एक ऐसा मजहब है जो सभी के साथ नर्म दिली की बात करता है। इस मौके पर मौलाना कामिल अंसारी, हाजी अनवर जमाल, मुफ्ती सदाकत, सभासद खुर्शीद अहमद, हाफिज शमशाद, ग्राम कासिम अंसारी, असलम अहमद, मा. अफजाल अहमद, मोहम्मद अली, गुड्डू मुबारक, डा.मोहम्मद तफ्फजुल, रियाज उर्फ प्रिंस, गायस कादरी, मोहम्मद शान, परवेज अहमद, मुमताज अहमद, विशाल अहमद, शमशाद अंसारी, राजा मेंबर, डा.इमरान, डा. अकरम, डा.अब्बासी, भूरे मेंबर, यामीन प्रधान, कासिम हाई, जुबैर जैदी, अच्छन अहमद आदि ने शिरकत की।

### विद्युत बकाया वसूली के लिए तीन टीमें गठित

**नहटौर।** नहटौर क्षेत्र के अंतर्गत चार विद्युत उपकेंद्र के उपभोक्ताओं से 31 मार्च तक करीब साढ़े छह करोड़ रुपए की वसूली के सापेक्ष में साढे तीन करोड़ की वसूली हो पाई। नहटौर विद्युत उपकेंद्र से संबंधित उपभोगताओ से शेष वसूली के लिए विद्युत विभाग ने तीन टीम बनाई है। जानकारी के अनुसार नहटौर, खंडसाल, बसावनपुर, कादीपुरा के विद्युत उपभोक्ताओं पर साढे छह करोड़ की बकाया थी, जिसके सापेक्ष में साढे तीन करोड़ की वसूली हो पाई। नहटौर पर करीब दो करोड़ की बकाया होने पर एसडीओ विवेक विश्वकर्मा ने बताया कि आठ दिन का समय शेष है।दो करोड़ की बकाया में तीन हजार बकाएदार दस हजार से ऊपर के है। जिनसे वसूली के लिए तीन टीमे बनाई गई है। प्रत्येक टीम में तीन सदस्य रहेंगे। जो घर घर जाकर वसूली कर रहे है। 31 मार्च तक चारो उपकेंद्रों पर बकाया वसूली जमा करने के लिए उपभोक्ताओं से अपील की गई है। जमा न करने पर उनके कनेक्शन विच्छेदन करने की कार्रवाई की जाएंगी।

### भाभी पर हमले का आरोपी देवर गिरफ्तार



**नांगल सोती।** शुक्रवार की शाम नांगल सोती में देवर द्वारा भाभी पर धारदार हथियार से हमला करने की घटना चर्चा का विषय बनी रही। बताया जा रहा है घायल महिला दीपा रसोई में चाय बना रही थी तभी अचानक उसका देवर संजय पहुंचा और महिला के पीछे से धारदार हथियार से हमला कर दिया। महिला के हाथ, पैर और सिर पर वार किए गए। महिला का शोर सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को देखकर महिला का देवर वहां से भाग गया। जिस समय घटना हुई, उस समय महिला का पति शांति जंगल गया हुआ था। लोगों से सूचना मिलने पर पहुंचे महिला के पति ने उसे बिजनौर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर महिला के बयान दर्ज किए। महिला के पति की तहरीर पर देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष संजय तोमर ने बताया कि महिला के बयान लिए गए हैं और हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### भव्य कलश यात्रा निकाली



**रेहड़।** कस्बे में शनिवार सुबह महिलाओं ने म्यूजिक सिस्टम, ढ़ोल व बैंड बाजे के साथ पीपलवाले शिव मंदिर से प्राचीन कुटी आश्रम तक कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा से पूर्व शिव मंदिर पर पंडित योगेश कुमार शर्मा ने विधि विधान से वरुण देवता और महादेव का पूजन किया। इसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने फीता काटकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा का स्वागत किया। सुरक्षा की दृष्टि से कलश यात्रा में पुलिस भी मौजूद रही। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे गादला के प्राचीन कुटी आश्रम पर श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत हुई। 151 महिलाओं ने पीले वस्त्र और कलश धारण कर कलश यात्रा में हिस्सा लिया। यजमान राजेंद्र बिश्नोई ने पत्नी कुसुम देवी के साथ अपने सिर पर श्रीमद् भागवत रखकर कलश यात्रा के साथ पूरे गांव में भ्रमण किया। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल महिलाओं ने मंगल गीत गाए। प्रथम दिन की कथा में कथा व्यास आकाश कृष्ण शास्त्री ने श्रीमद् भागवत कथा का महत्व समझाया और कहा कि भागवत पुराण 18 पुराणों में श्री वेदव्यास जी महाराज द्वारा रचित अंतिम रचना है। इस दौरान कुटी आश्रम के महंत शंभूदास जी महाराज, शुभम कुमार वर्मा, राजेंद्र बिश्नोई, होरी तोमर, गौरव कश्यप, हिमांशु तोमर, मनोज ठाकुर, प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार, उप निरीक्षक राम प्रकाश शर्मा आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सीजेआई का...**

जिसमें चीनी मिल पर फर्जी कर्ज योजना के जरिये बैंक को धोखा देने का आरोप लगाया गया था। बैंक ने आरोप लगाया था कि कंपनी ने किसानों के लिए जारी किए गए 97.85 करोड़ रुपये के कर्ज का दुरुपयोग किया और धनराशि का उपयोग अन्य मकसद के लए किया। मई, 2015 तक इस घोटाले को संभावित धोखाधड़ी मानते हुए आरबीआई को रिपोर्ट कर दिया गया था। हालांकि जांच धीमी होती चली गई और कोई ठोस कदम केंद्रीय एजेंसी द्वारा नहीं उठाया गया। दिसम्बर, 2023 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सीबीआई को रुकी हुई जांच फिर से शुरू करने का आदेश दिया। हालांकि इससे पहले कि बात आगे बढ़ पाती, सुप्रीम कोर्ट ने मार्च, 2024 में निर्देश को पलट दिया। इससे सीबीआई की शुरुआती जांच (पीई) को तत्काल बंद कर दिया गया। इससे सिंभावली शुगर्स और उसके निदेशकों से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं की किसी भी जांच को प्रभावी रूप से समाप्त कर दिया गया। सात साल पुराने मामले के तथ्यों के मुताबिक बैंक की शिकायत के अनुसार, जनवरी से मार्च 2012 के बीच, ओबीसी की हापुड़ शाखा ने 5,762 किसानों को खाद और बीज खरीदने में मदद करने के लिए 148.59 करोड़ रुपये वितरित किए गए थे। समझौते के तहत, किसानों के व्यक्तिगत खातों में वितरित किए जाने से पहले धनराशि को एस्क्रो खाते में स्थानांतरित किया जाना था। सिंभावली शुगर मिल्स ने कर्ज चुकाने और किसानों द्वारा किसी भी चूक या पहचान धोखाधड़ी को कवर करने की गारंटी दी थी। हालिया मामले में रिपोर्ट मिलने के बाद अब सुप्रीम कोर्ट का कॉलेजियम उसकी पड़ताल करेगा और फिर इस मामले में आगे कदम बढ़ा सकता है।

दरअसल, 14 मार्च को होली की रात करीब 11:35 बजे न्यायमूर्ति वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आवास में आग लगने के बाद दमकल कर्मी आग बुझाने पहुंचे थे। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान वहां कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी मिली थी। सर्वोच्च अदालत ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आंतरिक जांच शुरू की है और उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट स्थानांतरित करने का प्रस्ताव भी है, जो दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की ओर से ही दिया गया है। सर्वोच्च अदालत के मुताबिक सूचना प्राप्त होने पर न्यायमूर्ति उपाध्याय ने साक्ष्य और सूचना एकत्रित करने के लिए आंतरिक जांच प्रक्रिया शुरू कर दी। न्यायमूर्ति उपाध्याय ने 20 मार्च को कॉलेजियम की बैठक से पहले ही जांच शुरू कर दी थी। साथ ही आधिकारिक बयान में साफ किया गया कि न्यायमूर्ति वर्मा के तबादले के प्रस्ताव की पड़ताल 20 मार्च को प्रधान न्यायाधीश और चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने की थी और उसके बाद न्यायमूर्ति वर्मा के अलावा संबंधित हाईकोर्ट (दिल्ली-इलाहाबाद) के मुख्य न्यायाधीशों को पत्र भेजे गए थे। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि प्राप्त प्रतिक्रियाओं की पड़ताल की जाएगी और उसके बाद कॉलेजियम एक प्रस्ताव पारित करेगा। अब जबकि हाईकोर्ट रिपोर्ट सीजेआई को सौंप चुका है, तो यह माना जा रहा है कि सोमवार के दिन इस पर सर्वोच्च अदालत का कॉलेजियम विचार कर प्रस्ताव जारी कर सकता है। देखना ये है कि सर्वोच्च अदालत 2018 के मामले की तरह इस बार न्यायमूर्ति वर्मा के पक्ष में रहता है या फिर उनके खिलाफ प्रस्ताव पारित करता है

**भ्रष्टाचार, अतिक्रमण...**

ने भाजपा को आशीर्वाद देकर फिर से राज सौंप दिया। रैणी, सिल्क्यारा, केदार घाटी से लेकर हालिया माणा की आपदा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि संकट के समय पीछे रहकर काम नहीं किया जाता। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 में जिस विकसित भारत का संकल्प लिया है, उसमें अपनी भूमिका निभाने के लिए उत्तराखंड पूरी सामर्थ्य से काम कर रहा है। यूसीसी, भू-कानून, नकल विरोधी जैसे कानूनों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार महत्वपूर्ण मसलों को ठंडे बस्ते में डालने में यकीन नहीं करती। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए 30 फीसदी आरक्षण समेत लखपति दीदी जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन से मातृ शक्ति के कल्याण के लिए ठोस कदम आगे बढ़ाए गए हैं। आंदोलनकारियों के लिए दस फीसदी क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था की गई है। प्रवासी उत्तराखंडियों के सम्मेलन के माध्यम से प्रवासियों को राज्य के साथ जोड़ा गया।। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में राज्य का पूरे देश में 13 वां स्थान पर आना सुखद संकेत है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हो या जी-20 बैठकों का आयोजन उत्तराखंड को इन आयोजनों से दूरगामी लाभ मिला है। सतत विकास लक्ष्यों के इंडेक्स में देश में पहला स्थान महत्वपूर्ण उपलब्धि रहा है। उन्होंने कहा कि रजत जयंती वर्ष में राज्य का सालाना बजट एक लाख करोड़ को पार कर जाना बताता है कि चुनौतियों के बावजूद हम सही राह पर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2027 में कुंभ और इसके बाद नंदा राजजात का भी जिक्र किया और कहा कि सरकार इसके लिए तैयारी कर रही है। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से जुड़ी सफलता की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने चारधाम यात्रा, शीतकालीन यात्रा समेत राज्य के कई स्थानों पर पहुंचकर पर्यटन विकास में अभूतपूर्व योगदान किया। इस अवसर पर विधायक खजान दास, महंत दिलीप रावत, राजकुमार पोरी और महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

## पोक्सो व त्वरित न्यायालयों में तीन लाख से अधिक मामलों में निपटारा

**नई दिल्ली।** बच्चों को यौन शोषण और यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए देश में 404 पोक्सो अदालतों सहित 754 त्वरित अदालतें कर रही हैं, जिन्होंने तीन लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की संसद में पेश एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। न्याय विभाग दुष्कर्म और पोक्सो से संबंधित मामलों की त्वरित सुनवाई और निपटान के लिए विशेष पोक्सो अदालतों सहित त्वरित विशेष न्यायालयों (एफटीएससी) की स्थापना की योजना लागू कर रहा है। उच्च न्यायालयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 जनवरी 2025 तक, 30 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में 404 विशेष पोक्सो अदालतों सहित 754 त्वरित न्यायालय कार्यरत हैं, जिन्होंने 3,06,000 से अधिक मामलों का निपटारा किया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale







शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद

22वां रोजा वक्त इफ्तार 23 मार्च शाम 6:33
23वां रोजा वक्त सहरी 24 मार्च सुबह 4:52

रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं
नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा

# मकसूद अहमद ठेकेदार ने कराया रोजा इफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला रहमान चौक खंदक पर समाजसेवी मकसूद अहमद ठेकेदार की तरफ से रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।

### हिन्दू-मुसलमान की भाईचारे की मिसाल देखने को मिली



रोजा इफ्तार पार्टी में हजारों की तादाद में हिन्दू-मुसलमान रोजा इफ्तार में शामिल हुए। मकसूद अंसारी की रोजा इफ्तार पार्टी में हिन्दू-मुसलमान की भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। जहां पर सभी धर्मों के लोगों ने एक साथ बैठ कर रोजा इफ्तार किया। इस मौके पर सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने कहा है कि रमजान का पाक महीना पवित्र महीना है। रमजान का महीना बड़ा ही अकीदत का महीना है। इस महीने का सभी को सम्मान करना चाहिए। रोजा इफ्तार पार्टी में सभी भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। रमजान का पवित्र महीना इंसानियत का संदेश देता है। इस महीने में अल्लाह ताला से अपने गुनाहों की माफी मांगनी चाहिए। मकसूद ठेकेदार ने कहा कि रमजान के पाक महीने में रोजा इफ्तार कराने से दिल को सुकून मिलता है। अल्लाह ताला रोजा इफ्तार की बरकत से गुनाहगारों के सभी गुनाहों को माफ कर देता है। इसलिए इस महीने में गरीबों का ख्याल रखना चाहिए। उनकी जितनी भी हो सकें मदद करनी चाहिए। गरीबों की मदद करने से अल्लाह ताला भी अपने बंदों की मदद करता है।

इस मौके पर सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी, समाजसेवी मकसूद अहमद ठेकेदार, जिला पंचायत सदस्य इमरान भैया, जमील अहमद एड., डॉ. अरुण अग्रवाल, मनोज कुमार, नईम अहमद एड., सरफराज सिद्दीकी, मदन सिंह सैनी, डॉ. अनीस अहमद अंसारी, सरदार कमलजीत सिंह नूर, डॉ. फहीमुद्दीन अंसारी, मतलूब अंसारी, निजाम फारुकी, विरेन्द्र शर्मा, जाहिद, शमीम अंसारी, सरदार सतेन्द्र सिंह, गुजराल, शाहिद अहमद, कासिम सिद्दीकी, डॉ. निसार अहमद, डॉ. शौकत अली, अबरार मलिक, वरिष्ठ सपा नेता, सुनील गुर्जर, विधानसभा अध्यक्ष नसीम अहमद इदरिसी, विरेन्द्र यादव, नवेद अंसारी, नईम अंसारी आदि हजारों लोग मौजूद थे।

# शेख जमशेद ने कराया रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मौहल्ला शाहजहीर निवासी युवा ठेकेदार शेख जमशेद ने अपने आवास पर रोजा इफ्तार कराया। इफ्तारी में तमाम शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

प्राप्त समाचार के अनुसार शुक्रवार की शाम आयोजित रोजा इफ्तार दावत में जिला अध्यक्ष चेयरमैन संघ शेख शाहनवाज खलील, अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार सक्सेना, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक धीरज राय वर्मा, गौरव गोयल, रोहित कुमार, यामीन अंसारी उर्फ मिन्ना, शहर मुफ्ती अवैस अकरम, मौलाना निसार, अतीक अहमद भारती, शाहजहां रशीद उर्फ चांद, आबिद निसार, नूर मौहम्मद सभासद, मुस्तकीम अहमद पूर्व सभासद, सय्यद आसीफ अली,

### शहर के गणमान्य लोग रहे मौजूद

एजाज अहमद, जुबैर अहमद जैदी, शेख शद्दन, शेख राशिद, शेख खुर्शीद ठेकेदार, अंजार सैफी, अभिषेक मिश्रा एड., परवेज आदिल, बहार शम्सी, आशु मुनीम, मुनीर अहमद, मुअज्जम रियाजी, परवेज रियाजी, तंजील अहमद, गोहर अली, रईस अहमद, मौहम्मद फैसल, शमीम अहमद, मुजीबुर्रेहमान उर्फ भूरे, यावर अहमद, आलमगीर खलीफा, राशिद उस्मानी, गुड्डू अंसारी, महराज आर्यन, अफजाल अहमद पूर्व सभासद, आमिर शबाहत, आदिल भारती, मौहम्मद आमिर, तफसीर अहमद गुड्डे, शहराज खलील, जुनैद कुरैशी सभासद पति, सिद्दीकी मुल्तानी सभासद पति, डॉ. खालिद परवेज, अब्दुल रऊफ उर्फ बाबू पूर्व सभासद, जाहिद उर्फ जद्दू, फारुक मामा, नईम एड., अकबर कुरैशी, सत्यम कुमार, आदित्य सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# किसान संगठन की शिकायत पर मिट्टी खनन का काम बंद

**नजीबाबाद।** विगत दिनों पूर्व भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के पदाधिकारियों ने पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड-6 के अधिशासी अभियंता त्रिलोकचंद को शिकायती पत्र देकर नहर की पटरी से होकर हाईवे द्वारा अवैध मिट्टी का भरान किए जाने की शिकायत की थी। जिससे नहर की दायी पटरी पर बनी सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी। यह सड़क ग्राम इस्सेपुर से होते हुए ग्राम मौहम्मद अलीपुर परमावाला को जाती है। किसानों की शिकायत के बाद अधिशासी अभियंता ने जिला खनन अधिकारी, एसडीएम एवं तहसीलदार नजीबाबाद को उक्त ओवरलोड मिट्टी से भरे अवैध खनन को रोके जाने को पत्र लिखा था। जिसके बाद उक्त अवैध खनन का काम रूक गया है।

# श्री बालाजी कीर्तन मंडल की बैठक संपन्न

**हल्दौर।** श्री बालाजी कीर्तन मंडल की एक बैठक मौहल्ला रहीसान में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कमेटी अध्यक्ष रमेश सिंह चौहान एवं संचालन वैद्य संदीप दुबे ने किया। बैठक में 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। बैठक में 12 अप्रैल को प्रात: बालाजी मंदिर पोखर बाजार में हवन एवं यज्ञ, पूजा के बाद वहीं पर भंडारा, दोपहर को एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। जो आर्यसमाज मंदिर के निकट से प्रारंभ होकर वहीं पर समाप्त होगी एवं रात्रि को बालाजी मंदिर पर विशाल कीर्तन का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में मास्टर जितेंद्र शर्मा, पुनीत शर्मा पुन्नी, संदीप दुबे, रमेश मुंशी, करण सिंह, अशोक कुमार, सुरेंद्र सिंह, नीटू, महिपाल सिंह, प्रदीप रस्तौगी, रामा रस्तौगी, मदन वर्मा, संजय वशिष्ठ, डॉ. प्रदीप दुबे आदि ने भाग लिया।

रमजान की हार्दिक बधाई
अरूण कुमार वर्मा
प्रदेश उपाध्यक्ष
उद्योग व्यापार मण्डल
भाजपा नेता, स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/
प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग
व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व
स्पोर्ट्स, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी
चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत
मण्डावर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
शेख
शाहनवाज
खलील
युवा समाजसेवी, नगीना
जिलाध्यक्ष- स्थानीय
निकाय अध्यक्ष संघ
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
रागिब हुसैन
शहजादा
वरिष्ठ समाजसेवी
नगर पंचायत, झालू

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति
के वाइस चेयरमैन
नहटौर

रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर

समाजवादी पार्टी जिंदाबाद
मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
विधायक नगीना
व पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार
काजी सुहैल इकबाल
नगराध्यक्ष सपा नगीना
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. खुर्शीद मंसूरी
चेयरमैन
अनूप कुमार रावत
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत, साहनपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर

मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ
शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान
समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर

रमजान माह की बधाई
शेख जाकिर हुसैन
जिला अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जिला-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली
जौहर हायर एजुकेशन
इंस्टीट्यूट, किरतपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
शमीम अख्तर
उपाध्यक्ष-अल्पसंख्यक
वेलफेयर सोसायटी
कोतवाली देहात

# मीट की गाड़ियों को लेकर हंगामा

## हिंदुवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को घेरा





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज प्रात: यहां मीट की तीन गाड़ियों को लेकर काफी बवाल हुआ। भाजपा व हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं का आरोप था कि गाड़ियों में प्रतिबंधित पशुओं का मीट है। इस बीच खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जांच उपरांत दो गाड़ियों को छोड़ दिए जाने से हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं में और उबाल आ गया। उन्होंने घंटों हंगामा किया। पुलिस ने उन्हें समझाने का बहुत प्रयास किया, लेकिन उत्तेजित कार्यकर्ता शांत होने का नाम नहीं ले रहे थे। कई घंटे बाद मीट की एक गाड़ी को थाने ले जाने और मीट नष्ट कराने के बाद कार्यकर्ता किसी तरह शांत हुए। इस बीच मीट के अलग-अलग नमूने लिये गये।

प्राप्त समाचार के अनुसार रोज की तरह सुबह भी फैक्ट्रियों से मीट लेकर गाड़ियां जिले में दुकानदारों को सप्लाई करने जा रही थीं। रावली रोड पर ग्राम तिमरपुर के पास सेल्सटैक्स वालों ने तीन गाड़ियों को रोक लिया। बताया जाता है कि उक्त गाड़ियों को कागज आदि चैक कर छोड़ दिया गया। इस बीच हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं को गाड़ियों में प्रतिबंधित पशुओं के मीट होने की सूचना मिली, जिस पर कार्यकर्ता इकट्ठा होकर वहां पहुंचे और तीनों गाड़ियों को घेर लिया। हंगामा बढ़ता देख पुलिस मौके पर पहुंची और कार्यकर्ताओं को शांत करने का प्रयास किया। आरोप है कि इस बीच मौके पर पहुंचे खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुपम ने तीन गाड़ियों में से दो को चैक कर छोड़ दिया, जिस पर हिंदूवादी संगठनों के लोग भड़क गए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी का घेराव कर लिया।

भाजपा व हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मीट की गाड़ियों को लेकर जबरदस्त हंगामा किया। कार्यकर्ता खाद्य सुरक्षा अधिकारी की गाड़ी के आगे बैठ गये। उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग पर मीट कारोबारियों के साथ मिली भगत का सीधा आरोप लगाया। उत्तेजित कार्यकर्ताओं का आरोप था कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने साठगांठ कर गाड़ियों को छोड़ा है। उनकी मिली भगत से ही प्रतिबंधित पशुओं के मीट का कारोबार हो रहा है। कार्यकर्ताओं की खाद्य सुरक्षा अधिक. ारी से देर तक तीखी नोकझोंक हुई। कई घंटे हंगामा होने के बावजूद पुलिस मीट की एक गाड़ी को थाने ले गई। बाद में गाड़ी में मौजूद मीट को पुलिस ने नष्ट करा दिया।

इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, सभासद राजवी सिंह, दीपक गर्ग मोनू, महेंद्र चौधरी, नीरज विश्नोई, शेखर चौधरी, अरूण अग्रवाल, राजीव सिंह, अनुराग मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

### तीन नमूने लिए गए

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुपम ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि तीनों गाड़ियों से मीट के नमूने लिए गए हैं। नमूने लेने के बाद दो गाड़ियों को छोड़ दिया गया था। तीसरी गाड़ी से मीट का नमूना लेने के बाद पाया गया कि गाड़ी में मौजूद मीट ए.सी. न चलने के कारण बदबू मारने लगा है। उक्त गाड़ी का मीट नष्ट करा दिया गया है।

### जिले भर में चलाया जा रहा अभियान

अभिहित अधिकारी नादिर अली ने बताया कि त्यौहार के मद्देनजर जिले भर में अभियान चलाया जा रहा है। कहीं भी दूषित मीट व अन्य सामान नहीं बेचने दिया जायेगा। विभाग की टीमें जगह-जगह घूमकर मीट व अन्य वस्तुओं के नमूने ले रही हैं।

## एक नजर

### इफ्तार पार्टी में मांगी अमन चैन की दुआ



**नगीना।** मौहल्ला मुस्लिम कटेरा निवासी एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मास्टर मौहम्मद नफीस कुरैशी द्वारा सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में रोजेदारों के साथ विधायक नगीना व पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश मनोज पारस ने मौहल्ला नालबन्दान नगीना में मरहूम कौसर अब्बास जैदी के हॉल में शिरकत की। इस मौके पर नगीना विधायक मनोज पारस ने कहा कि रमजान का पवित्र माह है, जिसमें रोजेदार सहनशीलता का परिचय देते हैं जिससे मानवता की सीख मिलती है। उन्होंने कहा कि रमजान माह में रोजेदारों का मन और मस्तिष्क पवित्र रहता है। इस मौके पर आए हुए सभी रोजेदारों, मुस्लिम धर्मगुरुओं, शहर के संभ्रांत नागरिक और पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने देश - प्रदेश और मुख्य रूप से अपनी विधानसभा क्षेत्र में भाईचारा और अमन चौन की दुआ मांगी। इस मौके पर जयप्रकाश चंदेल प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी, बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी उत्तर प्रदेश, राम दयाल भारत गैस एजेंसी वाले, काकू अंसारी, मास्टर धर्मवीर सिंह ब्लॉक ऑडिटर, चौधरी चंद्रवीर सिंह, सुधीर राठी, रमेश सिंह, शिव कुमार गोस्वामी आदि सहित पार्टी के पदाधिकारीगण सहित वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### ग्राम प्रधान ने कराई इफ्तार



**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला में ग्राम प्रधान द्वारा दी इफ्तार पार्टी मे रोजेदारों की भीड़ जुटी। रमजान मुबारक का आखिरी सप्ताह चल रहा है। वही अब अफ्तार पार्टी का भी दौर शुरू हो गया है। ग्राम प्रधान वहीदुर रहमान ने आज अपने निवास पर इफ्तार पार्टी का आयोजन कराया, जिसमें भारी संख्या मे रोजेदारों ने भाग लिया और इफ्तार की। इस अवसर पर सईदुर्रहमान, वहीदुर्रहमान, दिलशाद अहमद ,अकील अहमद, शुजाउद्दीन अंसारी, जमशेद अहमद, जावेद अरशद आदि मौजूद रहे।

### एएसपी ने सुनीं जन समस्याएं



**नगीना।** शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद बिजनौर विनय कुमार सिंह ने जन समस्याएं सुनी। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर आई सभी शिकायतों को समयबद्ध गुणवत्तापूर्वक निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस में एसपी आर ए विनय कुमार सिंह और कोतवाली प्रभारी तेजपाल सिंह ने संयुक्त रूप से जन समस्याएं सुनी। इस मौके पर अनेक मामलों को लेकर शिकायतें आई। जिस पर पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इसके अलावा राजस्व विभाग, पुलिस विभाग आदि से संबंधित कई शिकायतें आई, जिन्हें निस्तारण का आश्वासन दिया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एसएस आई दीपक कुमार, एसआई सर्वेज खान, एस आई सुभाष तोमर आदि के अलावा मुख्य रूप से कानूनगो, लेखपाल आदि सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### कृष्णा में पोस्टर प्रतियोगिता

**बिजनौर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर कृष्णा कालेज बिजनौर में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, प्रबंध निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान व प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने माँ सरस्वती के चरणों मे पुष्प अर्पित करके किया। जल ही जीवन है जल है तो कल है यह नारा तो आपने सुना ही होगा लेकिन यह सिर्फ नारा मात्र नहीं है बल्कि सच्चाई भी है दुनिया में सिर्फ तीन॰ीसदी से कम ताजा पानी के स्रोत हैं और यह आंकड़ा तेजी से कम होता जा रहा है।

## बस स्टैंड पर सरकारी कर्मचारी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** उत्तर प्रदेश विधानसभा लखनऊ में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों व विमुक्त जातियों संबंधी सयुक्त समिति में परिवहन विभाग की बैठक में विधायक नगीना मनोज पारस द्वारा बैठक में अपनी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को पूर्ण करने हेतु सभापति से निर्देश देने का अनुरोध किया, जिसमें सभापति ने उपरोक्त कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने नगीना रोडवेज बस स्टेशन पर एक परमानेंट कोई कर्मचारी नहीं है, उसकी नियुक्ति के लिए कहा जिससे कि वह सभी बसों का आगमन देखे और नगीना रूट की सारी बसें नगीना रोडवेज बस स्टेशन से होकर के गुजरे इसके लिए एक परमानेंट कर्मचारी की नियुक्ति होनी चाहिए। डंपर, ट्रक आदि के ओवरलोड होने की वजह से ग्रामीण सड़क टूट जाती हैं। उस ओवरलोड की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने चाहिए जिससे सड़कों की लाइफ बढ़ सके। विधानसभा क्षेत्र में नगीना से बिजनौर के लिए पांच अतिरिक्त बसें चलाने हेतु के लिए कहा गया। नगीना या धामपुर डिपो से कोटद्वार तक 2 बसें चलाने के लिए कहा गया। उत्तर प्रदेश परिवहन की बसों में से सुबह 5:00 बजे एवं 1 घंटे के उपरांत 6:00 बजे से नगीना या धामपुर डिपो से ऋषिकेश तक दो बसें चलाने के लिए कहा गया।

नगीना सहकारी कताई मिल की जमीन पर डिपो, वर्कशॉप एवं बस स्टेशन बनाए जाने की लिए भी कहा गया। किरतपुर कस्बे एवं आसपास के लोगों की परेशानी को देखते हुए किरतपुर में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का बस स्टेशन स्वीकृत कर निर्माण कराने के लिए कहा गया।

## प्राथमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया

### बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** प्राथमिक विद्यालय दारानगर में विद्यालय का वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय की संपूर्ण प्रगति के ऊपर मंथन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान वीरेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि एवं डॉ. अतीक दानिश एआरपी, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों एवं अन्य अभिभावकों ने भी प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में का शुभारंभ माँ सरस्वती वंदना की सामूहिक प्रस्तुति से किया गया, जिसके बाद अतिथियों के स्वागत हेतु विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रधानाध्यापक डॉ. आकाश अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया एवं सभी के समक्ष विद्यालय का प्रगति पत्र प्रस्तुत किया। डॉ. आकाश ने जानकारी दी कि अगले सप्ताह से परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं तो सभी विद्यार्थियों का नियमित विद्यालय आना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने ग्रामवासियों से एक अप्रैल से नवीन सत्र में अधिकाधिक प्रवेश कराने का आव्हान भी किया। वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती प्रीति शर्मा एवं श्रीमती सुचित्रा ने कहा कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। अच्छी शिक्षा से ही देश के विकास में सहयोग मिलता है। अध्यापिका श्रीमती शिवानी राठी एवं श्रीमती संगीता खोखर ने अतिथियों व ग्राम वासियों को विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं जैसे विज्ञान प्रयोगशाला, खगोलीय प्रयोगशाला, किचन शेड, पुस्तकालय, स्मार्ट कक्षाएं आदि की विस्तृत जानकारी दी एवं इनसे होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य रूप से शेरदिल इंडियन डांस, लुंगी डांस, मैया यशोदा एवं चाहे कुछ भी हो जाए मम्मा आदि प्रस्तुत किए गए। शिक्षिका सुश्री फात्मा ने वर्ष भर समय समय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षा श्रीमती शहाना ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय दारानगर के शिक्षक कड़ी मेहनत कर बच्चों का भविष्य संवारने में जुटे हैं। साथ ही विद्यालय प्रबंध समिति का भी पूर्ण सहयोग विद्यालय को निरंतर मिलता रहेगा। पूर्व प्रधान वीरेंद्र शर्मा ने आश्वासन दिया कि नवीन सत्र में शत प्रतिशत बच्चों के प्रवेश विद्यालय में कराने का प्रयास किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि डॉ. अतीक दानिश ने कहा कि नई शिक्षण पद्धतियों के प्रयोग से शिक्षण कार्य को रुचिकर बनाने में सहायता मिलती है।

इस अवसर पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में भाषण प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार के रूप में स्कूल बैग, डॉम की स्कूल किट, पेन, पेंसिल, रंग एवं पुस्तकें आदि भेंट की गई एवं विद्यालय प्रबंध समिति के समस्त सदस्यों को भी उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. आकाश अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद प्रस्तुत किया।

## रामलीला मैदानों का हो सौंदर्यकरण : मनोज पारस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विधानसभा लखनऊ में अनुसूचित जातियों अनुसूचित जन जातियों एवं विमुक्त जातियों की विधानमंडल दल की बैठक में पर्यटन विभाग से संबंधित विभिन्न मुद्दों को नगीना विधायक मनोज पारस ने उठाया।

उन्होंने अपनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरों के रामलीला मैदानो के सौंदर्यकरण जैसे रामलीला मंच, बाउंड्री वॉल, बाथरूम, टाइल्स, पीने का पानी, हाई मास्क लाइट, आदि सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु समिति की कार्यवाही में अपना प्रस्ताव रखा।

उन्होंने किसी भी प्रदेश में किसी भी मार्ग पर ढाबा, होटल, रिसोर्ट, बनाने हेतु अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को दिए जाने वाली सब्सिडी 30% से बढ़ाकर 50% तक करने का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा अल्पसंख्यक समाज के व्यक्तियों की अपना रोजगार करने की प्रबल इच्छा को देखते हुए परंतु आर्थिक रूप से कमजोर होने की वजह से उनको भी 25% दी जाने वाली सब्सिडी को 25% से बढ़ाकर 35% से 40% करने का प्रस्ताव विधायक मनोज पारस ने रखा।

उन्होंने कहा कि अमानगढ़ रेंज के पास में अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को आर्थिक रूप से मजबूत करने हेतु पर्यटन विभाग की जमीन आवंटित करें जिसमें कि अनुसूचित जाति के व्यक्ति रिजॉर्ट कैंटीन ढाबा या विभिन्न तरीके की दुकानें बनाकर अपना रोजगार शुरू कर सकें।

अमानगढ़ रेंज में वन विभाग से आशाजनक बैठाकर के एक अच्छा सा गेस्ट हाउस बनाने हेतु और नजीबाबाद में स्थित सुल्ताना डाकू के किले का जिर्णोद्धार कर पर्यटन स्थल बनाने की मांग की।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत, शव पीएम को भेजा



**अफजलगढ़।** अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। मौकेपर पंहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। वहीं मृतक की पहचान नही हो पाई।

शनिवार की देर रात अफजलगढ़ धामपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 74 पर गांव आलमपुर के समीप एक अधेड़ व्यक्ति के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पंहुची पुलिस ने गंभीर अवस्था के चलते अधेड़ व्यक्ति को अफजलगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की आयु करीब पचास वर्ष है किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पुलिस मृतक की काफी देर शिनाख्त कराने का प्रयास किया तथा मृतक के शव को कब्जे में।लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। वहीं पुलिस के माध्यम से मृतक के फोटो शोशल मीडिया पर फोटो वायरल कर उसकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

# आम के हरे-भरे बाग को काटने की फिराक में माफिया

## बाग के अंदर कालोनाइजरों ने कच्ची सड़के बिछाना किया शुरू, कुछ कदमों की दूरी पर पुलिस चौकी






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** योगी सरकार में जहां माफिया गिरी खत्म होती दिख रही है। वहीं वन माफियाओं का जनाधार बढ़ता ही जा रहा है। वन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही होने के बाद भी माफिया आम के पेड़ काटने से बाज नहीं आ रहे है।

बिजनौर जिले का कस्बा मंडावर आम की फसल से जाना जाता है। मंडावर के चारों ओर आम के हरे भरे फलदार बड़े बड़े बाग है, जिसका आम दूर दूर तक जाता है लेकिन उसी मंडावर में माफियाओं द्वारा आधे से ज्यादा आम के बागों को काट दिया गया है और वहां कॉलोनियां काट दी गई है। अगर आम के बागों को ऐसा ही काटा गया तो कुछ ही दिनों में सिर्फ नाम ही रहा जाएगा और मंडावर में आम का एक पत्ता भी देखने को नहीं मिलेगा।

ऐसा ही एक ओर ताजा मामला सामने आ रहा है जहां माफियाओं द्वारा आम के हरे भरे फलदार बाग में कॉलोनी काटनी शुरू कर दी गई है और हरे भरे आम के खड़े बाग के अंदर सड़के डालने का कार्य किया जा रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी से माफियाओं द्वारा रात्रि में किसी भी दिन बाग को काट दिया जाएगा । मंडावर कस्बे की हरिहर पुलिस चौकी से कुछ कदमों की दूरी पर माफियाओं द्वारा आम के हरे भरे फलदार बाग को काटने की फिराक में माफिया लगे हुए है। इस वक्त आम के पेड़ों पर जोरदार मोल आ रहा है। कुछ ही दिनों में आम की फसल सर पर खड़ी है। ऐसे में आम काटना ऐसा है जैसा किसी मनुष्य के बच्चे को काटना। अगर जल्द वन विभाग ना जागा तो आम के सैकड़ों पेड़ों का और नुकसान हो जाएगा। माफिया आंखे बिछाए बैठे हुए हैं। रात्रि में कभी भी आरा चल सकता है। बाग के अंदर कालोनाइजरों ने कच्ची सड़के बिछाना शुरू कर दिया है।

जब इस बारे में डीएफओ ज्ञान सिंह से बात हुई तो उन्होंने बताया कि मंडावर में हमने रेड जॉन घोषित किया हुआ है, अगर माफिया द्वारा आम के पेड़ को छुआ भी तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। हमारी जानकारी में ये प्रकरण नहीं था, अभी आया है जल्द सभी पेड़ों की छपाई कराई जाएगी।

**खालसा इण्टर कालिज नूरपुर ( अल्पसंख्यक ) बिजनौर**

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खालसा इण्टर कालिज (अल्पसंख्यक) नूरपुर बिजनौर की प्रबन्ध समिति की बैठक दिनांक 21.03. 2025 में पारित प्रस्ताव सं. 02 एवं प्रस्ताव सं. 03 के अनुपालन में विद्यालय में स्थित कैन्टीन का आवंटन एवं विद्यालय की बाउन्डी वाल के समीप शीमल का एक एवं लिपटिस के सूखे तने के तीन वृक्षों की नीलामी विद्यालय हित के प्रतिबन्धों के अनुसार विधिवत रूप से दिनांक 26.03.2025 समय दोपहर 1. 00 बजे विद्यालय परिसर में होगी। इच्छुक व्यक्ति नीलामी में प्रतिभाग करें।

**जोगेन्द्र सिंह पोथीवाल**
**( प्रबन्ध समिति अध्यक्ष )**
**खासला इण्टर कालिज**
**नूरपुर बिजनौर।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत अकबरपुर उर्फ सब्दलपुर, विकास खण्ड जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक मीमो / पंचायत मनरेगा 2024 -2025

**अल्पकालीन निविदा**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत अकबरपुर उर्फ सब्दलपुर में बाला देवी के घर से नीटू के घर तक मनरेगा/योजना की धनराशि से सीसी रोड निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2024- 2025 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदाएं दिनांक 26/03/2025 को समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायं 3 बजे पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी । निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 25/03/2025 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

# दिनदहाड़े चोरी करते दो दबोचे

## धौलपूजा कर पुलिस को सौंपा, 27 हजार की नकदी व बाइक बरामद







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा** थाने से महज चंद कंदमो की दूरी पर पीएनबी की बगल में बाइक सवार दो शातिर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया परन्तु दुकानदार की सजगता के चलते शातिर चोरों को मौके से ही पकड़कर पहले उनकी धौलपूजा की गई और उनकी जेब से चोरी किये गए हजारों रुपयों का कैश बरामद कर उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाने से चंद कंदमों की दूरी पर स्थित बस स्टॉप पर ग्राम सिकंदरी निवासी धर्मेंद्र पुत्र हुकुम सिंह की कोक (कोल्ड ड्रिंक) की एजंसी है। दोपहर करीब दो बजे दुकान स्वामी अपनी ही दुकान के सामने सड़क पार मौजूद चाय की दुकान पर चाय पीने गया था। इसी बीच दुकान को खाली देख बिना नम्बर प्लेट की बाइक सवार दो लुटेरे दुकान में घुस गए, जिन्होंने हजारो रुपये की नगदी को अपनी जेब मे भर लिया। जैसे ही दोनों लुटेरे दुकान से बाहर निकले तो दुकान स्वामी भी चाय पीकर इत्तेफाकन मौके पर पहुंच गया। दुकान स्वामी धर्मेंद्र ने दोनों शातिर चोरो को मौके पर ही रंगेहाथों पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दे दी।

थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश कुमार मावी ने बताया कि दोनो शातिर चोरों सुहैल पुत्र ताहिर व अल्तमश पुत्र इलियास निवासी मदीना कालोनी निकट हुसैनी मदरसा थाना सिविल लाइन मुजफ्फरनगर के पास से कुल 27 हजार चार सौ चालीस रुपये व बिना नंबर प्लेट की एक स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों ही शातिर किस्म के चोर है जिन पर पूर्व में भी चोरी के दो-दो, तीन-तीन मुकदमे दर्ज हैं।

# महिलाओं ने की शराब का ठेका हटाने की मांग

## नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** शराब का ठेका हटाने का मुद्दा एक बार फिर गर्मा गया है, जिसके चलते सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं ने प्रदर्शन कर सरकारी देशी शराब का ठेका हटवाने के लिए एसडीएम को संबोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौपा।

थाना क्षेत्र के ग्राम कालाखेड़ी की सैकड़ों महिलाएं नारेबाजी के साथ प्रदर्शन करती हुई एसडीएम कार्यालय पहुंची और गांव से सरकारी देसी शराब की दुकान ठेका हटवाने की मांग की। शराब का ठेका हटाए जाने संबंधी एक ज्ञापन एसडीएम की गैरमौजूदगी में नायब तहसीलदार बढ़ापुर राजकुमार सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले 10 वर्षों से गांव के मुख्य मार्ग पर सरकारी देसी शराब की दुकान ठेका चल रहा है जहां सुबह 10 बजे से लेकर देर रात तक शराबियों का जमघट लगा रहता है और आपस में एक दूसरे को गंदी-गंदी गालियां देते रहने के साथ-साथ आपस में लड़ाई झगड़ा भी करते रहते हैं। शराब की दुकान के सामने से ग्रामीण विशेष कर स्कूल आने जाने वाले छात्र-छात्राओं और महिलाओं का निकलना दूभर हो रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम वासियों द्वारा इस शराब की दुकान को हटवाने के लिए कई बार प्रयास किये गये लेकिन ठेकेदार की हठधर्मिता के चलते दुकान नहीं हट सकी, जबकि शराब की दुकान से यहां हर समय अशांति का माहौल बना रहता है।

ज्ञापन देने वालों में लज्जावती, रेनू, पिंकी, कलो देवी, रिंकी कौर, सीमा देवी, कामिनी रेखा, पूनम राधा, कविता, सरोज रीता, बबीता, संगीता, हरि सिंह, मुनीश कुमार, इंदल सिंह, सूरज, उपासना, सुरेश, दिव्या, मुन्नी देवी, गोपाल सिंह, रामवती, लक्ष्मी, मिथिलेश, पूनम, पुष्पा देवी सहित सैकड़ों महिलाएं शामिल रहीं।

## एक नजर

### गोल्ड जीतने पर चांद सम्मानित



**कासमपुर गढ़ी।** राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2024-2025 कानपुर में आयोजित की गई। जिसमें ताइक्वांडो की प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय सीरवासुचंद के छात्र मौहम्मद चांद ने भी भाग लिया। मोहम्मद चांद ने 30 से 35 किलोग्राम में प्रदेश पर गोल्ड मेडल जीता और कम्पोजित विद्यालय सीरवासुचंद का नाम रोशन किया। गोल्ड मेडल जीताने पर जहां परिजनों में खुशी का माहौल है। वहीं शिक्षकगण भी फूले नहीं समा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में आज ब्लाक संसाधन केंद्र मानियावाला में भी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता ताइक्वांडो में 30 से 35 किलोग्राम भार वर्ग में प्राथमिक विद्यालय सीरवासु. चंद के मोहम्मद चांद को खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम सिंह राणा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सहायक अध्यापक अबरार हुसैन, प्रधान अध्यापिका सीमा कुमारी, व्यायाम शिक्षक सबील अहमद, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मुनीश कुमार सिंह, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार, एआरपी सुरेन्द्र सिंह, पूनम रानी, अब्दुल साजिद, कैलाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### मारपीट के आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**नगीना।** ग्राम नियामतपुर निवासी जगवती पत्नी अमर सिंह ने थाना नगीना में तहरीर दी थी कि 5 मार्च को प्रात: सात बजे उसकी पुत्री काजल अपने घर के बाहर गली में झाड़ु लगा रही थी, तभी उसकी पडोसन पूनम पत्नी रणवीर सिंह उसके घर के सामने कूड़ा डालने लगी। उसकी पुत्री काजल ने कूड़ा डालने को मना किया तो वह आग बबूला हो कर अपने घर चली गयी। कुछ समय बाद पूनम व उसका पति रणवीर सिंह पुत्र किशोरी सिंह व उसकी पुत्री कामिनी रानी पुत्री रणवीर सिंह उसके घर के पास आ गये और उसकी बेटी काजल को गालियां देने लगी। काजल ने जब विरोध किया तो इन्होंने काजल के साथ मारपीट की। शोर शराबा सुनकर उसकी पत्नी भी आ गयी तो उन तीनों ने उसकी पत्नि के साथ लात घूसों व डंडे से मारपीट की, जिससे कोई नुकीली चीज उसकी पत्नि के गाल पर मार दी, जिससे उसकी पत्नि के काफी खून निकला व चोटें आयी। तहरीर के आधार पर थाना नगीना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

### पुरानी दुश्मनी में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**नगीना।** थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर लश्करी निवासी हरपाल सिंह पुत्र राम सिंह ने अपने ही गांव के गौरव पुत्र जोगेन्द्र व दीपक व छोटू पुत्रगण रोहताश के विरुद्ध थाना नगीना में तहरीर देकर शिकायत की कि उपरोक्त तीनों उसके परिवार से पुरानी दुश्मनी रखते है। 14 मार्च की शाम गौरव, छोटू व दीपक प्रार्थी के घर मे घुस आये और गालियां देते हुये हाथ मे लोहे की रॉड व डंडा लेकर प्रार्थी व प्रार्थी के पुत्र सोनू कुमार के साथ मारपीट करने लगे। उक्त गौरव व छोटू ने गांव के सुमित पुत्र लाला को भी बुला लिया और सभी ने उसको गाली दी तथा जातिसूचक शब्द कहे और मारना पीटना शुरू कर दिया। प्रार्थी के पुत्र सोनू के सिर में गौरव व छोटू ने लोहे की राड मारी। शोर शराबा सुनकर मेरे पुत्र सोनू की पत्नी मोनी उर्फ लक्ष्मी व मेरी पत्नी कान्ता देवी आयी तो गौरव, छोटू, दीपक व सुमित ने इनको भी मारा पीटा और गाली दी। इन्होंने मेरी पुत्रवधू मोनी उर्फ लक्ष्मी को राड से मारा जो वहीं पर बेहोश होकर गिर गयी थी। मेरे तथा मेरी पत्नी को भी गम्भीर चोटे आयी है। उक्त सभी अभियुक्तगण प्रार्थी व प्रार्थी के परिवार को जान से मारने की धमकी देकर गये थे। तहरीर के आधार पर थाना नगीना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्वाई शुरू कर दी है।

### क्रिसेंट में परीक्षा परिणाम घोषित



**चांदपुर।** मुस्लिम फंड बसी किरतपुर द्वारा संचालित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में प्री-प्राइमरी विंग का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों के शानदार प्रदर्शन को सराहा गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गई। इस अवसर पर छात्रों को सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। खासतौर पर कक्षा एलकेजी के रूहान, अमायरा और शरमीन तथा कक्षा यूकेजी के अरजान ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन किया। इन छात्रों की सफलता ने यह साबित कर दिया कि प्रारंभिक शिक्षा में मजबूत नींव ही आगे की शैक्षणिक उपलब्धियों का आधार होती है। विद्यालय प्रबंधन ने इन होनह. ार विद्यार्थियों की लगन, मेहनत और सीखने की इच्छा की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम की शुरुआत शैक्षणिक इंचार्ज शहजाद खान द्वारा मुख्य अतिथि एवं विद्यालय प्रबंधक मुंशी हसीनुद्दीन को सत्र 2024/25 की शैक्षणिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ हुई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नदीम बख्त, शैक्षणिक इंचार्ज शहजाद खान, उप प्रबंधक मरगूब अहमद, प्रबंधक मुंशी हसीनुद्दीन तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन आसिम खान और ताजीम हाशमी ने संयुक्त रूप से किया।

### फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम हकीमपुर उर्फ सादुल्लापुर में ब्रजपाल (35 वर्ष) पुत्र गोविंद ने कमरे में फांसी का फंदा लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पत्नी खेत में गन्ना बुआई के लिए अपने बच्चों के साथ गई थी। काम से लौटकर घर आई तो कमरे में देखा कि उसका पति ब्रजपाल कमरे में छत के कड़े में रस्सी डालकर फांसी के फंदे से लटका हुआ था। यह सब देख उसकी पैरों तले जमीन खिसक गई। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। व्यक्ति ने किसी कारण से आत्महत्या की है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। सूचना मिलने पर मंडावली थाना प्रभारी रामप्रकाश सिंह व एसएसआई योगेन्द्र सिंह पुलिस बाल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा उन्होंने घटना की पूरी जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि मंडावली क्षेत्र में एक सप्ताह के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की तीसरी घटना घटी है।

### पेशकार राहुल कुमार को हटाया

**चांदपुर।** सीनियर बार एसोसियेशन की मांग पर उपजिलाधिकारी ने पेशकार राहुल कुमार को तुरंत हटा दिया, जिसको लेकर सीनियर बार एसोसियेशन के अध्यक्ष सतीशचंद त्यागी एडवोकेट एवं महासचिव महेन्द्रपाल सिंह एडवोकेट ने उपजिलाधिकारी का धन्यवाद करते कहा कि ऐसे व्यक्ति की उस सीट पर कतई जरूरत नहीं जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना अपना प्रथम कर्तव्य समझता हो। गौरतलब है कि सीनियर बार एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने राहुल कुमार पेशकार एसडीएम चांदपुर को हटाये जाने को लेकर न्यायिक कार्यो का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था तथा उपजिलाधिकारी को सारी स्थिति से अवगत करा दिया था। उपजिलाधिकारी चांदपुर ने सीनियर बार एसोसियेशन की मांग पर राहुल को तुरंत ही हटाकर उनकी नवीन तैनाती ए.डब्ल्यू.बी.एन. तहसील चांदपुर के पद पर कर दी है।

## एक नजर

### व्यक्ति को होलिका में जलाने की निंदा

**नजीबाबाद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिलामंत्री बिजेंद्र सिंह ने ग्राम अलावलपुर नैनू में दलित समाज के वेद प्रकाश को जलती होलिका में धक्का देकर जलाने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने बताया कि उक्त व्यक्ति बुरी तरह से जली अवस्था में अस्पताल में भर्ती है। उन्होंने पुलिस द्वारा इस घटना के आरोपियों को अभी तक न पकड़ने पर रोष जताते हुए एसपी से मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराने की मांग की है।

### पेड़ काटे जाने से किसान परेशान

**स्योहारा।** क्षेत्र के ग्राम जागीर गांव में एक किसान के खेत से २७ पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान कृष्ण कुमार ने इस संबंध में क्षेत्रीय प्रशासन से शिकायत की है और न्याय की मांग की है। शिकायत के अनुसार कृष्ण कुमार के खेत में लगे 27 पेड़ 21 मार्च को अज्ञात लोगों द्वारा काट दिए गए। जब उन्होंने इस बारे में स्थानीय पुलिस को सूचना दी तो कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। किसान का कहना है कि उसने पहले ही संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया था कि उसके खेत के पेड़ों को खतरा है। बावजूद इसके पेड़ों की कटाई कर दी गई। कृष्ण कुमार ने बताया कि जब वह 22 मार्च को अपने खेत पर पहुंचे तो देखा कि पेड़ काटे जा चुके थे। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन की लापरवाही के चलते यह घटना हुई है। पीड़ित किसान ने उच्च अधिकारियों से अपील की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए।

### अखण्ड हनुमान चालीसा पाठ का शुभारम्भ



**धामपुर।** श्रीमद् हनुमद् भक्तिप्रचार मण्डल के बैनर तले अनन्त श्री शिवशक्तिपीठ एवं संस्कार शाला आश्रम पर 24 घंटे का अखण्ड हनुमान चालीसा पाठ का हुआ शुभारम्भ। गौरी गौशाला आश्रम पर गौ माता के पूजन के साथ इस अवसर पर पन्द्रह जोड़ों ने विधिवत शुभारम्भ कराया। पंडित प्रणव भारद्वाज, पंडित उत्तम भारद्वाज,भूमिका भारद्वाज ने दिव्य शंखनाद तथा दिव्य मंत्रोच्चारण के साथ पूजन सम्पन्न कराया। आचार्य डां. दिनेश चन्द्र भारद्वाज ने बताया कि इस अखण्ड हनुमान चालीसा पाठ से समाज को आध्यात्मिक तथा शैक्षणिक लाभ भी मिलेगा, वातावरण शुद्ध होगा, जाति-बिरादरी से ऊपर उठकर एक साथ बैठने से आपसी सौहार्द बढ़ेगा। नियमित संस्कार शाला आश्रम पर अध्ययन कर रहे बच्चे इस पाठ में एक एक घण्टे का समय देंगे। पूजन में मुख्य जोडे आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज, कविता भारद्वाज, अरुण कुमार अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, राजीव त्यागी, बबीता त्यागी, अशोक अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, डा. दिनेश कुमार, डा. सन्ध्या रानी, शालु वर्मा, अनीता वर्मा, प्रवेश मिश्रा, बबीता मिश्रा, प्रीतम सैनी, मंजू रानी, राम प्रकाश वर्मा, माया वर्मा, पप्पू चौहान, अर्चना सिंह, सौरभ रस्तौगी निशि रस्तौगी, पंकज जोशी, तुलसी जोशी, डा. एके सक्सेना, संदीप भारद्वाज, परवेन्द्र सिंह, पारस पुष्पक, सर्वेश गिरि, शिवहरि माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे। पाठ की प्रथम आवृति दिनेश राणा ने कराई।

### डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्राली पलटी



**नहटौर।** गांव बैरमनगर में शनिवार को करीब दो बजे 50 वर्षीय प्रमोद कुमार किसी काम से अपने मकान की छत पर गया था। पैर फिसलने के दौरान वह छत से नीचे गिर गया। घायल होने पर परिजनों ने उसे सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। इसके अलावा नहटौर कोतवाली देहात मार्ग पर आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के पास मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली ने लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी, जिसमें कोई घायल नहीं हुआ। इसी स्थान पर रेत के डंपर ने गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी, जिसमे गन्ने की ट्राली पलट गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची।

### टेंट लगाने का तरीका बताया

**नजीबाबाद।** साहू जैन कॉलेज में आयोजित रोवर-रेंजर प्रशिक्षण शिविर में शिविर निर्माण के संबंध में प्रयुक्त उपकरणों और उसके प्रयोग की जानकारी दी गई। प्राचार्य प्रोफेसर बलराम सिंह तोमर ने शिविर के चौथे दिन रोवर-रेंजर्स को अदम्य साहस का परिचय देते हुए सेवा कार्यों के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। प्रशिक्षिका पुष्पा चौहान, रितु ने शिविर निर्माण में प्रयोग किए जाने औजारों के प्रयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया। रोवर लीडर सूर्यकांत भारती और रेंजर लीडर जाह्नवी ने रोवर-रेंजर्स को टेंट लगाने का तरीका और टेंट पिचिंग की जानक. ारी दी। रोवर-रेंजर्स ने नदी पर पुल निर्माण प्रक्रिया भी सीखी। शिविर में कामना, शगुन, अंजलि, शिवानी, कनिका, सानिया, उदित, जयदेव, सार्थक, दीपक, अनुज त्रिपाठी, यशवीर ने भाग लिया।

# विवेक सेन ने कराई रोजा इफ्तार

## हिंदू तथा मुस्लिम समाज के लोगों ने एक साथ किया इफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रमजान उल मुबारक के तीस रोजों के बीच-21 वे रोजे के अवसर पर रोजा इफ्तार का दौर शबाब पर रहा। सांसद चंद्रशेखर के प्रतिनिधि विवेक सेन के द्वारा आयोजित सामूहिक रोजा इफ्तार में सभी धर्म के लोग शामिल होकर गंगा-जमुनी तहजीब को मजबूत की।

रामलीला मैदान के पीछे स्थित मन्नत बैंकट हॉल में विवेक सेन के द्वारा शनिवार को आयोजित सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। विवेक सेन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से आपसी भाईचारा व सद्भावना मजबूत होती है। विवेक सेन ने बताया कि धामपुर नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र की खासियत है कि यहां सभी धर्म के लोग बिना किसी भेदभाव के आते हैं। उन्होंने कहा कि रोजा इफ्तार कार्यक्रम कराने से शबाब मिलता है। इसलिए हर सक्षम व्यक्ति को रमजान के पवित्र माह में रोजा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए।



इस दौरान डॉ. कमाल अहमद, राजेंद्र सिंह, दीपक कुमार, सोहेल अंसारी, शानू अंसारी, मो. सुऐब, एड अदनान, डॉक्टर फैज, जुनैद कादरी फरमान चौधरी जैद, काविश, फरीद डॉन, इरफान मंसूरी, आमिर अंसारी एडवोकेट, जावेद अंसारी, कारी रशीद हमीदी, दानिश कादरी, अजहर जर्राह, वसीम अव्वशी, सलमान आदि हजारों लोग मौजूद रहे।

## शराब की दुकान खोलने का प्रस्ताव रद्द करने की मांग

**नजीबाबाद।** नगर पंचायत सहसपुर के मोहल्ला ऊंटवान में महिलाओं ने प्रदर्शन किया। महिलाओं ने मोहल्ले में शराब की दुकान खोलने के प्रस्ताव को रद्द करने की मांग की।

मोहल्ला ऊंटबान निवासी दिलशाद, अनीस अहमद, शहनाज, सायरा, अजीमा, फरहीन, जुबेर, निसार अहमद, शबनम, रिजवाना, सिमरन शफीक का कहना है कि प्रथमा ग्रामीण बैंक साहनपुर के पिछले हिस्से में बने मकान में शराब की दुकान खोलना प्रस्तावित है। संबंधित अधिकारी स्थल का मौका मुआयना भी कर चुके हैं। महिलाओं का कहना है कि जहां शराब की दुकान प्रस्तावित है, वहां कई परिवार रहते हैं। कुछ ही दूरी पर दो स्कूल भी संचालित हैं। आस-पास शराब की दुकान खोलने से वहां रह रहे परिवारों और स्कूली बच्चों पर इसका दुष्प्रभाव पड़ेगा।

महिलाओं ने समाज हित में वहां प्रस्तावित शराब की दुकान के प्रस्ताव को रद्द करने की मांग की है।

# सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों की पत्रावली अविलंब अग्रसारित कराई जाएं: सुरेश त्रिपाठी

## समस्या अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक, उच्च अधिकारी त्वरित संज्ञान लें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी सुरेश कुमार त्रिपाठी ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव को पत्र लिखकर आगामी 31 मार्च को प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों से सेवानिवृत होने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं की सेवानिवृत्ति संबंधी पत्रावलियां तथा उन्हें देय लाभ के प्रकरण जिसमें जीपीएफ, पेंशन तथा सामूहिक बीमा आदि सम्मिलित होते हैं, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के माध्यम से त्वरित गति से उप शिक्षा निदेशक कार्यालय को अग्रसारित करने हेतु पत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

संगठन के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ एवं जिला मंत्री विनोद कुमार ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि बृहस्पतिवार को प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी ने पत्र लिखकर शिक्षा निदेशक को अवगत कराया की कतिपय जनपदों में जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर से, 31 मार्च को सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों की सेवानिवृत्ति संबंधी लाभों के प्रकरण उच्च अधिकारियों को प्रेषित नहीं किया जा रहे हैं, जबकि शासन के निर्देश अनुसार 31 मार्च को सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों को सेवानिवृति के दिनांक को ही उनके देयकों के भुगतान सम्बन्धी समस्त पत्रावलियों की औपचारिकताएं पूर्ण रूप से भुगतान हेतु स्वीकृत हो जानी चाहिए, जिससे सेवानिवृत होने वाले शिक्षक अपनी सुविधा अनुसार अपने देयको का भुगतान प्राप्त कर सकें। किंतु अनेक जनपदों में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की लापरवाही के कारण अभी तक पत्रावलियां उच्च अधिकारियों को प्रेषित नहीं की गई है। यह अत्यंत चिंताजनक एवं गंभीर विषय है। सुरेश त्रिपाठी ने पत्र के माध्यम से शिक्षा निदेशक का ध्यान आकर्षित करते हुए उक्त समस्या का संज्ञान लेने तथा त्वरित गति से ऐसे प्रकरणों को अविलंब उच्च अधिकारियों को प्रेषित किए जाने हेतु पत्र निर्गत करने का आग्रह किया है। प्रांतीय अध्यक्ष के उक्त पत्र से प्रदेश में सेवानिवृत होने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं ने खुशी का इजहार करते हुए संगठन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।



# कुराने करीम मुकम्मल होने पर आलमी कार्यक्रम

## नबी की बताई सुन्नतों पर अमल करें मुसलमान: अब्दुल रज्जाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मुकद्दस रमजान मुबारक पर तरावीह नमाज में तीस सिपारों को जुबानी याद कर मुफ्ती मोहम्मद दानिश ने सुनाया। उसके बाद कुराने करीम मुकम्मल होने पर शुक्रवार की देर रात आलमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुसलमानों से अल्लाह के नबी की बताई सुन्नतों और कुराने करीम को पढ़कर तथा समझ कर उस पर अमल किये जाने का आह्वान किया।

मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा स्थित डिग्गी वाली मस्जिद के इमाम मुफ्ती मोहम्मद दानिश ने बीस दिनों तक इशा की नमाज के बाद कंठस्थ याद कर तरावीह नमाज मे कुराने करीम के तीस सिपारों को याद करके सुनाया तथा हाफिज अल्तमश ने सुना। मेहमान खसुसी एक मीनारा मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल रज्जाक ने मुसलमानो से अल्लाह ओर उनके नबी की बताई दीन की बातों पर अमल कर जिदंगी गुजारने की ताकीद की। उन्होंने रमजान के महीने की फजिलत बयान करते हुए आखरी अशरे मे शबे कद्र को तलाश करने के अल्लाह ताला से सीधे एतेकाफ के जरिये दुआएं मांगने की ताकीद की। उन्होंने मुसल्मनों से रोजाना की तरहा पूरे महीने तरावीह नमाज मे इबादत किये जाने का आह्वान किया। उन्होंने देश की तरक्की के शिक्षा ओर कारोबार के जरिये आगे बढ़ने तथा अमनौ अमान के लिए दुआ कराई।



इस मौके पर कारी मोहम्मद शराफत हुसैन, कारी राशीद हमिदी, मुफ्ती मोहम्मद खालिद, मुफ्ती मोहम्मद फैजान, अरशद, मुफ्ती फहीम,नौशाद अहमद, फैजान अंसारी, सदर मस्जिद मोहम्मद रफी, फुरकान अहमद, मोहम्मद अफजाल, रिजवान अहमद, इनामुल्हक, नासिर अहमद, नफीस अहमद, रईस अहमद, सलीम अहमद, इरफान अहमद आदि शामिल रहे।

# 24 घंटे में पुलिस ने पकड़े पांच लुटेरे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** थाना गुन्नौर पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर लूट की घटना का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कप्तान और एएसपी ने खुलासा करते हुए घटना की जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई एवं एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा लूट की घटना का खुलासा करते हुए बताया कि थाना गुन्नौर पुलिस टीम द्वारा घटना का 24 घंटे के अंदर सफल अनावरण करते हुए लूटे गयी मोटरसाईकिल, सोने के जेवरात व नगदी की शत प्रतिशत बरामदगी की जबकि लुट करने वाला गिरोह के मुनीश पुत्र राजपाल नि. ग्राम झुकैरा थाना गुन्नौर, मुकेश उर्फ सोमवीर पुत्र प्रेम सिंह नि.ग्राम बिजुआ नगला थाना गुन्नौर, नरेन्द्र पुत्र नेमसिंह नि. ग्राम नंगला रुखड़ा पुख्ता थाना जुनावई, सन्दीप पुत्र सतवीर नि. मैडोली थाना जुनावई, राहुल पुत्र कालीचरण नि. ग्राम नन्दरौली थाना गुन्नौर ग्राम सैजना से नंदरौली की तरफ जाने वाले रास्ते पर से नंदरौली को जाने वाली रोड पर ग्राम उदयभानपुर मे स्थित बंद पडे ईंटो के भट्टे के पास से एक अदद चौन पीली धातू व एक अदद अंगुठी पीली धातू व 5000 रुपये के साथ गिरफ्तार किया है तथा चौकिंग के दौरान मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित अन्य एक आरोपी गिरीश पुत्र राजपाल निवासी ग्राम झुकैरा थाना गुन्नौर जनपद सम्भल को एक अदद तमंचा 315 बोर व 02 खोखा कारतूस 315 बोर व लूट में प्रयुक्त एक माटर साईकिल के साथ पुलिस मुठभेड के दौरान पकड़ा। पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार गिरिश ने पुलिस के ऊपर फायर किया। जिसमें का. विशाल घायल हो गया तथा पुलिस की जवाबी फायर में गिरिश के दाहिने पैर में गोली लगी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान, उ.नि. विशान्त मलिक, उ.नि. सौरभ बंसल, उ.नि. विशाल शर्मा, का. विशाल, का. विकास, का. रुपेन्द्र, का. वीरेन्द्र कुमार, का. आशीष कुमार शामिल रहे।

**लूट की शत प्रतिशत माल बरामद, एसपी ने किया खुलासा**



सम्भल- गुन्नौर थाना क्षेत्र में हुई लूट के गिरफ्तार आरोपियों के साथ खुलासा करते एसपी।

## यौन हिंसा से बचने को खुलकर रखें अपनी बात

**सम्भल।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद स्तर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण के दिशा-निर्देशानुसार बहजोई में सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में बालिकाओं की घटती संख्या को रोकना और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देना है।कार्यक्रम में 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के साथ हो रही यौन हिंसा से बचने व उसकी शिकायत करने, अपनी बात खुलकर रखने तथा उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी।

# पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निराकर करें सुनिश्चित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला सैनिक कल्याण बंधुओं की बैठक में समस्याओं को प्राथमिकता से रखते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर संदीप कुमार द्वारा पूर्व सैनिकों के भूमि विवाद, सड़क की समस्या, पुलिस की समस्या, निजी समस्या एवं विद्युत से संबंधित विभिन्न कार्यों में किए गए कार्यों और पूर्व सैनिकों की प्रमुख समस्याओं शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण एवं उनकी एन ओ सी आदि समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा गया। डीएम ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए इनके निराकरण का कार्य किये जाने का भरोसा दिलाया। डीएम ने कहा कि पूर्व सैनिकों की रुचि के अनुसार जिले में विभिन्न कार्यों में उनका सहयोग लिया जाएगा। उन्होने कहा कि उनके द्वारा बताई गई समस्याओं पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए उनका निस्तारण किया जाएगा। पूर्व सैनिकों ने सैनिक कार्यालय की समस्या को लेकर जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए कार्यालय का भ्रमण करने का आश्वासन देकर समस्या का निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। पूर्व सैनिकों ने कहा कि जनपद में पांच गेट पूर्व सैनिकों के नाम जो बनाए गए हैं उनकी भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गेटों की रंगाइ पुताई अभी तक न कराई गई है ना ही उनका उद्घाटन किया गया है जिसको लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही सेवानिवृत्ति सैनिकों समस्या को प्राथमिकता पर रखते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी गुन्नौर आनंद कटारिया, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी संदीप कुमार, फौजी एमएल यादव, वीर नारी भुवनेश्वरी देवी, रेशमा देवी, सतवीर, राजकुमार शर्मा, अजय यादव, महेश यादव जिला सचिव, मुकुट सिंह आदि मौजूद रहे।

# नेजा मेला न लगने से नगर पालिका को लाखों की क्षति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** ऐतिहासिक मेला जो महमूद गजनवी के भांजे सैयद सलाम मसूद गाजी की याद में लगाया जाता था, इस साल उसका आयोजन नहीं होगा। मेला न होने का नुकसान राजस्व को भी पहुंचा है, पिछले साल टेंडर प्रक्रिया हुई और 15 लाख रुपए से अधिाक का नीलामी टेंडर छूट गया। ऐसे ही गांव शहबाजपुर सूरा नगला में देहात मेले की नीलामी होकर पैसा राजस्व में जमा होता है, वहां भी मेला नहीं होगा। नगर पालिका परिषद संभल की अधयक्ष आसिया मुशीर खां ने बताया कि इस नेजा मेले को लेकर टेंडर प्रक्रिया की गई थी। एक लाख रुपए की बोली के साथ टेंडर निकाला गया था। किसी ने प्रतिभाग टेंडर प्रक्रिया में नहीं किया। जिसकी वजह से इसे कैंसल कर दिया गया है। साल 2024 में 15,23,500 रुपए में मेले की टेंडर प्रक्रिया हुई थी, लेकिन प्रशासन ने मेले की अनुमति नहीं दी थी। जिसकी वजह से उस टेंडर को निरस्त कर दिया गया था। आपको बता दें कि साल 2022 के नेजा मेले का बोर्ड में प्रस्ताव रखा गया था। वर्ष 2022 में नगर पालिका परिषद के प्रशासक कमलेश अवस्थी ने तहबाज़ारी वसूली को शुरू करायी टैंडर प्रक्रिया के दौरान नीलामी की बोली लाखों में पहुंची थी। जबकि इससे पूर्व यह बोली मात्र चंद हज़ार में ही पूरी हो जाती थी। इस बार नेजा मेला का आयोजन नहीं होने देने से नगर पालिका परिषद को ही लगभग बीस से पच्चीस लाख के राजस्व की हानि हुई है बल्कि साल भर मेले में दुकान लगाकर रोजगार पाने वाले स्थानीय दुकानदारों के अलावा गैर जनपदों से आकर मेले में सामान बेचकर अपने परिवार की जीविका के लिए धन अर्जित करने वाले दुकानदार मायूस हैं और उन्हे काफी मोटा नुकसान हुआ है।

**15 लाख से अधिक में उठता था तहबाज़ारी का ठेका**

# गुर्जर समाज में रोष

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गाजियाबाद में गुर्जर विधायक के साथ हुई पुलिस की मारपीट का विरोध होने लगा है। सर्मथन में आए गर्जुर समाज ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग की।

राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रविन्द्र सिंह गुर्जर के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष एडवोकेट ललित कुमार गुर्जर द्वारा चौधारी रामकेश सिंह गुर्जर के आवास पर ग्राम मौहम्मदपुर भंडा मे मीटिंग का आयोजन किया। बैठक में चौधरी ललित कुमार गुर्जर ने बताया कि सरकार द्वारा तथा प्रशासन द्वारा गुर्जर समाज के साथ विश्वासघात किया जा रहा है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर के खिलाफ भी एक तरफा कार्रवाई की गई है। जिसमें उनका पक्ष नहीं सुना गया। उन्होने सरकार से विधायक नंदकिशोर गुर्जर को न्याय मिलने तथा समाज में किसी भी पीड़ित व्यकित को सम्मान पूर्वक व्यवहार करने की मांग की। बैठक में चौधरी मुनिराम सिंह खारी, बृजेश खारी, चौधरी नितिन खारी, आदेश खारी, शिवयंत अवाना, कौशल खारी, संस्कार खारी आदि मौजूद रहे।

# चित्त प्रसादन के अभ्यास से दूसरों के प्रति संवेदनशीलता बनी रहेगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** तीन दिवसीय चित्त प्रसादन कार्यशाला का तीन सत्रों में आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय योगाचार्य,व्याकरणाचार्य, आध्यात्मिक मार्गदर्शक तथा वैदिक गुरुकुल डढीकर अलवर के प्राचार्य डॉ. आचार्य प्रशांत जी रहे।

कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय/तहसील स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, तथा शिक्षकों में कार्यकुशलता बढाने, तनाव, अवसाद दूर किये जाने, जीवन में उत्साह, नई ऊर्जा, व बल का संचार किये जाने तथा एकाग्रता बढाने, संतोष एवं आत्मविश्वास में वृद्धि किये जाने, तनाव प्रबंधन किये जाने, विशेष प्राण क्रियाओं, एवं योगाभ्यास को सूक्ष्मता से समझने, ध्यान की स्थिति के अनुभव का कराये जाने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. आचार्य प्रशांत द्वारा संवाद सीखना सिखाना, स्वास्थ्य की परिभाषा पर चर्चा की तथा शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य। मनुष्य का वात, पित्त और कफ सम होना, प्राण के माध्यम से चित्त को सही करने की कला आदि पर बताया। मैत्री भाव एवं करुणा भाव पर भी चर्चा के साथ ही। शारीरिक संतुलन के अभ्यास से होने वाले लाभ जैसे सौन्दर्य शक्तिशाली होना तथा भूलने की समस्या में लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि शारीरिक संतुलन के अभ्यास से हाइपरटेंशन एवं डायबिटीज की बीमारियों में लाभ प्राप्त होता है। श्वास के नियंत्रण से कार्यकुशलता बढती है तथा क्षमताओं का विकास होता है प्राण पर नियंत्रण होने से मन पर नियंत्रण होता है। आचार्य जी ने श्वास पर नियंत्रण से संबंधित योग निद्रा का भी अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता चित्त का विषय है। धैर्यवान होना जीवन की बड़ी उपलब्धि होती है। उन्होंने अच्छे एवं बुरे लोगों के विषय में भी बताया। उन्होंने पुण्यात्मा के प्रति श्रृद्वा भाव रखने तथा पापात्मा के प्रति उपेक्षा का भाव रखने को कहा ताकि व्यक्ति का चित्त प्रसन्न रह सके। कार्यशाला में विश्व जल दिवस होने पर मुख्य अतिथि जल शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया, सीडीओ गोरखनाथ भटट, एडीएम प्रदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

**थाना समाधान दिवस में डीएम एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं**

# संयुक्त टीमें बनाकर कराएं निस्तारण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लगने वाले थाना समाधान दिवस में डीएम एसपी ने फरियादियों ने समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण कर बाकी बची समस्याओं को गुण्वत्ता पूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए।

शासन के मंशानुरूप जिले के थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जुनावई के थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। थाना समाधान दिवस में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा, मार्ग से संबंधित तथा पैमाईश आदि की शिकायतें आयीं। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्व कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चत कराए ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायत को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी भूमि से संबंधित विवादों के प्रकरणों को लेकर लेखपालों के साथ बैठक करें। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि किसी भी शिकायत को गम्भीरता से लिया जाये। शिकायत कर्ता की कोई भी शिकायत हो उसे शिकायत कर्ता के पास जाने के साथ उसे गुणवत्ता पूर्वक ही निस्तारण किया जाये। थाना समाधान दिवस के अंतर्गत थाना जुनावई में 9 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 3 का तत्काल निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गुन्नौर आनंद कटारिया, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक तिवारी एवं जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार व थानाध्यक्ष जुनावई आदि मौजूद रहे।

**गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के दिए निर्देश**

# पूर्णागिरि जाते श्रद्धालुओं पर बरसी लाठियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पूर्णागिरि माता के दर्शनों को जा रहे श्रृद्वालुओं से फल (संतरे) खरीदने को लेकर विवाद हो गया। हाइवे पर हुए विवाद में फल विक्रेताओं और श्रृद्वालुओं में जमकर मारपीट हुई। एक दूसरे को सड़क पर गिरा-गिराकर लाठियों से पीटा गया।

शुक्रवार की देर सांय नखासा थाना इलाके के गांव मंडली समसपुर के श्रृद्वालु बस से मां पूर्णागिरी देवी के दर्शन के लिए जा रहे थे। श्रृद्वालुओं से भरी बस सम्भल बहजोई मार्ग स्थित जनता पैट्रोल पम्प के निकट फल विक्रेताओं के पास आकर रूकी तभी कुछ श्रृद्वालु बस से उतरकर संतरे खरीदने लगे। इसी बीच फलों खरीदने को लेकर मोलभाव किया गया। जिसे लेकर श्रृद्वालुओं और फल विक्रेताओं में बहस होने लगी। विवाद इतना बढ़ गया कि बीच सड़क पर फल विक्रेताओं और श्रृद्वालुओं में भयंकर मारपीट होने लगी। कुछ देर ही में श्रृद्वालुओं और फल विक्रेताओं में लाठी डंडे चलने लगे। दोनों ही और से एक दूसरे को बुरी तरह से लाठियों से दौड़ा-दौड़ाकर पीटने लगे। कई श्रृद्वालु जान बचाकर भागे। हंगामा और लाठी डंडे चलते देख आसपास के दुकानों के धड़ाधड़ शटर गिरने लगे। मौके पर अफरा तफरी मच गई। मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी।



सम्भल-पूर्णागिरि जाते श्रद्धालु पर लाठियां बरसता फल विक्रेता

## बस की साइड लगने से बाइक सवार एक की मौत

**बबराला।** बस की साइड लगने से बाइक सवार दो घायल हो गए।

आगरा-मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव नूपुरर तिराहे के सामने बाइक सवार मुकेश (20) पुत्र उदयवीर सिंह व मुकुट सिंं (65) पुत्र बाबूराम निवासी सिरौरा काज़ी थाना गुन्नौर के साथ गांव से बबराला किसी काम से आ रहा था। तभी बस की साइड लगने से बाइक सवार मुकेश व मुकुट दोनो घायल हो गए। जिससे मुकेश को निजी अस्पताल बबराला में दिखाया गया। जबकि मुकुट सिंह की हालत गम्भीर होने पर सीएचसी गुन्नौर लाया गया। चिकित्सक ने मुकुट सिंह को रैफर कर दिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी।

# गायत्री परिवार ने साधकों को जल निर्मल रखने को किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** पर्यावरण एवं जल संरक्षण अभियान के तहत गायत्री शक्ति पीठ के साधकों ने निर्मल गंगा स्वच्छता अभियान चलाया।

शनिवार को शांति कुंज हरिद्वार के मार्ग दर्शन में गायत्री परिवार के साधकों ने राजघाट गंगाघाट पर चले स्वच्छता अभियान में गुरूदेव आचार्य जी की गंगा को निर्मल बनाने की योजना के तहत गंगा को स्वच्छ व निर्मल रखना है। साधकों ने चेताया कि अगर गंगा मइया लुप्त हो गयी तो पूरे विश्व में पानी की समस्या हो जायेगी। कोई बच नहीं पायेगा। इसलिए सभी जाग जाओ, अभी समय है। गंगा को निर्मल, अविरल बनाने का स्वच्छता अभियान शुरू किया जाये। गंगाधााट राजघाट पर 25 मार्च को गंगा स्वच्छता को एक गोष्ठी का आयोजन होगा। इसमें सभी लोग शामिल होंगे। इस दौरान गंगाराम यादव, रविन्द्र कुमार, लक्ष्मी चंद, खुशालीराम, ओमकार आदि मौजूद रहे।

**गंगाघाट राजघाट पर चला गंगा स्वच्छता अभियान**

# हाय अली हाय अली सदाएं फिज़ां में गूंजी

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** पैगम्बरे अकरम के दामाद और शियों के पहले इमाम हजरत अली की शहादत की याद में कस्बे की मस्जिदों व इमाम बारगाहों से शबीहे ताबूत बरामद किए गए। जिसमें बड़ी तादाद में मर्दो व पर्दानशीन औरतों व बच्चे ने शरीक होकर ताबूत की ज़्यारत की।

इस मौके पर मस्जिदों व इमाम बारगाहों में आयोजित की गई। मजलिसों में उलेमाओं ने कहा कि 19 रमजान को कूफ की मस्जिद में फज्र की नमाज के पहले सजदे में जहर से बुझी तलवार से हमला कर दिया था। जिसमें ज़ख्मी हजरत अली की 21 रमज़ान को याहादत हो गयी थी। उलेमाओं ने कहा कि हजरत अली के दौरे हुकूमत में कोई भूखा नहीं सोता था। आप मिस्कीनों, यतीमों का बहुत ख्याल रखते थे। उलेमाओं ने कहा कि हम सबको हजरत अली के उसूलों पर अमल करना चाहिए। मजलिसों के बाद शिया मस्जिद,मस्जिद शर्की,मस्जिद इमाम रज़ा, इमाम बारगाह मासूम अल व हजरत अब्बास के मस्जिद अबुतालिब व अन्य मस्जिदों व इमामबारगाह से शबीहे ताबूत के जुलस बरामद किए गए।

**हजरत अली की शहादत की याद में निकले ताबूत**



सिरसी-मौला ए कायनात हजरत अली की शहादत पर मराबद शबीहे ताबूत का जुलूस में शामिल सोगवार।

# कल्कि देव तीर्थ की बैठक में चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कल्कि देव तीर्थ समिति में कल्कि नगरी की डीपीआर भविष्य में किस प्रकार से सम्भल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाए और 68 तीर्थ 19 प्राचीन कूपों के विकास तथा परिक्रमा मार्ग आदि को लेकर चर्चा की गयी। तहसील सभागार में सम्पन्न हुई बैठक में वंदन योजना के तहत प्राचीन कूपों की शासन को भेजी गयी डीपीआर के विषय में भी चर्चा कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समिति के सदस्य छत्रपाल सिंह ने तीर्थ क्षेत्र में तीर्थ से संबंधित बोर्ड लगाने की मांग की। डीएम ने कहा कि आगामी बैठक में कितने तीर्थ क्षेत्र पर बोर्ड लग गया है कितनों पर नहीं उसकी रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।

## डीएम के दायर की गई अपील

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के बिना नक्शा पास कराए मकान निर्माण में नया मोड़ आ गया है। सपा सांसद के पिता मौलाना ममलूकुर्रहमान बर्क ने तीसरा पक्ष बनने के लिए एसडीएम की अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसके खारिज होने पर जिलाधिकारी की अदालत का दरवाजा खटखटाया है, जहां 4 अप्रैल को सुनवाई होगी। एसडीएम सदर डा. वंदना मिश्रा की अभी गठित की गर्द दो सदस्यीय टीम की रिपोर्ट भी उनके समक्ष पेश नहीं की गई है।

# मौला अली की शहादत पर शबीहे ताबूत बरामद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मौला ए कायनात हजरत अली की यौमे शहादत 21 वी रमजान पर शोक में शबीहे ताबूत बरामद किया गया।

नगर के निकटवर्ती ग्राम नूरियो सराय स्थित इमामबाडा सगीर हसन मे शुक्रवार की देर रात मे मजलिस ए अज़ा बरपा की गयी। जिसकी शुरूआत शमाईम रजा ने मौला अली की शहादत का मरसिया पढ़कर की। मजलिस को खिताब करते हुए सुहैल अब्बास ने कहा कि हजरत अली गरीबो मिसकीनो बेसहारा मजलूमो कमजोरो के लिए मसीहा थे। पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद मुस्तफा के चाचज़ात भाई। हजरत अली रात के अंधेरे मे घर-घर जाकर रोटिया पहुँचाते थे ताकि कोई भी गरीब भूखा न सोये। खुदा की इबादत मे बेमिसाल हजरत अली को कूफा शहर की मस्जिद मे नमाज अदा करते समय मस्जिद मे पहले से ही मौजूद एक व्यक्ति ने तलवार से सर पर वार करके घायल कर दिया था जिससे आप की 21 वी रमजान को शहादत हो गयी थी। 13 रजब को खुदा के घर खाना ए काबा मे पैदा हुए हजरत अली की शहादत भी खुदा के घर मस्जिद मे हुई। मजलिस मे मौजूद लोगों से सुहैल अब्बास ने कहा कि हजरत अली के बताये संदेशो का पालन कर और समाज में बिना किसी भेदभाव के गरीबो की सहायता करे। मजलिस के बाद अलम व ताबूत बरामद किया गया। जिसकी ज्यारत करने के बाद मातम व नोहाख्वानी की गयी। मातमी जुलूस इमामबाड़ा सगीर हसन से हुसैनी चौक में मातम व नोहाख्वानी करने के बाद इमाम बाडा फरमान हुसैन में जाकर बाद मजलिस के समाप्त हुआ मातमी जुलूस में अरशद हसन, शाहिद अली अब्बास, कैसर बाकर, अली जहीर, नय्यर अब्बास, शाने अब्बास, पैकर संभली, सलीम मेहदी, शबाब आलम, नवाब आलम, इंतजार हुसैन, गुफरान हैदर आदि उपस्थित रहे।

# अवैध खनन पर की गई बड़ी कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अवैध खनन के खिलाफ खनन अधिकारी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सकतपुर सोत गांव में छापा मारा। खनन निरीक्षक मौहम्मद हलीम के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में एक जेसीबी और दो डंपर अवैध रूप से मिटटी खनन करते हुए पकड़े गए। खनन निरीक्षक ने बताया कि सभी वाहनों को असमोली थाना परिसर में सीज कर दिया गया है। अवैध खनन में लिप्त लोगों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा, साथ ही खनन माफियाओं के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, हम अवैध खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि अवैध खनन से दूर रहें और इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

**खनन अधिकारी ने जेसीबी और दो डम्फरों को किया सीज़**

## राजश्री टंडन मुक्त विवि में 25 मार्च तक ले सकेंगे प्रवेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** उत्तर प्रदेश राजश्री टंडन मुक्त वि?वविद्यालय प्रयागराज की प्रवेश तिथि को बढ़ा दिया गया है। प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए कुलपति ने तिथि को विस्तारित कर 25 मार्च कर ददी गई है। गंगा श्योदान सिंह कन्या महाविद्यालश गुन्नौर के अध्यन केन्द्र (एस2154) के समन्वयके श्योराज सिंह व प्रवेश प्रभारी अनुराग यादव ने बताया कि पहले मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने की तिथि 10 मार्च थी जिसे कुलपति ने बढ़ाकर 25 मार्च कर दिया गया है। अब अध्यन केन्द्र पर 25 मार्च तक अभ्यर्थी प्रवेश ले सकते हैं।

# वार्षिकोत्सव: शिक्षा पर प्रस्तुति ने जमकर बटोरी वाहवाही

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** प्राथमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर लघु नाटिका ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों को नैतिक कर्तव्यों का पालन करने को प्रेरित किया।

उ च च गवां में आयोजित शुभारम्भ मां व स्वागत गान से में बच्चों के का मनमोह आवश्यक है बच्चों प्रस्तुति की सभी इंचार्ज अध्यापिका 24 मार्च से बच्चों प्रारम्भ हो रही है। ध्यान दें। नगर सर्वेश दिवाकर ने अपनै नैतिक



प्राथमिक विद्यालय वार्षिकोत्सव का सरस्वती की वंदना किया गया। कार्यक्रम स्वागत गीन ने सभी लिया।शिक्षा क्यों की लघु नाटिका की ने जमकर प्रशंसा की। प्रियंका ने कहा कि की वार्षिक परीक्षा सभी बच्चे पढ़ाई पर पंचायत अध्यक्षा कहा कि सभी बच्चे कर्तव्य का पालन करें और देश के सच्चे नागरिक बने। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया। इस मौके पर भगवान दास दिवाकर सभासद व विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व सदस्य मौजूद रहे।

## बारिश के साथ पड़े आलो ने बढ़ाई ठंड

**बबराला।** नगर में पहले तेज हवा के साथ धुधा उड़ी फिर बारिश हुई। बारिश के साथ ओले पड़े। शनिवार को मौसम में एक साथ बदलाव हुआ ।तेज धूप निकल रही थी फिर बादल हो गये। उसके बाद बरसात हुई। पहले आसमान में काले बादल उमड़े। उसके बाद तेज हवा चली। तेज हवा की धुंध के साथ बारिश होनी शुरू हुई। बारिश के साथ ही ओले पड़े। किसान अपनी फसल को लेकर चिंतित दिखे।

# कैथल पुलिस चौकी के निर्माण कार्य में तेजी

## खुर्जा गेट पर शीघ्र होगा पुलिस चौकी का निर्माण

**चन्दौसी।** सरकार द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु प्रदेश भर में नये थानों व चौकियों का निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद संभल में लगभग नये थाने सहित 21 पुलिस चौकियों का निर्माण किया जाना है जिसके लिये शासन ने हरी झंडी दे दी है। अधिकांश पुलिस चौकियों का निर्माण शुरु हो गया है। संभल में विवादित जामा मस्जिद के सामने चौकी निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। चन्दौसी में पथरा मोड़, मई आदि स्थानों पर भी चौकियों का निर्माण किया जा रहा है। पथरा मोड़ पर बनायी गयी चौकी अति महत्वपूर्ण है क्योंकि पथरा मोड़ पर बदायूं जनपद की सीमाएं लगती हैं। चौकी बनने से काफी हद तक क्राइम रुकेगा। इधर बर्रई पुल पर चौकी प्रस्तावित है। इससे अधिक महत्वपूर्ण चौकी कैथल है जहां कई गांव ऐसे हैं जो संवेदनशील हैं जिसमें कैथल, मजरा रामनगर, नबावपुरा, ऐतोल, बुद्धनगर खण्डुवा आदि गांव हैं। इन संवेदनशील गांवों में जुआ खेले जाना व शराब बेचने जैसे अपराध चोरी छिपे किये जाते हैं। ऐसे में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व एस.पी. के.के. बिश्नोई ने शासन को चौकियां बनाये जाने का प्रपोजल भेजा था। सभी स्थानों पर चौकियां बनने की अनुमति के साथ निर्माण कार्य शुरु हो चुका है। कैथल में कुछ समय के लिए चौकी निर्माण कार्य बंद हो गया था परंतु अब



चौकी का बोर्ड स्थापित कर निर्माण कार्य शुरु करा दिया गया है। अब इंस्पेक्टर मोहित चौधरी द्वारा सभी चौकियों का निर्माण कार्य शुरु कराया जा चुका है। यहां बताते चलें कि खुर्जा गेट पुलिस चौकी काफी पुरानी हो चुकी है, उसे दो दशक पूर्व बम से उड़ा दिया गया था जिसमें अभियोग भी दर्ज हुआ था। कुछ अभियुक्तों को जेल जाना पड़ा था। शनिवार को चौकी का पुराना नक्शा निकालकर नपत करायी गयी। शीघ्र ही खुर्जा गेट पुलिस चौकी निर्माण कार्य शुरु हो सकता है।

# जल ही जीवन है के महत्व पर की गई चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नेहरू युवा केंद्र एवं मेरा युवा भारत, भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार विश्व जल दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन जनपद मुरादाबाद मे किया गया कार्यक्रम को जनपद मुरादाबाद में स्थित प्रतिष्ठित एग्री क्लिनिक एग्री बिजनेस संस्थान के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुन्दरकी विधायक रामबीर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि अपना व्याख्यान दिया वहीं कार्यक्रम में डॉक्टर दीपक मेहंदी दत्ता कृषि वैज्ञानिक ने बतौर मुख्यवक्ता अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया कार्यक्रम में जनपद मुरादाबाद भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गजेन्दर चौधरी के साथ उप निदेशक अंकित कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए। इस कार्यक्रम में युवाओं को अन्तर्राष्ट्रीय जल दिवस के अवसर पर जल के महत्व को लेकर एक लघु फिल्म दिखाई गई एवं वक्ताओं द्वारा अपने ज्ञान से युवाओं को जल के महत्व को लेकर जागरूक किया गया युवाओं ने जनपद में लगभग 8 किलोमीटर लंबी एक रैली का भी आयोजन किया एवं यह रैली अमृत सरोवर पर समाप्त हुई जहां युवाओं ने कार्यक्रम समन्वयक रंजीत कुमार के नेतृत्व में जल वचाने की शपथ व अपने दैनिक जीवन में अपने कार्यशैली में जल संरक्षण को महत्व देंगे इस कार्यक्रम में एग्री क्लीनिक एग्री बिजनेस संस्थान के समस्त स्टाफ एवं नेहरू युवा केंद्र के समस्त स्टाफ ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में चंद्र सिंह भोला सिंह त्यागी , संदीप कुमार, सौरभ सिंह ,कुलदीप , सुधीर यादव मोनी यादव आदि उपस्थित रहे।




## एक नजर

### निरीक्षण को लेकर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

**कांठ( शाह टाइम्स )** सोमवार को होने वाले तहसील के निरीक्षण को लेकर आज अधिकारियों ने स्टाफ की बैठक बुलाई और समस्त व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए बताया गया कि सोमवार को तहसील का वार्षिक निरीक्षण होना है जिसको लेकर युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है पेंडिंग फाइल और अन्य कार्यों को समय रहते निपटाया जा रहा है इस संबंध में आज एसडीएम संत दास पवार तहसीलदार और नायब तहसीलदार आदि ने



कर्मचारियों की एक बैठक बुलाई और अपने-अपने विभाग से संबंधित फाइलों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि कोई कमी पाई जाती है तो संबंधित कर्मचारियों पर गाज गिरना तय है उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी अपने-अपने विभाग से संबंधित कमियों को दूर करें और निरीक्षण के लिए एक बेहतर माहौल तैयार करें।

### थाना समाधान दिवस में कराया समस्याओं का समाधान

**कांठ( शाह टाइम्स )** सर्कल के थाना छजलेट और कांठ में आज थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम तहसीलदार नायब तहसीलदार आदि ने लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराया। समाधान दिवस में पहुंचे एसडीम संत दास पंवार ने समस्याओं का मौके पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की पेंडेंसी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम संत दास पवार तहसीलदार



नायव तहसीलदार थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह एसएसआई सुभाष धनखड़ एवं कानून गो और लेखपाल मौजूद रहे।

### एसएसपी ने थाने का किया निरीक्षण

**डिलारी।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद सतपाल अंतिली ने थाने का निरीक्षण कर अलविदा जुम्मे की नमाज शांतिपूर्वक अदा करने की



अपील की ,निरीक्षण के दौरान थाने में साफ सफाई, सीज वाहन,कंट्रोल रूम, अस। लेह आदि चेक किये ,अपराधिक रजिस्टर खगाले, सब कुछ ठीक रहा, थाना डिलारी का रखरखाव अच्छा बताया गया।बैठक में कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद ने की ,कार्यक्रम का संचालन थाना प्रभारी डिलारी योगेंद्र कुमार ने किया ,आने वाले त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की, साथ ही गंगा जमुनी तहजीब रखने का दिशा निर्देश जारी किया , इस मौके पर चौकीदारों एवं पत्रकारों को टॉर्च बताकर सम्मानित किया गया,इस मौके पर ग्राम प्रधान, बलराम सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष मुजम्मिल हुसैन पूर्व सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर मोहम्मद अयूब ,डॉ अनुपम शर्मा ,हरपाल ,कृपाल ,रईस अहमद ,विपि ग्राम प्रधान के हर सिंह, ग्राम प्रधान बलराम सिंह, ग्राम प्रधान धर्मपाल सिंह, ढकिया नगर पंचायत के अध्यक्ष मुजम्मिल हुसैन, अखलाक आदि मौजूद रहे।

### थाना समाधान दिवस में एएसपी सोनाली मिश्रा ने सुनी जन समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में एएसपी सोनाली मिश्रा ने जन समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर आई 7 शिकायतों में 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। थाना समाधान दिवस में एएसपी सोनाली मिश्रा ने और कोतवाली प्रभारी



सत्येन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से जन समस्याएं सुनी। इस मौके पर अनेक मामलों को लेकर शिकायतें आई। जिस पर पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इसके अलावा राजस्व विभाग, पुलिस विभाग आदि से संबंधित 7 शिकायतें आई। जिनमें 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया बाकी शिकायतों के निस्तारण का आश्वासन दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से लेखपाल आदि सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# टिमिट में फेस पेंटिंग प्रतियोगिता: रंगों के जादू से सजी रचनात्मक अभिव्यक्ति

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) में एक अनूठी और कलात्मक प्रतियोगिता फेस पेंटिंग प्रतियोगिता: द पोट चौलेंजष का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता. कल्पनाशीलता और कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह १०:३० बजे टिमिट के सेमिनार हॉल में हुई, जहाँ बड़ी संख्या में उत्साही विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छात्रों को अपने चेहरे को कैनवास के रूप में उपयोग करने और उसमें अपनी कल्पना के रंग भरने का अवसर प्रदान किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी कला प्रतिभा को उभारते हुए विभिन्न भावनाओं, परंपराओं, और सांस्कृतिक प्रतीकों को दर्शाने वाले अद्भुत पेंटिंग्स तैयार किए। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी फेस पेंटिंग तकनीक, रंगों के संयोजन, कलात्मक अभिव्यक्ति और समय प्रबंधन का शानदार प्रदर्शन किया। कुछ छात्रों ने सामाजिक मुद्दों को उजागर किया, तो कुछ ने प्रकृति और मानवीय भावनाओं को अपने चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता का एक और मुख्य उद्देश्य छात्रों की सृजनात्मक सोच को निखारना और उनकी आत्म-अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा, श्इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उनके कलात्मक और रचनात्मक कौशल को भी निखारती हैं। यह प्रतियोगिता सिर्फ रंगों का खेल नहीं थी, बल्कि इसमें हर विद्यार्थी ने अपनी कल्पनाशक्ति से एक संदेश दिया। टिमिट हमेशा अपने छात्रों को नवाचार और रचनात्मकता के लिए प्रेरित करता रहेगा।ष प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया. लेकिन असली जीत उन सभी छात्रों की थी जिन्होंने अपनी कल्पना को साकार करने का साहस दिखाया। इस आयोजन ने न केवल उनकी कला प्रतिभा को मंच प्रदान किया, बल्कि उनमें टीमवर्क, आत्म-अभिव्यक्ति और समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण कौशल भी विकसित किए। टिमिट में आयोजित यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए न केवल एक रचनात्मक गतिविधि थी, बल्कि उनके लिए सीखने और स्वयं को व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी साबित हुई। ऐसे आयोजनों से न केवल छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि उनकी रचनात्मक सोच को भी नई ऊंचाइयाँ मिलती हैं।




# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**कांठ (शाह टाइम्स)** चक्कालिलेट के पास ट्रेन की चपेट में आने से छजलेट के युवक की मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शब को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। आज शब गांव आया तो कोहराम मच गया हरकिशनपुर निवासी पुष्पेंद्र पुत्र नारायण सिंह किसी कार्य के लिए कैलशा की ओर गया था।

बताया गया कि वहां रेलवे लाइन पर वह ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया जानकारी मिलने पर परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए



बताया गया कि युवक अभी अविवाहित था जबकि कुछ लोग उसके मानसिक रूप से बीमार होने की बात भी कह रहे हैं।

पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शब गांव आया तो कोहराम मच गया परिजनों ने गम के माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार किया है।

# सड़क हादसे में नगर पंचायतकर्मी की मौत

**कुन्दरकी।** नगर पंचायत के कर्मचारी शनिवार को सुबह सवेरे अपने घर से मेरठ के लिए किसी काम से निकला था रास्ते में अमरोहा जनपद के निकट एक सड़क हादसे में नूर पुत्र आस मोहम्मद उम्र लगभग 40 वर्ष की मौत हो गई। हादसा करने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया आसपास के लोगों ने किसी तरह मृतक को मौके से उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग और नगर पंचायत के सभी कर्मचारी मौके पर पहुंच गए देर शाम मृतक का पोस्टमार्टम हुआ और उसके परिजन उसका शव घर ले आए। मृतक के तीन बेटे और तीन बेटियां हैं। घटना के बाद से पत्नी सन्नो, पुत्र सुभान, रोहन, पुत्री जोया, अनायजा, फिजा का रो रो कर बुरा हाल है।



# कोतवाली परिसर में हुआ शांति समिति की बैठक का आयोजन

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की और सभी से अपने-अपने पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। शनिवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में कोतवाली प्रभारी ने सभी क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं पर चर्चा की, जिसमें अनेक लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र की वर्तमान स्थिति को बताया।

नगर में कई वक्ताओं ने ई-रिक्शा के कारण जाम जैसी स्थिति से अवगत कराया। कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने रजिस्टर से पुराना रिकॉर्ड पढ़कर सुनाया और वर्तमान स्थिति का पता किया। इसके साथ ही पूरे क्षेत्राधिकार राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि अगर कोई भी अराजक तत्व किसी भी हिंसा को भड़काने का काम करता है तो उसकी सूचना प्रशासन को दें, जिस पर नियंत्रण पाया जा सके। प्रशासन का सहयोग करें, प्रशासन आप सभी का सहयोग करेगा। इस दौरान मुख्य रूप से निरीक्षक अपराध जयदेव सिंह, व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, केके गुप्ता, चिराग अग्रवाल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इकरार हुसैन, मौलाना मुकीम अहमद, कारी हबीबुर्रहमान, सलीम सैफी, निखिल पांडे, कार्तिक पांडे, गिरीश कुमार गर्ग, आकाश बंसल, बासु शर्मा, ग्राम प्रधान वकार अहमद, पूर्व ग्राम प्रधान सरफराज पाशा, सभासद सलीम सिद्दीकी, सभासद मनीष राणा, सभासद आमिल सिद्दीकी, सभासद जरीफ अंसारी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जहांगीर, ग्राम प्रधान माजिद अंसारी, फाजिल मलिक, पूर्व ग्राम प्रधान कल्याण सिंह, पंडित विनोद कुमार मिश्रा, ग्राम प्रधान विनय कुमार, सभासद ब्रज रत्न प्रजापति, पंकज चौहान, हुकुम सिंह, सभासद गिरीश कुमार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता आदि सहित अनेक लोग मौजूद रहे। बैठक का संचालन व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने किया।



# आश्वासन समिति की बैठक में सपा विधायक फहीम इरफान ने उठाए जनहित के मुद्दें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सपा विधायक एवं सरकारी आवाश्वसन संबंधी समिति के सदस्य हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने शनिवार को सर्किट हाउस मुरादाबाद में आयोजित समीक्षा बैठक में जनहित के मुददों को उठाया। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने नगर बिलारी में गाटा संख्या ९५७ पर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बनाये जाने, शुगर मिलों में गन्ना किसानों का बकाया भुगतान को अतिशीघ्र दिलाये जाने, मुरादाबाद में नये कारागार भवन का निर्माण कराये जाने, मिलावटी खाद्य पदार्थों पर अंकुश लगवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत पात्र लोगों को आवास दिलाने, जिला पंचायत के निजी स्त्रोतों को बढ़ाने, जिला पंचायत मुरादाबाद के क्षेत्र को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अनाधिकृत रूप से किये गये कब्जे का मुक्त कराने, भूमाफियों के खिलाफ कार्यवाही कराने, ग्रामों की आबादी से होकर गुजर रही हाईटेंशन लाइनों को प्राथमिकता के आधार पर हटाने, खुले तारों को बंच केविलों में परिवर्तित कराने संबंधी जनहित के मुददे रखें। इस दौरान उत्तर प्रदेश विधानसभा की सरकारी आश्वासन संबंधी समिति के सभापति डा० अजय कुमार ने जनपद मुरादाबाद के समस्त आला




अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की बातों पर अमल करते हुए उनके सभी कार्यों में सहयोग करें, कहा कि सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान जनहित के मुददों को उठाते रहे है, उनके द्वारा उठाये गये विकास कार्यों के मुददों को पूरा कराया जाये।

इस अवसर पर समिति के सदस्य विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव, विधायक नवाब इकबाल महमूद, विधायक केतकी सिंह, उप सचिव एवं समिति अधिकारी रोहित वाजपेयी, डीएम अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल, सीडीओ सुमित यादव समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## बगियावाली मंदिर पर अव्यवस्था के चलते महिला का हार चोरी

**चन्दौसी।** श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने के लिए मंदिर जाते हैं पर मंदिर व्यवस्था के कुचक्र में फंसकर कीमती गहने व सामान गवां बैठते हैं। आखिर मंदिर प्रबंधन के सम्बन्ध में किसकी जिम्मेदारी बनती है जहां भक्त बड़ी लालसा जात लगाने देवी मां के मंदिर पर पहुंचते हैं। भीड़ को बुलाना आसान है क्योंकि श्रद्धालु देवी मां के नाम लाखों रुपये का चढ़ावा मंदिर पर चढ़ाते हैं जिससे वहां पुजारी पूरे वर्ष ऐश एवं शाही जिंदगी जीते हैं पर जब श्रद्धालु के कीमती गहने एवं पर्स गायब होते हैं तो प्रबंधन तंत्र की जिम्मेदारी बनती है। वहीं प्रबंधन तंत्र जो मेले के नाम कमाई खाते हैं।

# जीवन में उत्तम आचरण और नैतिक मूल्य महत्वपूर्ण

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की ओर से रिविजीटिंग ह्यूमन वैल्यूज एंड प्रोफेशनल एथिक्स फ्रॉम इंडियन नॉलेज सिस्टम पर सेकेंड ऑनलाइन नेशनल कॉन्क्लेव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी, इंदौर में प्रबंधन में भारतीय लोकाचार शिक्षण के अग्रदूत डॉ. पीएन मिश्रा ने कहा, कोई भी समाज असत्य को स्वीकार नहीं करता है, क्योंकि असत्य के आधार पर समाज का निर्माण संभव नहीं है। असत्य केवल भ्रम और अव्यवस्था का कारण बनता है। उन्होंने बताया कि चोरी, क्रोध और पाप समाज का पतन करते हैं। नैतिक मूल्यों का नाश करते हैं। समाज में अनुशासन और नैतिकता आवश्यक हैं ताकि व्यक्ति और समाज दोनों ही सही दिशा में आगे बढ़ सकें। डॉ. मिश्रा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र- आईकेएस सेंटर की ओर से रिविजीटिंग ह्यूमन वैल्यूज एंड प्रोफेशनल एथिक्स फ्रॉम इंडियन नॉलेज सिस्टम पर आयोजित सेकेंड ऑनलाइन नेशनल कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन ने कार्यक्रम की थीम की विस्तार से व्याख्या की। प्रो. जैन ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा भारतीय मूल्य, नैतिकता, अहिंसा और जैन धर्म के दृष्टिकोण को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ती है। उच्च शिक्षा केवल तकनीकी और व्यावसायिक ज्ञान देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानवता, नैतिकता और भारतीय संस्कृति के महत्वपूर्ण सिद्धांतों को भी संरक्षित और बढ़ावा देने का क्षेत्र है। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने यूनिवर्सिटी की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी, इंदौर की पूर्व कुलपति डॉ. रेणु जैन ने कहा, जीवन का वास्तविक उद्देश्य न केवल भौतिक सुखों का संचय करना है, बल्कि आत्म-साक्षात्कार और समाज में योगदान देना भी है। समाज में व्यक्तिगत सफलता से ज्यादा महत्वपूर्ण समाज का समग्र विकास और एकता है। प्रसिद्ध लेखक और वक्ता डॉ. नंदितेश निलय ने कहा कि परिवार हर व्यक्ति का पहला समाज होता है। परिवार न केवल बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बल्कि यह समाज में अच्छे नागरिकों की नींव भी रखता है। परिवार से ही व्यक्ति को आदर्शों, मूल्यों और संबंधों की समझ होती है। भोपल के स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के बोर्ड ऑफ गवर्नेंस एवम् नेशनल समिति ऑफ ह्यूमन वैल्यूज एंड प्रोफेशनल एथिक्स के चेयरमैन डॉ. एचडी चारन ने बताया, भारतीय ज्ञान में यह माना जाता है, प्रकृति और जीवन के सभी पहलु आपस में जुड़े हुए हैं। यह एक समग्र दृष्टिकोण है, जिसमें मनुष्य को प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखते हुए अपने जीवन को जीने की सलाह दी जाती है। व्यवहार और नैतिक मूल्यों का महत्व पर डॉ. चरन ने यह कहा कि जीवन में अच्छे आचरण और नैतिक मूल्य महत्वपूर्ण हैं। हमारे आचरण से न केवल हमारा व्यक्तिगत विकास होता है, बल्कि समाज में भी शांति और समृद्धि का माहौल बनता है। गुरुकुल कांगड़ी यूनिवर्सिटी, हरिद्वार में प्रबंधन अध्ययन संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार सिंह ने कहा, प्राचीन भारतीय समाज में विभिन्न जातियों और वर्गों का स्पष्ट विभाजन था, जो प्रत्येक वर्ग को अपनी जिम्मेदारियों और अधिकारों का ज्ञान कराता था। उन्होंने धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के महत्व को स्पष्ट करते हुए बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा में इन्हें जीवन के चार स्तंभ माना गया है। धर्म जीवन के नैतिक और आध्यात्मिक पहलू, अर्थ भौतिक समृद्धि और संसाधनों के सही उपयोग और काम व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक सुख की प्राप्ति का आधार है, जबकि मोक्ष आत्मा की मुक्ति और परम शांति की प्राप्ति को दर्शाता है। टीएमयू भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र के प्रोफेसर चेयर डॉ. अनुपम जैन ने कहा कि जीवन में कुटिलता का आचरण और लोभ की भावना से दूर रहना चाहिए, क्योंकि ये मानसिक विकृति समाज में विघटन और असंतोष पैदा करती हैं। उन्होंने कहा, प्रतिस्पर्धा से अधिक मिलजुल कर काम करने की भावना महत्वपूर्ण है ताकि समाज का हर व्यक्ति उन्नति की दिशा में आगे बढ़े। जब व्यक्ति बदलता है, तो समाज भी बदलता है, और जब समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं, तो राष्ट्र भी बदलता है।

संचालन टीएमयू आईकेएस सेंटर की समन्वयक डॉ. अल्का अग्रवाल और सेंटर फॉर टीचर लर्निंग एंड डवलपमेंट-सीटीएलडी के निदेशक डॉ. पंकज सिंह ने संयुक्त रूप से किया।



# कार व दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को बच्चों के साथ मारपीट कर निकाला

**ठाकुरद्वारा।** दहेज लोभी पति व ससुराल वालों ने चार पहिया वाहन व दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर मासूम बच्चे सहित मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की। कोतवाली क्षेत्र के गांव शरीफ नगर निवासी नाजिया पुत्री अहमद हसन ने पुलिस को दी शिकायत में कहां की उसकी शादी 26 जनवरी 2024 को कोतवाली क्षेत्र के गांव वोवद वाला निवासी युवक के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। माता-पिता ने अपनी हैसियत से अधिक दान दहेज व हर जरूरत का समान दिया था। आरोप है कि पति व ससुराल वाले कम दहेज को लेकर आए दिन उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीडन करने लगे। जब वह विरोध करती तो उसके साथ मारपीट की जाती। वह अपनी ससुराल वालों की यातनाएं सहती रही इसी दौरान 1 मार्च 2025 को उसने पुत्र को जन्म दिया। आरोप है कि 21 मार्च को पति ,सास ,ससुर, देवर आदि ने एक राय होकर चार पहिया वाहन व दो लाख रुपये अपने माता-पिता से लाने का दवाव बनाया। विरोध किया तो उसे बुरी तरह मारा पीटा। किसी तरह मोबाइल से घटना की सूचना उसने अपने माता-पिता को दी। जिस पर 22 मार्च की सवेरे 9.00 माता मेहताब पिता अहमद हसन ,मौसी शहनाज, नूरजहां मेरी ससुराल पहुंचे। गांव में एक पंचायत आयोजित की गई। आरोप है कि इस दौरान ससुराल वालों ने मेरी माता-पिता पर अन्य रिश्तेदारों के साथ गाली गलौज करते हुए भरी पंचायत में मारपीट की और मात्र पहने कपड़ों में मासूम बच्चों सहित घर निकाल दिया। और जान से मारने की धमकी दी। पीडित महिला ने पुलिस को तहरीर देखकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की।

## शनिबाजार से बाइक चोरी, तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** साप्ताहिक कपड़े के बाजार से खरीदारी करने गए बाइक सवार अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए। बाइक स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रतूपुरा निवासी उमेश सैनी पुत्र अतर सिंह ने बताया कि शनिवार को नगर में मोहल्ला ढाल के निकट लगने वाले कपड़े के बाजार से पकड़ो की खरीदारी करने के शनिवार को बाइक से गया था। बाइक ठाकुरद्वारा सुरजननगर मार्ग पर बाजार में रेत बजरी के पास खड़ी करके खरीदारी करने चला गया। वापस आकर देखा तो बाइक गायव थी। काफी तलाश के बाद बाइक कोई पता नही चला। इस पर बाइक स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए बाइक बरामदगी की गुहार लगाई।

# भाजपा नेता ने पुलिया का निर्माण रुकवा कर अधिकारियों को सही दिशा में पुलिया निर्माण कराने की मांग

**ठाकुरद्वारा।** डिलारी सूरजन नगर मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रही पुलिया को विभाग द्वारा टेढ़ी बनाए जाने पर ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर पुलिया के निर्माण को रुकवा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया का निर्माण सीधी दशा में बनवाये जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। डिलारी सुरजन ननगर नगर मार्ग पर स्थित नजरपुर पट्टी गांव के निकट पूर्व में बनी पुलिया टेढ़ी बनने के कारण आए दिन लगातार को दुर्घटनाएं होती रहती थी जिसको लेकर करीब ३ वर्षों से क्षेत्रवासी में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता उक्त टेडी नुमा मार्ग पर पानी पुलिया को तुड़वाकर सीढ़ी पुलिया बनवाए जाने की मांग करते चले आ रहे थे। काफी प्रयासों के बाद लोक निर्माण विभाग ने टेढ़ी पुलिया को तुड़वाकर फिर से उसी दिशा केंद्र में पुलिया का निर्माण शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने अधिकारियों सेपुलिया का निर्माण सीधा कराए जाने की मांग की लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों की शिकायत को नजर अंदाज कर दिया जिसको लेकर भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचकर मौके पर मौजूद ठेकेदार से पुलिया का निर्माण सीधा कराए



जाने की वात की। भी ग्रामीणों ने पहुंचकर प्रदर्शन भी किया। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया का निर्माण टेढ़ा होने से फिर से वही स्थिति पैदा होगी जिस तरह से पहले आए दिन दुर्घटनाएं घटित होती थी। पुलिया टेढ़ा होने के कारण दूसरी साइट का दिखाई ना देने पर वाहन चालकदुर्घटनाग्रस्त हो जाते थेकरीब एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक पुलिया का निर्माण सीधा नहीं होगा तब तक वह उक्त पुलिया का निर्माण नहीं होने देंगे। इस संबंध में ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कुलदीप पंत से वार्ता कर पुलिया का निर्माण सही दिशा में कराए जाने के लिए कहा जिस पर उन्होंने साइट का निरीक्षण कर सही दिशा में पुलिया का निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया। वही ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि पुलिया का निर्माण सही दिशा में नहीं कराया गया तबग्रामीणआंदोलन करने के लिए उपाध्याय होंगे। प्रदर्शन मेंअंकुर चौहान सोनू चौहान संजीव कुमार आदेश कुमारदीपक कुमार जय सिंह जयचंद योगेश कुमार कृपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### जल प्रकृति का दिया हुआ अमूल्य उपहार: डॉ डीके अग्निहोत्री

**चन्दौसी।** नगर चंदौसी के शिक्षाविद् व पर्यावरणविद् डॉ डी.के. अग्निहोत्री ने बताया कि आज 22 मार्च को भारत समेत सम्पूर्ण विश्व जल दिवस के रुप में मना रहा है, यह दिवस मनाने का उद्देश्य जल के महत्व व जल संरक्षण के बारे में जन जागरूक करना है। विश्व जल दिवस, 2025 की थीम 'ग्लेशियर संरक्षण' निर्धारित की गयी जो ग्लेशियर के संरक्षण और उसके सतत् प्रबंधन पर ध्यान केन्द्रित करना है। इस संसार में ईश्वर का दिया गया जल एक अनमोल धरोहर है, क्योंकि जल ही जीवन है, जल के बिना मनुष्यों, जीव-जंतुओं व पेड़-पौधों का जीवन सम्भव नहीं है। जल एक पारिस्थितिकी तंत्र व वातावरण को संयुक्त रूप से संचालित करता है। प्रथम विश्व जल दिवस १९९३ में रियो डी. जेनेरियो में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आयोजित किया गया। इस तिथि को विश्व जल बोर्ड संगठन अपनी रिपोर्ट प्रति वर्ष प्रस्तुत करता है। भारत में जल की कमी से जूझने वाले प्रमुख राज्यों में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, पंजाब, हरियाणा, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना आदि है जबकि प्रमुख भारतीय शहरों में बैंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, नोएडा आदि शहर भी रेड जोन में आ गये है। इन शहरों का भूजल स्तर बहुत गिर गया है और पानी की कमी भंयकर रुप से कमी आई है। वर्तमान समय में जल संसाधनो की कीमत को पहचान कर, उनके संरक्षण के सामूहिक प्रयासों से ही विश्व में सभी के लिए शुद्ध जल उपलब्धता का, जल संरक्षण, जल प्रबंधन में सुधार व जल के उपयोग में कमी करके जल संकट से निपटने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### मन्दिर के आसपास लगे कूड़े के ढेर, हटवाने की पुलिस से शिकायत

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में मन्दिर के निकट कूड़े के ढेर लगे होने पर ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को शिकायत पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गंझेड़ा आलम घोटो की मंडैयो निवासी ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को शिकायत पत्र देते हुए बताया की गंझेड़ा आलम घोटो की मंडैयो में चामुण्डा मन्दिर के पास चारो ओर अवैध तरीके से कूड़े के ढेर लगा रखे हैं। जिससे बीमारियां के फैलने का खतरा बना हुआ है। वही काफी बार कूड़े को हटाने की बात कहे जाने पर कूड़ा न उठाए जाने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जिसमे इनसे उठ रही भीषण दुर्गंध से वातावरण दूषित हो रहा है। मन्दिर के चारो और से गंदगी के ढेर लगे हैं। इससे उठने वाली दुर्गंध से मन्दिर में आने वाले भक्तों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। ग्रामीण ने बताया कि इसके आसपास रहने वाले लोगों को संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका है। लोगों का कहना है कि मन्दिर के चारो तरफ से कूड़े न हटवाये जाने की मांग की है। शिकायत पत्र में हस्ताक्षर रविकुमार गोविंद, निपेन्द्र चन्दपाल, हरि सिंह, पवन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सम्पूर्ण थाना दिवस में दो शिकायत दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** सम्पूर्ण थाना दिवस का आयोजन कोतवाली परिसर में नयाब तहसीलदार की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें दो फरियादी ने पहुच कर अपनी शिकायत दर्ज कराई जिसमे मौके पर कोई निस्तारण नही हो पाया हैं। नगर में शनिवार को सम्पूर्ण थाना दिवस का आयोजन कोतवाली परिसर में नयाब तहसीलदार आदित्य सिंह, की अध्यक्षता में किया गया,। इस दौरान राजस्व विभाग के संबंधित एक शिकायतें दर्ज की गई।

फरियादी ने अपनी समस्याओं को नयाब तहसीलदार आदित्य सिंह के सामने रखा, जिन्होंने उनकी शिकायतों को सुना वही मौके पर कोई निस्तारण नही हो सका वही फरियादी को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। इस दौरान कोतवाली प्रभारी विवेक शर्मा, इंस्पेक्टर क्राइम संजय शुक्ला, एसएसआई ब्रजेंद्र सिंह, लेखपाल राधेश्याम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सरदार भगत सिंह के जीवन पर डाला प्रकाश

**बिलारी।** श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरपुर काशी बिलारी में 23 मार्च महान क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह को लाहौर की जेल में सुखदेव, राजगुरु के साथ फांसी की सजा दी गई थी। उनके चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर सभी ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने सरदार भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज युवा पीढ़ी को एवं राजनीतिक दलों को इन महान क्रांतिकारियों के जीवन एवं त्याग बलिदान से सवक लेने की जरूरत है राजनीतिक दल एवं युवा पीढ़ी स्वदेश प्रेम एवं क्रांतिकारी स्वभाव के संस्कारों से वंचित हो रही है। इसलिए शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ राष्ट्र व समाज के प्रति क्रांतिकारी बनने की आवश्यकता है। इस अवसर पर शौर्या चौहान, उर्वशी सैनी, मनीष यादव, मोहम्मद अर्श, यश चौहान, अविरल यादव, कुमारी कल्पना यादव, नेहा यादव, दृष्टि यादव, पूर्वी, पुष्पेंद्र यादव, नेतराम सिंह, किशन कश्यप, राकेश कुमार प्रजापति, कौशल सागर, दीपक कुमार विश्नोई, पद्मेंद्र यादव, ऋषिपाल सिंह, कुमारी शिवानी सैनी, कुमारी अंजली सागर, सोनी एवं वैशाली ने पुण्यतिथि में श्रद्धा सुमन अर्पित कर इंकलाब जिंदाबाद, सरदार भगत सिंह अमर रहे, सुखदेव एवं राजगुरु के अमर रहे के नारे भी लगाए गये।

# वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी के दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर बांधा समा

## कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को बीडीओ व ब्लॉक प्रमुख पति ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** शनिवार को विकास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर बलभद्र में वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख पति डॉक्टर वीर सिंह सैनी तथा विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी ठाकुरद्वारा चौतन्य पाठक द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर किया गया।

स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम में सरस्वती वंदना,स्वागत गीत,प्लास्टिक के दुरुपयोग,कृष्ण सुदामा मिलाप,मोबाइल का दुष्प्रभाव तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उपस्थित एस.आर.जी. संजय विशाल नेगी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार हेतु चलाए जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी द्वारा









अभिभावकों को शिक्षकों के साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके।ब्लॉक प्रमुख पति द्वारा बेसिक शिक्षकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई और उन्होंने कहा कि बेसिक विद्यालयों में भी अनेक प्रतिभाएं छिपी है बस उन्हें सही मंच देने की आवश्यकता है। एआरपी पीयूष कुमार प्रशांत,सतीश मोहन और नवनीत बिश्नोई ने संगोष्ठी में उपस्थित अभिभावकों से परिषदीय विद्यालयों के प्रति विश्वास बनाए रखने की अपील की।अंत में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।मंच का संचालन त्रिवेंद्र कुमार द्वारा किया गया।बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष वीर सिंह चंद्रवीर सिंह,प्रधानाध्यापक ओमकार सिंह, अरुण कुमार, अवधेश कुमार, नवनीत शर्मा, अश्वनी कुमार,आलोक कुमार नितिन कुमार,निकेश कुमार,नरेंद्र सिंह,भूरे खां, अतुल प्रताप,शुभम शर्मा,भीम सिंह,भूप प्रकाश, महेश, रोहित, मोहित,दमयंती निखरे, कविता, सोनी आदि शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# हशनत रजा ने इमामों को बांटीं स्कूटी

● मस्जिद में तरावीह की नमाज मुकम्मल होने पर दिए गए तोहफे

**कुन्दरकी।** नगर के समाज सेवी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उम्मीदवार हाजी हशमत रजा इन दिनों सुर्खियों में हैं। नगर में उनकी चौतरफा तारीफ हो रही है। हाजी हशमत रजा उस्मानी नगर की विभिन्न मस्जिदों में तरावीह की नमाज मुकम्मल होने पर उपहार के तौर पर मोटरसाइकल स्कूटी भेंट कर रहे हैं। उन्होंने हाल में नगर की नूरानी वाली मस्जिद के इमाम को मोटर साईकल भेंट की उसके बाद चमन वाली मस्जिद, मस्जिद अबू बकर में इमाम साहब को स्कूटी तोहफे में दी। आज साबरी मस्जिद और लाइनपार की छोटी मस्जिद में स्कूटी दी जाएगी। हाजी हशमत रजा का कहना है, हमे इमामो का बहुत एहतराम करना



चाहिए। रमजान के पाक महीने में अल्लाह की रहमत बरसती है। इस पाक महीने में दिल खोलकर काम करना चाहिए। अल्लाह की रजा के लिए नेक काम करना चाहिए। आगे भी हमारी खिदमत जारी रहेगी।

## पाकबड़ा चेयरमैन मौहम्मद याकूब के केम्प कार्यालय में मुकम्मल हुआ कुरान शरीफ

**मुरादाबाद।** चेयरमैन मौहम्मद याकूब के केम्प कार्यालय में खत्म उल कुरान की रस्म अदा हुई। रमजान का महीना बहुत ही पाक व मुकद्दस महीना है। इस महीने में हर मुसलमान पर रोजा रखना फर्ज है और हर नमाजी को बाद नमाज ईशा नमाजे तरावीह, जिसमें हर रोज 20 रकात नमाज सुन्नते मोक्कादा अदा की जाती है। इन तराबियों के मौके पर कुरआने करीम पढ़ा जाता है। पाकबड़ा चेयरमैन मौहम्मद याकूब के केम्प कार्यालय में हाफिज अजहरुद्दीन द्वारा कुरान सुनाया गया ओर कारी अली वारिस अत्तारी द्वारा सुना गया।खत्म उल कुरान के मौके पर इमाम साहिब ने बहुत ही मकसूस दुआ की। गुनाहों के लिए अल्लाह से तौबा की और मुल्क में अमनो अमान कायम रखने के लिए दुआएं की इसके बाद तबर्रुक बांटा गया। पेश इमाम जामा मस्जिद पाकबड़ा काजी शम्मे आलम ने बताया कि पाकबड़ा चेयरमैन मौहम्मद याकूब के केम्प कार्यालय पर कुरान शरीफ पूरा हुआ आपस में भाईचारे एवं आलम में अमान व अमन की दुआ की गई। जिस की रोशनी में मुसलमान अपनी जिंदगी बसर करते हैं। चेयरमैन मौहम्मद याकूब द्वारा गुलपोशी कर सभी का शुक्रिया अदा किया ओर भाईचारा बनाएँ रखने की अपील की इस मोके पर पाकबड़ा मस्जिदों के इमाम व मुफ्ती सलीम, हाफिज तसव्वर,कारी अनवर,हाजी हनीफ सैफी, सिकंदर अहमद सुल्तान, दानिश मलिक, शफीक मुत्वल्ली, सलमान,सूफी मुजीब आलम, सलमान, इम्तियाज, मो.महबूब आदि मोजूद रहे।

## शांतिभंग में दो का किया चालान

**भोजपुर।** भोजपुर पुलिस ने लड़ रहे जयपाल सिँह पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम कोरबाकू गिरफ्तार किया जबकि हसनैन पुत्र आले हसन निवासी ग्राम रुस्तमपुर तिगरी लड़ रहा था पुलिस ने गिरफ्तार किया शनिवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों का शांति भंग में चालान कर दिया।

# ...जीवन भर ये खारे आंसू ही बेचे हैं

## सुरेश चंद्र शर्मा को सुरेन्द्र मोहन मिश्र स्मृति सम्मान से किया गया सम्मानित

**मुरादाबाद।** प्रख्यात साहित्यकार, इतिहासकार एवं पुरातत्ववेत्ता स्मृतिशेष सुरेन्द्र मोहन मिश्र की पुण्यतिथि पर मुरादाबाद मंडल के साहित्य के प्रसार एवं संरक्षण को पूर्ण रूप से समर्पित संस्था साहित्यिक मुरादाबाद और विजयश्री वेलफेयर सोसाइटी की ओर से आयोजित समारोह में अमरोहा के वरिष्ठ इतिहासकार (वर्तमान में गाजियाबाद निवासी) सुरेश चंद्र शर्मा को पं सुरेन्द्र मोहन मिश्र स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें मान पत्र, श्रीफल,अंग वस्त्र और सम्मान राशि प्रदान की गई। समारोह की अध्यक्षता साहित्यकार एवं पुरातत्ववेत्ता अतुल मिश्र ने की तथा संचालन डॉ मनोज रस्तोगी एवं विवेक निर्मल ने किया।





नवीनगर स्थित मानसरोवर कन्या इंटर कॉलेज में मनोज वर्मा मनु द्वारा प्रस्तुत मां सरस्वती वंदना से आरंभ समारोह के प्रथम चरण में साहित्यकारों ने स्मृतिशेष पं सुरेन्द्र मोहन मिश्र तथा सम्मानित इतिहासकार सुरेश चंद्र शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। साहित्यिक मुरादाबाद के संस्थापक डॉ मनोज रस्तोगी ने कहा २२ मई १९३२ को चंदौसी में जन्में पंडित सुरेंद्र मोहन मिश्र ने न केवल साहित्यकार के रूप में ख्याति प्राप्त की बल्कि इतिहासकार और पुरातत्ववेत्ता के रूप में भी विख्यात हुए। उन्होंने अतीत में दबे साहित्य को खोज कर उजागर किया। आपकी मधुगान, कल्पना कामिनी, कविता नियोजन, कवयित्री सम्मेलन, बदायूं के रणबांकुरे राजपूत, इतिहास के झरोखे से संभल,शहीद मोती सिंह, पवित्र पंवासा, मुरादाबाद जनपद का स्वतन्त्रता संग्राम, मुरादाबाद और अमरोहा के स्वतन्त्रता सेनानी ,मीरापुर के नवोपलब्ध कवि तथा आजादी से पहले की दुर्लभ हास्य कविताएं का प्रकाशन हो चुका है तथा अनेक पुस्तकें अप्रकाशित हैं। आपका देहावसान 22 मार्च 2008 को हुआ। सह संयोजक आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ ने कहा कि 22 दिसंबर 1941 को अमरोहा में जन्में सुरेश चन्द्र शर्मा का जनपदीय इतिहास लेखन के क्षेत्र में सुरेशचन्द्र शर्मा का उल्लेखनीय योगदान रहा है। इसके अतिरिक्त महाभारत का संख्यावाची कोश पुस्तक अप्रकाशित है। सम्मानित इतिहासकार सुरेश चंद्र शर्मा ने जनपदीय इतिहास के पुनर्लेखन और प्रकाशन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में स्मृतिशेष सुरेन्द्र मोहन मिश्र की रचनाओं का पाठ भी हुआ। उनके सुपुत्र अतुल मिश्र ने उनके गीत का सस्वर पाठ करते हुए कहा....जीवन भर ये खारे आंसू ही बेचे हैं/ सपन मोल लेने को/ कनक कन गला बेचे, मिट्टी के, पत्थर के/ रतन मोल लेने को /नये पथ बनाने में सुनो, वंशधर मेरे/ कुटिया का तृण-तृण बिक जाये, तो क्षमा करना !! कार्यक्रम के दूसरे चरण में आयोजित काव्य गोष्ठी में डॉ प्रेमवती उपाध्याय, हरि प्रकाश शर्मा, अशोक बिश्नोई, श्री कृष्ण शुक्ला, ओंकार सिंह ओंकार, डॉ राकेश चक्र, डॉ मीरा कश्यप, राजीव सक्सेना, प्रत्यक्ष देव त्यागी, डॉ धनंजय सिंह, रवि चतुर्वेदी, मूलचंद राजू ,इशांत शर्मा इशू ,सत्येंद्र धारीवाल, डॉ पुनीत रस्तोगी, योगेंद्र वर्मा व्योम, मनोज कुमार मनु, राशिद मुरादाबादी, सरिता लाल, राहुल शर्मा, डॉ कृष्ण कुमार नाज, संजीव आकांक्षी, डॉ ममता सिंह, डॉ अर्चना गुप्ता, राशिद हुसैन, दुष्यंत बाबा मयंक शर्मा, प्रीति अग्रवाल आदि ने काव्य पाठ किया।

# बीआरसी केंद्र पर दिव्यांग बच्चों की अच्छी शिक्षा को हुई पैरेंट्स काउंसलिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के बीआरसी केंद्र पर विकास क्षेत्र बिलारी में खण्ड शिक्षा अधिकारी अजहरे आलम के दिशा निर्देशन में विशेष शिक्षक अमित सिंह व न्याय पंचायत प्रभारी फरहत अली एवं राजीव कुमार वीर पाल यादव की देखरेख में एवं अन्य विशेष शिक्षक पूजा अवस्थी, नरेंद्र पाल, राजेश कुमार, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ सैय्यद साइम रजा के सहयोग से दिव्यांग बच्चों के माता-पिता को उनके देख भाल व पुनर्वास के गुरु सिखाये व बताये गए आज पेरेंट्स काउंसलिंग का तीसरा व अंतिम चरण आयोजित किया गया। शनिवार को पेरेंट्स काउंसलिंग में खंड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि फरहत अली द्वारा कहा गया कि दिव्यांग बच्चों की सेवा एवं इनको शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य ही परम सेवा है। इनको दया नहीं सहयोग की आवश्यकता है। किसी भी बच्चे को ऐसी सुविधाओं से वंचित नहीं किया जाएगा और समस्त बच्चों को शिक्षा से जोड़ने हेतु हर संभव विभागीय प्रयास से लाभान्वित भी कराया जाएगा। उपकरण एवं उपस्कर की सहायता से ये बच्चे विद्यालय तक सुगमता पूर्वक जाएंगे और अपनी सुविधा अनुसार आसानी से शिक्षा ग्रहण करेंगे तथा अपने जीवन में



स्वावलंबी बनेंगे, सभी अभिभावकों अशोक गुप्ता, उषा देवी, विनोद कुमार नईम, कौशल आदि का विशेष सहयोग रहा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अब्दुल्लापुर लेदा
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो/मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांक: 22.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत अब्दुल्लापुर लेदा में मनरेगा योजनान्तर्गत गौशाला में अतिरिक्त कैटल सैड का निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 14.04.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अब्दुल्लापुर लेदा में गौशाला में अतिरिक्त कैटल सैड निर्माण कार्य। | सीमेंट, सरिया, ईंट, रोड़ा, बजरी, मोटा रेत लोहा, चादर, एंगिल, पाइप, जीआई सीट आदि। | 800000/- | 16000/- | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:-** 1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-अब्दुल्लापुर लेदा**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कूड़ामीरपुर
### विकास खंड-छजलैट ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो/ग्राम निधि/-मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांक: 20.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कूड़ामीरपुर विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त-मनरेगा/पन्द्रहवां वित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति दिनांक 27.03.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 27.03.2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कूड़ामीरपुर में अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य। | - | 388319/- | 2% | 300/- | 3 माह |

**शर्तें-**
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत कूड़ामीरपुर**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

# चेपक में धमाकेदार मुकाबले के लिए मुंबई व चेन्नई तैयार

**चेन्नई, वार्ता।** पांच पांच बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब अपने नाम कर चुकी मुबंई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स रविवार को चेपक में रोमांचक मुकाबले के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। चेन्नई आईपीएल 2025 में रुतुराज गायकवाड़ के नेतृत्व में नई टीम और नए जोश के साथ उतरेगी। पिछले सीजन में प्लेऑफ में जगह बनाने से चूकने के बाद, सीएसके अपना दबदबा फिर से हासिल करने के लिए उत्सुक है।

65 पारियों में 41-75 की औसत और 137 की स्ट्राइक रेट से 2380 रन बनाने वाले गायकवाड़ सीएसके की बल्लेबाजी लाइनअप की मुख्य कड़ी होंगे। गायकवाड रचिन रवींद्र के साथ ओपनिंग कर सकते हैं, जिनका स्ट्राइक रेट 140-46 है, जबकि गायकवाड़ का स्ट्राइक रेट 131-90 है। इससे आक्रामक शुरुआत का संकेत




■ पिछले सीजन में प्लेऑफ में जगह बनाने से चूकने के बाद सीएसके अपना दबदबा हासिल करने को उत्सुक

मिलता है। राहुल त्रिपाठी के नंबर 3 पर अजिंक्य रहाणे की जगह खेलने की उम्मीद है। शिवम दुबे और हमेशा भरोसेमंद एमएस धोनी की मौजूदगी वाली सीएसके का मध्यक्रम मैच को खत्म करने में अहम भूमिका निभाएगा। एक दशक बाद रविचंद्रन अश्विन और चार साल बाद सैम कुरेन की वापसी से ऑलराउंडर विभाग को बढ़ावा मिलेगा, जिससे टीम को अमूल्य अनुभव मिलेगा। चेपक में सीएसके के लिए स्पिन एक अहम हथियार होगी। रवींद्र जडेजा, अश्विन और अफगानिस्तान के नूर अहमद की तिकड़ी बीच के ओवरों में विपक्षी टीम पर दबाव बनाने की कोशिश करेगी। इस बीच, तेज गेंदबाजी की अगुआई मथेशा पथिराना और कुरेन करेंगे, जिसमें पथिराना की डेथ ओवर यॉर्कर एक बड़ा खतरा साबित हो सकती है। हार्दिक पांड्या की अगुआई में मुंबई इंडियंस पिछले साल के संघर्ष से उबरने के इरादे से इस सीजन में उतरेगी। हालांकि, पिछले सीजन में धीमी ओवर-रेट के कारण निलंबन के कारण पांड्या अपने शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी अनुपस्थिति में सूर्यकुमार यादव कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा, सूर्यकुमार, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा सहित अपने मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। इंग्लैंड के विल जैक्स, न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, दक्षिण अफ्रीका के रेयान रिकेल्टन और अनुभवी स्पिनर मिशेल सेंटनर ने टीम को मजबूत किया है। शिवम दुबे और हमेशा भरोसेमंद एमएस धोनी की मौजूदगी वाली सीएसके का मध्यक्रम मैच को खत्म करने में अहम भूमिका निभाएगा।

एक दशक बाद रविचंद्रन अश्विन और चार साल बाद सैम कुरेन की वापसी से ऑलराउंडर विभाग को बढ़ावा मिलेगा, जिससे टीम को अमूल्य अनुभव मिलेगा। चेपक में सीएसके के लिए स्पिन एक अहम हथियार होगी। रवींद्र जडेजा, अश्विन और अफगानिस्तान के नूर अहमद की तिकड़ी बीच के ओवरों में विपक्षी टीम पर दबाव बनाने की कोशिश करेगी। इस बीच, तेज गेंदबाजी की अगुआई मथेशा पथिराना और कुरेन करेंगे, जिसमें पथिराना की डेथ ओवर यॉर्कर एक बड़ा खतरा साबित हो सकती है। हार्दिक पांड्या की अगुआई में मुंबई इंडियंस पिछले साल के संघर्ष से उबरने के इरादे से इस सीजन में उतरेगी। हालांकि, पिछले सीजन में धीमी ओवर-रेट के कारण निलंबन के कारण पांड्या अपने शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी अनुपस्थिति में सूर्यकुमार यादव कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा, सूर्यकुमार, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा सहित अपने मुख्य खिलाड़ियों को बरक. रार रखा है, जबकि जेद्दाह नीलामी में महत्वपूर्ण अधिग्रहण किए हैं। इंग्लैंड के विल जैक्स, न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, दक्षिण अफ्रीका के रेयान रिकेल्टन और अनुभवी स्पिनर मिशेल सेंटनर ने टीम को मजबूत किया है। जैसे ही आईपीएल 2025 शुरू हो रहा है, सीएसके बनाम एमआई मुकाबला एक शुरुआती ब्लॉकबस्टर होने का वादा करता है।

### टीमें

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), शेख रशीद, आंद्रे सिद्धार्थ सी, राहुल त्रिपाठी, शिवम दुबे, विजय शंकर, दीपक हुडा, रचिन रवींद्र, रामकृष्ण घोष, रवींद्र जडेजा, अंशुल कंबोज, रविचंद्रन अश्विन, सैम कुरेन, डेवोन कॉनवे, एमएस धोनी, वंश बेदी, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, मथीशा पथिराना, श्रेयस गोपाल, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, गुरजपनीत सिंह, नूर अहमद, खलील अहमद- मुंबई इंडियंस: सूर्यकुमार यादव (अस्थायी कप्तान), रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, नमन धीर, बेवॉन जैकब्स, हार्दिक पंड्या, राज बावा, विग्नेश पुथुर, विल जैक्स, सत्यनारायण राजू, मिशेल सेंटनर, अर्जुन तेंदुलकर, रयान रिकेल्टन, रॉबिन लमज, कृष्णन श्रीजीत, जसप्रित बुमरा, अश्विनी कुमार, एएम ग़ज़नफ़र, रीस टॉपले, लिज़ाद विलियम्स, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### हॉकी इंडिया ने मनदीप और उदिता को दी शादी की बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने स्टार खिलाड़ी मनदीप सिंह और उदिता दुहान को परिणय सूत्र में बंधने की बधाई दी है। हॉकी इंडिया ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि हॉकी इंडिया अपने स्टार खिलाड़ियों मनदीप सिंह और उदिता दुहान को हार्दिक बधाई देता है, जो आज अपनी शादी का जश्न मना रहे हैं। अपने-अपने क्षेत्रों में अनुकरणीय समर्पण और प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले इस जोड़े ने देश भर के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए रोल मॉडल की भूमिका निभाई है। हॉकी इंडिया नवविवाहितों को उनके व्यक्तिगत और पेशेवर सफर में जीवन भर खुशियां और सफलता की कामना करता है। गौरतलब है कि ओलंपियन मनदीप सिंह ने शुक्रवार को भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर उदिता कौर के साथ जालंधर के मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में सात फेरे लिए थे। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोला सिंह और अन्य साथी खिलाड़ी मौजूद रहे। जालंधर के गांव मिट्ठापुर निवासी मनदीप सिंह (30) ने विश्व कप 2014 और 2018, एशियाई खेल 2018, राष्ट्रमंडल खेल 2018, एशिया कप 2013, हॉकी वर्ल्ड लीग टियर 4 फाइनल 2014 और 2017, हॉकी वर्ल्ड लीग टियर तीन 2013 और 2017 और चैंपियंस ट्रॉफी 2016 और 2018 में प्रदर्शन किया है।

### भारतीय पैरा जूडो टीम विश्वकप में भाग लेने पहुंची तिब्लिसी

**लखनऊ, वार्ता।** भारतीय पैरा जूडो की नौ सदस्यीय टीम विश्वकप में भाग लेने शनिवार को जार्जिया के तिब्लिसी पहुंच गई। यहां आई-बी-एस-ए- जूडो वर्ल्ड कप का आयोजन जार्जियन पैरालम्पिक कमेटी द्वारा किया जा रहा है। दृष्टिबाधित जूडो खिलाड़ियों के लिये इण्डियन ब्लाइंड एण्ड पैरा जूडो एसोसिएशन द्वारा लखनऊ स्थित इण्डियन पैरा जूडो एकेडमी में प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य कोच मुनव्वर अंघर एवं सहायक कोच अकरम शाह मौजूद रहे।

# पोंटिंग को उम्मीद, पंजाब बनेगा आईपीएल का नया बादशाह

**मोहाली, वार्ता।** पंजाब किंग्स के नए हेड कोच रिकी पोंटिंग को उम्मीद है कि उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का खिताब जीत सकती है। मेटा क्रिएटर्स के साथ बातचीत में ऑस्ट्रेलियाई विश्व कप विजेता टीम के कप्तान पोलटग इस सीज़न की नीलामी में बनाई गई नई टीम के प्रति काफ़ी आश्वस्त दिखे और उन्हें उम्मीद है कि वे इस साल ट्रॉफी जीतेंगे।

आईपीएल ट्रॉफी जीतने को अंतिम लक्ष्य बताते हुए, पोंटिंग ने बताया कि कैसे टीम बेहतर होने और सुधार करने के लिए हर मिनट का उपयोग कर रही है और इसलिए, इस सीजन में लकग्स का सामना करने से पहले विरोधियों को खुद को अच्छी तरह से तैयार करना चाहिए। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा कि इस टीम का लक्ष्य आईपीएल जीतना है। धर्मशाला में आयोजित कैम्प में शामिल होने के पहले दिन ही मैंने खिलाड़ियों से कहा था कि हम पंजाब किंग्स की सबसे बेहतरीन टीम बनाने जा रहे हैं। हम इसी यात्रा पर हैं और यह रातों-रात नहीं होता। आपको इसे बनाना होता है। पोंटिंग ने कहा कि जीतना वास्तव में एक नजरिया है। अगर हम खेलने के लिए आते हैं, तो विरोधी टीम खेलने के लिए आती है। अगर वे हमें हराना चाहते हैं, तो ऐसा लगता है कि वे हमसे कुछ छीन रहे हैं और मैं किसी को भी मुझसे या मेरी टीम से कुछ छीनने नहीं देना चाहता। इसके अलावा, नए मुख्य कोच का



■ पोंटिंग इस सीजन की नीलामी में बनाई गई नई टीम के प्रति आश्वस्त दिखे

मानना है कि टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का सही संतुलन है, जो टूर्नामेंट में उनकी सफलता सुनिश्चित करने में एक और महत्वपूर्ण कारक होगा। अभ्यास में पहले से ही उन्हें प्रभावित करने वाले युवाओं का खुलासा करते हुए, रिकी ने कहा कि प्रियांश आर्य, मुझे लगता है कि टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए हमारे लिए एक बहुत ही खास संभावित सलामी बल्लेबाज है। हम अपने विदेशी मेकअप के साथ किस तरह से आगे बढ़ते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि वह बहुत ही रोमांचक है। सूर्यांश शेज भी ऐसे खिलाड़ी हैं जो अब तक हमारे प्रशिक्षण में बहुत प्रभावशाली रहे हैं। हेड कोच ने आगे कहा कि जब मैं ऊर्जा और मस्ती की बात करता हूं, तो एक और खिलाड़ी जिससे मैं प्रभावित हूं, वह है मुशीर खान। वह पहले से ही समूह में बहुत कुछ लेकर आया है। उसका रवैया बहुत ही आकर्षक है, और प्रशिक्षण मैदान और टीम के आसपास अब तक, वह ऐसा व्यक्ति रहा है जिसके साथ काम करने में मुझे बहुत मज़ा आया है। पोंटिंग ने बताया कि कैसे वह युवाओं के लिए सही उदाहरण स्थापित करने के लिए विदेशी अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा करते हैं क्योंकि युवा उनसे प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत कुछ दिया कि वे सही उदाहरण पेश करें। क्योंकि बहुत से युवा घरेलू भारतीय खिलाड़ी विदेशी लड़कों को आदर्श मानते हैं और अगर विदेशी लड़के सही काम नहीं कर रहे हैं, तो युवा भारतीय खिलाड़ियों के लिए भी सही काम न करना आसान है। इसलिए मैं विदेशी खिलाड़ियों को नेतृत्व करने करने के लिए सशक्त बनाता हूं। इंडियन प्रीमियर लीग के सीजन 18 के लिए किंग्स का अभियान 25 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ शुरू होगा। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एक और मैच के बाद, वे अपने घरेलू मैदान- न्यू पीसीए स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ दो घरेलू मैच खेलने के लिए वापस आएंगे।

# आईपीएल पहला मुकाबला : कोलकाता ने दिया बेंगलुरु को 175 रन का लक्ष्य

**कोलकाता।** आईपीएल-18 के पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरबसीबी) को जीत के लिए 175 रन का टारगेट दिया।

ईडन गार्डन्स स्टेडियम में बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोल. काता ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 174 रन बनाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 31 बाल पर 56 रन की पारी खेली। जबकि सुनील नरेन ने 26 बाल पर 44 रन बनाए। अंगकृष रघुवंशी ने 30 रन का योगदान दिया। बेंगलुरु से क्रुणाल पंड्या ने तीन विकेट लिए। जोश हेजलवुड को दो विकेट मिले। यश दयाल, रसिख सलाम और सुयश शर्मा को एक-एक विकेट मिला। पारी के आखिरी ओवर में जोश हेजलवुड ने 5 रन खर्च दिए। इस ओवर में एक विकेट भी आया। हेजलवुड ने



हर्षित राणा को पवेलियन भेजा। 19वें ओवर में कोलकाता ने 7वां विकेट गंवाया। यहां अंगकृष रघुवंशी 30 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें यश दयाल ने विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। 18वें ओवर में अंगकृष रघुवंशी ने जोश हेजलवुड की बाल पर 90 मीटर का छक्का मारा। 16वें ओवर के बाद आरबसीबी ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम का उपयोग किया। यहां सुयश शर्मा की जगह देवदत्त पडिक्कल को बुलाया गया। 16वें ओवर में कोलकाता ने 6 विकेट गंवाया। सुयश शर्मा ने आंद्रे रसेल (4 रन) को बोल्ड कर दिया। इसी ओवर में टीम ने 150 रन का आंकड़ा भी हासिल कर लिया। 15वें ओवर में कोलकाता ने 5वां विकेट गंवाया।

# राजस्थान के खिलाफ मजबूत इरादों से अभियान का आगाज करेगा हैदराबाद

■ पैट कमिंस की अगुआई में हैदराबाद की टीम पूरी तरह संतुलित

**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद रविवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अभियान की शुरुआत करेगा। पिछले साल शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद घरेलू टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ फाइनल में लड़खड़ा गई थी, लेकिन अब वह मजबूत शुरुआत करना चाहेगी। इस बीच राजस्थान रॉयल्स, जो हैदराबाद से दूसरे क्वालीफायर में बाहर हो गई थी, इस मुकाबले में जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। हैदराबाद का इस मैदान पर शानदार रिकॉर्ड रहा है, पिछले सीजन में वह यहां सिर्फ एक बार हारी थी। पिछले तीन मुकाबलों में जीत दर्ज करके वे राजस्थान पर मनोवैज्ञानिक बढ़त भी हासिल कर चुके हैं। दूसरी ओर, राजस्थान को अपने गेंदबाजी आक्रमण पर लचता है और उम्मीद है कि उनकी बल्लेबाजी लाइनअप इसकी भरपाई कर सकेगी। ऑस्ट्रेलियाई तेज गें. दबाज पैट कमिंस की अगुआई में हैदराबाद की टीम में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में गहराई है। उम्मीद है कि कलमस आगे बढ़कर नेतृत्व करेंगे और अपनी टीम को जीत की ओर ले जाएंगे। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी मजबूत नींव रखने की कोशिश करेगी। ईशान किशन मध्यक्रम की कमान संभालेंगे, जबकि नीतीश रेढी और सचिन बेबी टीम को स्थिरता प्रदान करेंगे। खेल के सबसे बेहतरीन फिनिशरों में से एक हेनरिक क्लासेन पारी के अंतिम चरण में वियान मुल्डर और अभिनव मनोहर के साथ अहम भूमिका निभाएंगे।

# अल्काराज़ दूसरे दौर में ही बाहर

■ मियामी ओपन के दूसरे दौर में गॉफनि के हाथों मिली करारी हार

**फ्लोरिडा, वार्ता।** डेविड गॉफ़नि से मिली आश्चर्यजनक हार के साथ कार्लोस अल्काराज़ ने मियामी ओपन के दूसरे दौर में ही बाहर हो गये। चार बार के मेजर चैंपियन अल्काराज़ को बेल्जियम के विश्व में 55वें नंबर के खिलाड़ी गॉफ़नि ने 5-7, 6-4, 6-3 से हराया। स्पेन के अल्काराज़ ने 2022 में मियामी ओपन का खिताब जीता था और वह पिछले हफ़्ते इंडियन वेल्स के सेमीफ़ाइनल में पहुंचे थे।

21 वर्षीय अल्काराज़ ने कहा कि मुझे लगा कि मैं अच्छा टेनिस खेलूंगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। मेरे कदम ठीक नहीं चल रहे थे। मैं न तो घायल था और न ही बीमार। मैच से पहले मैं बिल्कुल फिट महसूस कर रहा था। सही मायनो में सामान्य तौर पर मेरा प्रदर्शन खराब



रहा। इसके विपरीत, एक अन्य मैच में नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया के रिंगकी हिजिकाटा पर 6-0, 7-6 (7-1) की जीत के साथ अपने तीन मैचों की हार का सिल. सिला तोड़ दिया। अल्काराज़ ने गॉफ़नि के खिलाफ़ 42 अनफोर्स्ड एरर किए, जो दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी को हराने वाले शीर्ष-30 से बाहर के पहले खिलाड़ी हैं। गॉफिन ने कहा कि यह ऐसी रात है जिसे मैं निश्चित रूप से याद रखूंगा। अल्काराज के खिलाफ़ और ऐसे स्टेडियम में जीत हासिल करना अविस्मणीय है।

# शंगुमन ने एथलेटिक्स में जीता पहला स्वर्ण



**नई दिल्ली, वार्ता।** तमिलनाडु के रमेश शंगुमन ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के दूसरे दिन शुक्रवार को पुरुषों की 800 मीटर टी53/टी54 स्पर्धा में पहला स्वर्ण जीता। आज यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपनी जीत को लेकर साई मीडिया से बातचीत में शंगुमन ने कहा कि मैंने अपने जीवन में बहुत संघर्षों का सामना किया है। मुझे कुछ हासिल करना है। हर दिन बस आता है और चला जाता है। लेकिन मुझे अपना नाम बनाने की इच्छा थी। मुझे खुद को साबित करना है। मैं हर दिन खुद को प्रेरित करता हूं। अब मेरे माता-पिता बहुत खुश हैं। 2023 में पहले खेलो इंडिया पैरा गेम्स में मैंने कांस्य पदक जीता था लेकिन इस बार मैंने स्वर्ण पदक जीता। मेरा परिवार मेरा बहुत बड़ा सहारा है। उनके बिना, मैं पदक विजेता नहीं बन पाता। उधर, इंदिरा गांधी स्टेडियम में पैरा बैडलमटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन को पेरिस पैरालंपियन नितेश कुमार और टोक्यो पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता कृष्णा नागर जैसे खिलाड़ियों ने अपना दबदबा दिखाते हुए कुछ रोमांचक मुकाबले खेले।

पेरिस 2024 के स्वर्ण पदक विजेता नितेश कुमार ने अपने वर्ग में फाइनल में जगह बनाई, जबकि कृष्णा नागर ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के अन्य शीर्ष नाम नित्या श्री और पलाल कोहली भी अपने-अपने वर्गों में आगे बढ़े।

### आज के परिणाम

एथलेटिक्स, पुरुष डिस्कस थ्रो एफ11

मोनू घंगास (हरियाणा) ने स्वर्ण, सागर (हरियाणा) रजत, प्रवीण शर्मा (राजस्थान) कांस्य पदक जीते।

पुरुष शॉट पुट एफ40/एफ41

रवि रोंगाली (आंध्र प्रदेश) स्वर्ण, अभिषेक (हरियाणा) रजत, मनोज सिंगराजा (तमिलनाडु) कांस्य पदक जीते।

पुरुष 100 मीटर दौड़ टी-13

चैतन्य विजय पाठक (महाराष्ट्र) स्वर्ण, मीत तधानी (गुजरात) रजत, कलाराम पटेल (छत्तीसगढ़) कांस्य पदक जीते।

पुरुषों की 100 मीटर दौड़ टी35 फ़ाइनल

विपिन (उत्तर प्रदेश) स्वर्ण, जतिन सिंह (दिल्ली) रजत, रवि कुमार (उत्तर प्रदेश) ने कांस्य पदक जीता।

पुरुषों की 100 मीटर दौड़ टी36

चिराग (दिल्ली) स्वर्ण, अर्पित शर्मा (मध्य प्रदेश) रजत, हरियाणा ने एथलीट ने कांस्य पदक जीता।

महिला शॉट पुट एफ53/एफ54

कीर्तिका जयचंद्रन (तमिलनाडु) स्वर्ण, कंचन लखानी (हरियाणा) रजत, गीता कन्नन (तमिलनाडु) ने कांस्य पदक जीता।

बैडमिंटन मुकाबलों में परिणाम इस प्रकार रहे:-

कृष्णा नागर ने एमएस एसएच 6 में क्वार्टर फाइनल चरण में महेश को 21-3, 21-6 से हराया

मनदीप कौर ने डब्लूएस एसएल 3 में सेमीफाइनल में संजना कुमारी को 21-12, 21-18 से हराया।

# गार्डनर न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर

■ टी- 20 मैच के दौरान एश्ले की अंगुली में फ्रैक्चर हो गया है

**ऑकलैंड, वार्ता।** अंगुली में चोट की शिकार ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की प्रमुख ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर न्यूजीलैंड दौरे के खिलाफ श्रृखंला के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गई है। शुक्रवार को पहले टी-20 मैच के दौरान उनकी दाहिनी तर्जनी अंगुली में फ्रैक्चर हो गया है। स्कैन में इसकी पुष्टि हो गई है।

जिसकी वजह से गार्डनर शेष मैच नहीं खेल पायेगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने इसकी पुष्टि की है। गार्डनर 17वें ओवर में खुद की गेंद पर रिर्टन कैच लेने के प्रयास में चोटिल हो गईं थी जिसके बाद सोफी डिवाइन ने उनकी गेंदों पर जबरदस्त प्रहार किया। गार्डनर अब आगे के स्कैन की प्रक्रिया से गुज. रेंगी और सिडनी लौटने पर विशेषज्ञ की सलाह लेंगी। गार्डनर की



अनुपस्थिति में, अनकैप्ड ऑलराउंडर चार्ली नॉट को 23 मार्च को खेले जाने वाले दूसरे टी-20 में मौका दिया गया है। क्वींसलैंड की इस 22 वर्षीय खिलाड़ी को उनके घरेलू मैचों में बेहतर प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए अवसर दिया गया है।, जिन्होंने 2024-25 महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग सीज़न में 542 रन बनाए और 12 विकेट लिए। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने महिला बिग बैश लीग के 10वें संस्करण में भी अपनी लय बरकरार रखी, जहां उन्होंने ब्रिस्बेन हीट के लिए 187 रन बनाए और छह विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी-20 मैच में न्यूजीलैंड के 137/2 के स्कोर को आसानी से मात्र 13-3 ओवर में जीत हासिल कर ली। मेली केर ने 46 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाकर पारी की शुरुआत की, जबकि पूर्व कप्तान सोफी डिवाइन ने 39 रन का योगदान दिया, हालांकि बीच के ओवरों में दोनों को रन बनाने में दिक्कत हुई।

इसके विपरीत, ऑस्ट्रेलिया की टीम लगातार जीत की ओर अग्रसर रही, जिसमें सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी (75 नाबाद) और जॉर्जिया वोल (50) ने मात्र 66 गेंदों पर 123 रन की साझेदारी करके जीत सुनिश्चित की और मेजबान टीम को सीरीज में 1-0 से आगे कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की नयी टी-20 टीम में ताहलिया मैकग्राथ (कप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोल फाल्टम, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना लकग, चार्ली नॉट, फोबे लिचफील्ड, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम शामिल हैं।

# मध्य प्रदेश, हरियाणा और मिजोरम ने राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में जीत दर्ज की

**रांची, वार्ता।** राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-2025 के अंतिम चरण के तीसरे दिन शुक्रवार को मध्य प्रदेश, हरियाणा और मिजोरम ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। आज यहां खेले गये पहले मैच में मध्य प्रदेश ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को पूल ए में 1-0 से हराया।

मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन अंततः स्नेहा पटेल ने (42वें) मिनट में गोलकर मध्यप्रदेश को बढ़त दिला दी। यह मैच का विजयी गोल साबित हुआ। यह मध्य प्रदेश की टूर्नामेंट में दूसरी जीत है और पूल स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। अगले मैच में हरियाणा ने हॉकी बंगाल को 2-0 से हराया। हॉकी हरियाणा के लिए सेजल ने (52वें) और सुप्रिया ने (59वें) मिनट में एक-एक गोल करके तीन मैचों में से अपनी तीसरी जीत हासिल की। घ्इसके साथ ही हॉकी हरियाणा ने पूल स्टैंलडग में शीर्ष स्थान बनाए रखा है। आज के दूसरे मैच में मिजोरम ने पूल 'ए' में मणिपुर को 4-0 से हराया। मिजोरम के लिए वनलालरिंगहुई ने (27वें) मिनट, बी-लालरिनपुई ने (29वें) मिनट, मंगलावमसंग ने (40वें) और के वनलालपेकी ने (60वें) मिनट में एक-एक गोल करके टूर्नामेंट में एक और जीत हासिल की। मणिपुर को हराने के बाद मिजोरम अब पूल स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।

# एमडीए की मैराथन पुरुष वर्ग में गौरव कसाना व महिला वर्ग में रेणु सिंह ने मारी बाजी

## ● प्रगमन-2025 मैराथन: स्वास्थ्य, भागीदारी और विकास की ओर एक महत्वपूर्ण कदम का एमडीए ने कराया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित प्रगमन-2025- विकास की ओर बढ़ते कदम मैराथन का सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस मैराथन ने स्वस्थ जीवनशैली, साम. ुदायिक भागीदारी और शहर के सतत विकास के प्रति मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। प्रात: 6 बजे डक। कार्यालय से प्रारंभ हुई इस 6 किलोमीटर की दौड़ में सभी आयु वर्गों और लिंग के धावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन ने शहरवासियों को एक मंच प्रदान किया, जहाँ वे न केवल अपनी फिटनेस को प्रोत्साहित कर सके, बल्कि शहर के विकास से भी जुड़ने का अवसर मिला। इस भव्य आयोजन में 200 से अधिक धावकों ने प्रतिभाग किया, जिसमें पुरुष और महिला प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ दौड़ लगाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडलायुक्त, पुलिस उपमहानिरीक्षक और मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथियों के रूप में आञ्जनेय कुमार सिंह , मंडलायुक्त मुनिराज , पुलिस उपमहानिरीक्षक; कुँवर आकाश सिंह , पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण; गुलाब चंद्र, अपर जिलाधिकारी (एडीएम); एवं राजीव कालरा, उपस्थित रहे। इनके साथ ही शैलेष कुमार उपाध्यक्ष, श्रीमती अंजूलता सचिव; जय प्रकाश, मुख्य लेखाधिकार ; एवं डॉ. अजय पाठक, संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ की विशेष भागीदारी ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस मैराथन को सफल बनाने के लिए अथक परिश्रम किया। मैराथन का उद्देश्य एवं विशेषताएँ: प्रगमन-2025 का उद्देश्य केवल स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना ही नहीं था, बल्कि मुरादाबाद के समग्र विकास में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना भी था। इस अवसर पर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित विभिन्न संपत्तियों की जानकारी भी प्रतिभागियों और दर्शकों को प्रदान की गई, जिससे शहरवासी इन विकास परियोजनाओं से लाभान्वित हो सकें। प्रतिभागियों की सुविधा एवं सम्मान: प्राधिकरण ने सभी धावकों के लिए जलपान और प्राथमिक चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था की थी। दौड़ पूरी करने वाले सभी प्रतिभागियों को उनकी भागीदारी के सम्मान में प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। विजेताओं की घोषणा और पुरस्कार वितरण: पुरुष एवं महिला दोनों श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 12 विजेताओं को नकद पुरस्कार, पदक और प्रमाणपत्रों से सम्मानित किया गया। पुरुष वर्ग प्रथम स्थान गौरव कसाना 10,000, पदक, प्रमाणपत्र द्वितीय स्थान अभिषाक 7,000, पदक, प्रमाणपत्र तृतीय स्थान: जैनु कुमार 5,000, पदक, प्रमाणपत्र महिला वर्ग-प्रथम स्थान रेणु सिंह (10,000, पदक, प्रमाणपत्र) द्वितीय स्थान: सुशीला चौहान (7,000, पदक, प्रमाणपत्र) तृतीय स्थान: काजल कुमारी (5,000, पदक, प्रमाणपत्र) अन्य विजेताओं में हरेंद्र, प्रतिमा, राहुल मौर्य, पूजा, कौशलेन्द्र और अंकित कुमारी को भी सम्मानित किया गया।




स्वस्थ जीवनशैली और शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम यह मैराथन केवल एक प्रतियोगिता न होकर स्वास्थ्य, साम. ुदायिक जुड़ाव और शहर के सतत विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल रही। इस आयोजन ने नागरिकों को फिटनेस के प्रति जागरूक किया और खेल भावना को मजबूत किया। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों, प्रशासनिक अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं सह-प्रायोजकों का धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## एक नजर

### खलीलपुर गांव के पास नहर पर हुई सड़क दुर्घटना में दोनों पक्षों ने कराई एफआईआर दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** दिनेश पुत्र हरपाल निवासी मल्लीवाला थाना कांठ का कहना था कि १४ मार्च को उसके जीजा भारत पुत्र मोतीलाल व मोतीलाल पुत्र छोटे अपनी मोटर साईकिल से मल्लीवाला गांव से मुरादाबाद जा रहे थे घर जाते समय गांव नीगू नगला की पुलिया के पास पहुँचे तो सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटर साईकिल ने भारत की मोटर साईकिल में टक्कर मार दी जिससे भारत सिंह की मौके पर मृत्यु हो गई व मृतक के पिता मोतीलाल गम्भीर घायल हो गये मोतीलाल को जिला अस्पताल मुरादाबाद रेफर कर दिया गया जिनका इलाज बरेली अस्पताल में चल रहा है जबकि पूजा पत्नि अनिल कुमार निवासी ग्राम-ठाँठ थाना-काँठ का कहना था कि उसके पति १४ मार्च को अपनी मोटर साईकिल से अपने पुत्र मानव को बैठाकर गाँव आ रहे थे नीगू नगला की पुलिया के पास सामने से एक मोटर साईकिल के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर पति की मोटर साइकिल मे टक्कर मार दी जिसमे उसके पति के चौटे आई व पुत्र मानव कुमार की मौके पर मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से मामला दर्ज किया है।

### खबर का असर मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, आरटीओ कार्यालय में दलाली पर सख्त आदेश जारी

**मुरादाबाद।** दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़े निर्देश जारी करते हुए कहा है कि आरटीओ कार्यालय में दलालों का प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने आरटीओ कार्यालयों में चल रही दलाली पर कड़ा रुख अपनाते हुए सख्त आदेश जारी किए हैं। दैनिक समाचार पत्र के एक्स हैंडल से मुख्यमंत्री को टेक करके खबर पोस्ट की गई थी एक्स हैंडल पर की रिपोर्ट को व्यापक प्रतिक्रिया मिली, जिसमें नागरिकों ने आरटीओ कार्यालय में भ्रष्टाचार और दलालों के सक्रिय होने की शिकायतें की थीं। जनता की आवाज को संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आरटीओ कार्यालयों में किसी भी प्रकार की दलाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम नागरिकों को किसी बिचौलिए की जरूरत न पड़े और सभी सेवाएं पारदर्शी तरीके से दी जाएं। इस आदेश के बाद संबंधित विभागों में हलचल मच गई है, और प्रशासनिक अमले ने सख्ती से दिशा-निर्देशों का पालन करने की तैयारी शुरू कर दी है। जनता को उम्मीद है कि सरकार की इस कार्रवाई से भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और आरटीओ से जुड़े कार्य अब सुगमता से पूरे होंगे।

### माटीकला के प्रति लोगों को किया जागरूक

**मुरादाबाद।** ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया उ०प्र० माटीकला बोर्ड द्वारा एक दिवसीय माटीकला सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप मनीष ठाकुर, ब्लॉक प्रमुख, मुरादाबाद द्वारा दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उनके



द्वारा माटीकला योजनाओं की जानकारी भी दी गयी, जिससे माटीकला के कारीगर/शिल्पकार अधिक प्रभावित हुए तथा माटीकला के प्रति जागरुक भी हुए। उनके अतिरिक्त माटीकला विशेषज्ञो रविन्द्र देव, फाइन आर्ट्स विशेज्ञय, प्रवेश वर्मा विशेज्ञय, टी.एम.यू. एवं बरखा उपाध्याय, डिजाइन विशेज्ञय, द्वारा माटीकला के प्रति लोगों को जागरुक होने के लिए अपना व्याख्यान दिया। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता द्वारा भी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी।

### रमजान में अपने गुनाहों की करें तौबा: अरबाज जैदी

**कुंदरकी।** माफीमकबूलियत की रात 21 23 25 27 29 रमजान की मकबूलियत की रात में अल्लाह गुनाहों को माफ कर देता हैं इन रात में हम अपने रब से रो रो कर माफी मांगी चाहिए जो भी हम से गुनाह हुए हैं उन गुनाहों पर अफसोस करे और अल्लाह से माफी मागें।

# सैल्यूट तिरंगा संगठन ने दी शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद।** सैल्यूट तिरंगा संगठन द्वारा शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।इस मौके पर सरदार गुरविंदर सिंह द्वारा क्रांतिकारियों का इतिहास बताया गया।मेजर राजीव ढल ने भगत सिंह राजगुरु सुखदेव के बलिदान की कहानी लोगों को बताई कि किस प्रकार किन कठिन परिस्थितियों में उन क्रांतिकारियों ने अपना बलिदान देकर देश को आजाद कराया।धवल दिक्षित ने सुंदर गीत के माध्यम से शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि दी।पूनम गुप्ता द्वारा शहीद स्मारक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन का इतिहास बताया कि किस प्रकार से आजादी के आंदोलन में मुरादाबाद के लोगों ने भी अपना बलिदान दिया। इस मौके पर अमान सिद्दीकी लक्ष्मी चौहान ने भी अपने विचार व्यक्त किया।इस मौके पर सरदार गुरविंदर सिंह धवल दिक्षित मेजर राजीव ढल डॉक्टर पूनम गुप्ता अमान सिद्धकी, लक्ष्मी चौहान बड़ी संख्या में राष्ट्रभक्त उपस्थित रहे और भारत माता की जय वंदे मातरम और सैल्यूट तिरंगा जिंदाबाद के नारों से शहीद स्मारक गुंजयमान हो गया।




# विश्व जल दिवस पर रामगंगा में चलाया स्वच्छता अभियान एवं जल संवाद

**कांठ( शाह टाइम्स )** परिवर्तन ष्दी चेंजष संस्था ने विश्व जल दिवस के अवसर पर लालबाग में रामगंगा के तट पर रामगंगा स्वच्छता अभियान के पश्चात रामगंगा घाट पर ही जल संवाद का आयोजन किया। युवा जैन मिलन व जैनेसिस कोचिंग इंस्टिट्यूट एवं दयानंद के स्वयं सेवकों ने सहभागिता करी। बताया गया कि संस्था विगत 147 सप्ताह से साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के माध्यम से स्वयंसेवकों की मदद से रामगंगा से कभी न गलने वाला कूड़ा नगर निगम की मदद से निगम की निश्चित जगह पर पहुचाती आ रही है, आज भी संस्था ने सभी संस्थाओं के स्वयंसेवकों, की मदद से ७५० किला. ग्राम से ज्यादा कभी न गलने वाला कचरा रामगंगा के तट से उठाकर नगर निगम की मदद से निश्चित जगह पर पहुँचाया। जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें लालबाग के स्थानीय लोगों को भी जोड़ा गया व विश्व जल दिवस पर इस साल की थीम ग्लेशियर का संरक्षण को लेकर जल की सुविधा महत्वता के विषय में संवाद किया गया। संस्था के अध्यक्ष कपिल कुमार ने वैश्विक स्तर से मुरादाबाद स्तर पर जल संरक्षण के विषय में विचार रखें, स्थानीय लोगों ने रामगंगा घाट पर हो रहे परिवर्तन के विषय में बताया व अपनी पूर्ण सहभागिता देने के लिए वायदा किया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष कपिल कुमार जी, प्रिंस कुमार, विवेक कुमार, आदित्य एवं अरिहंत जैन, अंकित सक्सेना सहित संस्था के पदाधिकारी व स्वयं सेवक उपस्थित रहे।



# गोकुलदास हिन्दू गर्ल्स कॉलेज में हुआ वार्षिकोत्सव का आयोजन

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिन्दू गर्ल्स कॉलेज के वार्षिकोत्सव श्उन्नयनश का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक माननीय डा.हरि सिंह ढिल्लन, विशिष्ट अतिथि शिक्षा सेवा आयोग के सदस्य डा.रोहिताश कुमार एवं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.चारु मेहरोत्रा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। तदुपरांत सरस्वती वन्दना और महाविद्यालय के कुलगीत की सुमधुर प्रस्तुति की गई। प्राचार्या ने पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया। उपप्राचार्या प्रो.अंजना दास द्वारा महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की गई। वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि डॉ हरि सिंह ढिल्लन, विशिष्ट अतिथि एवं प्राचार्या द्वारा सत्र 2024 की परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली तथा अन्य गतिविधियों में अव्वल रहने वाली छात्राओं को गोकुल प्रतिभा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक समिति के निर्देशन में छात्राओं द्वारा भारतीय संस्कृति के विविध रूपों, अनेकता में एकता, पौराणिक कथाओं के माध्यम से लैंगिक भेदभाव समाप्त करने तथा महिला सशक्तिकरण के संदेश , द्रोणाचार्य- एकलव्य तथा द्रौपदी चीर हरण नृत्य नाटिकाएं, नताशा और मनीषा द्वारा एकल गीत, मिथिला की होली, शास्त्रीय शैली आधारित श ए गिरि नन्दिनिश बोल पर समूह गान आदि प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का संयोजन सांस्कृतिक समिति की संयोजिका प्रो. मीनाक्षी शर्मा तथा सह संयोजिका प्रो. सुदेश द्वारा एवं संचालन प्रो. करुणा आनंद तथा प्रो. प्रवीण सैनी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।कार्यक्रम में सांस्कृतिक समिति की अन्य सदस्याओं डॉ. इन्दू सिंह राजपूत,शिवानी गुप्ता, डॉ.सीमा रानी,डा.मोनिका सिंह एवं डॉ सुनीति लता का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर समाजसेवी श्रीमती प्रिया अग्रवाल, साहित्य भूषण डॉ.महेश दिवाकर, महाविद्यालय के संस्थापक गोकुलदास गुजराती जी के परिवार के सदस्य सुरेन्द्र पोरवाल, मनमोहन पोरवाल, भरत पोरवाल, जगमोहन पोरवाल, छवि पोरवाल, ममता पोरवाल, हिन्दू कालेज के प्राचार्य प्रो. एस.एस.रावत,के.जी.के.कालेज के प्राचार्य प्रो. सुनील चौधरी, बरेली कालेज की प्राचार्य प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा, प्रो. रीना अग्रवाल, डॉ. अभिषेक अग्रवाल, डॉ. सीमा शर्मा , डॉ .हिमांशु शर्मा आदि नगर के विशिष्ट बुद्धिजीवी एवं प्रतिष्ठित गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम में चीफ प्रॉक्टर प्रो. कविता भटनागर के साथ ही प्रो. अंशु सरीन, प्रो. पुनीता शर्मा, प्रो. किरन साहू , प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. किरन त्रिपाठी, प्रो. अनुराधा सिंह ,प्रो. सीमा गुप्ता, प्रो.सीमा अग्रवाल, प्रो. अपर्णा जोशी, प्रो.वंदना पांडे, प्रो. एकता भाटिया, प्रोफेसर अंचल गुप्ता, डॉ. अपर्णा तिवारी, डॉ प्रीति पांडेय, डॉ. सीमा मलिक, डॉ प्रेमलता कश्यप, डॉ. रूपाली गुप्ता, डॉ. रेनू शर्मा, डॉ शेफाली अग्रवाल, डॉ सविता अग्रवाल, डॉ प्रज्ञा मित्तल, डॉ जेबा नाज, डा. करुणा शर्मा तथा समस्त महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।



# थाना समाधान दिवस में दर्ज हुई मात्र चार शिकायतें

**चन्दौसी।** शनिवार को कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में फरियादियों की फरियाद इंस्पेक्टर मोहित चौधरी द्वारा सुनीं गयीं। गांव नबावपुरा की महिला ने मकान पर अवैध कब्जे की शिकायत की गयी। महिला का कहना था कि छोटेलाल कॉलोनी नि० मीना से खरीदा परंतु उस मकान पर आज तक कब्जा नहीं मिला। वहीं दूसरी शिकायत मौलागढ़ में एक रास्ते को लेकर दर्ज हुई। एक शिकायत इंद्रा कॉलोनीवासी महिला द्वारा लड़की गायब होने की शिकायत करायी गयी परंतु उस शिकायत का मौके पर निस्तारण किया क्योंकि लड़की ने अपनी मर्जी से कैथल नि० मुकेश के साथ चली गयी थी और उसने प्रेम विवाह कर लिया। लड़की स्कूल अभिलेखों मे बालिग हैं। आखिर लड़की के माता-पिता ने लिखकर दे दिया कि अब उनका लड़की से कोई सम्बन्ध नहीं है क्योंकि उसने बिना माता-पिता की मर्जी से शादी की है। समाधान दिवस में लेखपाल अतुल पाठक, वरुण सक्सैना, अनुराधा शर्मा एवं समस्त राजस्वकर्मी मौजूद रहे। वहीं गुन्नौर तहसील के थाना जुनावई में थाना समाधान दिवस में फरियादियों की फरियाद जिलाधिकारी डा० राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक के०के० बिश्नोई द्वारा सुनी गयीं और समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।



# भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेन्द्र सिंह का चन्दौसी आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत

**चन्दौसी।** भारतीय जनता पार्टी जिला संभल के पुन: नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह का शनिवार को नगर चंदौसी आगमन पर विभिन्न स्थानों पर पुष्प, फूलमाला, पटका एवं पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। अभिनंदन यात्रा ने नगर भ्रमण किया। स्वागत यात्रा संजी. वनी वाटिका, संभल तिराहा, मौलागढ़ पुलिया, गौशाला रोड, संभल गेट, बड़ा महादेव, खुर्जा गेट, कैथल गेट, ब्रह्म बाजार, घास मंडी, बड़ा बाजार, मुरादाबाद गेट, फुब्बारा चौक होते हुए सुभाषरोड स्थित नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के कैंप कार्यालय पर समाप्ति के बाद जलपान कराया गया। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने अपने ऐतिहासिक एवं भव्य स्वागत के लिए देवतुल्य कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है। कार्यकर्ता का सम्मान एवं सुरक्षा मेरी प्राथमिकता रहेगी। पार्टी के शीर्घ नेतृत्व ने जिस उम्मीद से मुझे जिम्मेदारी सौंपी उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, परमेश्वर लाल सैनी, ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह, पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह, गजराज सिंह, सतीश अरोरा, मनोज कठेरिया, अंकित जैन, नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, डॉ टी. एस. पाल, अभिनव शर्मा, महावीर सिंह, शुभम अग्रवाल, सुरेश सैनी, ग्रीश रतन, शरद शर्मा, ठाकुर विजेंद्र सिंह, महेंद्र पाल, ठाकुर राजेंद्र सिंह, के.पी. पाल, बंटी गोस्वामी, लकी मिश्रा, मुनेंद्र यादव, राकेश मौर्य, कमलवीर सिंह, जगतसिंह यादव, कोमल यादव, रामपाल सिंह, बबलू यादव, अनिल यादव, हरपाल कोरी आदि मौजूद रहे।

### विकासखंड बनियाखेड़ा में हुआ होली मिलन समारोह

**चन्दौसी।** शनिवार को विकास खण्ड बनियाखेड़ा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ब्लाक प्रमुख डा० सुगंधा सिंह द्वारा उपस्थित सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, सदस्य क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत सदस्य एवं समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ क्षेत्रवासियों ने प्रतिभाग किया। सभी ने मिलजुल कर होली पर्व पर एक दुसरे को पुष्प-वर्षा एवं गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं एवं बधाईयाँ प्रेषित कीं। होली मिलन समारोह में मुख्य रुप राज्यमंत्री गुलाब देवी, रामपाल सिंह, विकास किशोर उपस्थित रहे। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि सभी को मिलजुल कर एवं स्नेह के साथ होली पर्व को मानना चाहिए। यह एक अवसर ही हमें सारे सिकवे गिले दूर कर गले मिलना चाहिए। सारी बुराइयों को होली पर्व के अवसर पर त्याग देना चाहिए। ब्लाक प्रमुख डा० सुगंधा सिंह ने समस्त क्षेत्रवासियों को होली पर्व की शुभकामनाए प्रेषित कीं। विकास किशोर ने सभी को एक साथ एकजुट होकर जिसमें अधिकांश महिला की उपस्थिति में होली मिलन समारोह के सफल कार्यक्रम पर सभी को बधाई दीं।

# विश्व जल दिवस पर की विचार गोष्ठी

**चन्दौसी।** श्रीनारायण सेवा समिति (रजि.) के तत्वावधान में विश्व जल दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन शनिवार को ब्रजनगर स्थित भोलेनाथ भवन में किया गया जिसमें वक्ताओं ने जल से संबंधित अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए समिति के अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय भोलेनाथ ने कहा कि विश्व जल दिवस 1993 से हर साल 22 मार्च को मनाया जाता है जिसमें जल के सदुपयोग की सलाह दी जाती है। संरक्षक के.जी. गुप्ता ने कहा कि विश्व जल दिवस मनाने का मकसद लोगों को स्वच्छ पानी के महत्व और इसकी कमी से निपटने के लिए प्रोत्साहित करना है। समिति प्रबंधक हरीश कठेरिया एड. ने बताया कि पानी की कमी प्रदूषण और अत्यधिक दोहन जैसी चुनौतियों से हमारा जीवन संकट में पड़ सकता है, जल बचत के लिए समिति की प्रेरणा से हर साल सैकड़ों घरेलू वाटर टैंकों पर वॉटर ओवरफ्लो अलार्म लगवाए गए हैं। विपिन बालाजी ने कहा कि पानी एक मूलभूत साधन है जिससे जीवन चलता है। डॉ. जयशंकर दुबे ने कहा कि विश्व जल दिवस मनाने का मकसद पानी की बर्बादी को रोकने और लोगों को इसका महत्व समझाना भी है।

इसके पश्चात् सभी आगंतुकों को हरीश कठेरिया ने जल संरक्षण, जल सदुपयोग तथा जल संचयन की शपथ दिलाई। इस मौके पर डॉ. डी.के. अग्निहोत्री, नितेश तथा मुकुंद अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किए।






## हमास समर्थक भारतीयों पर कार्रवाई के बाद गाइडलाइन जारी

# अमेरिकी कानून मानें छात्र: भारत सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**

**भारत** सरकार ने अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के लिए गाइडलाइन जारी की है। सरकार ने कहा है कि छात्र अमेरिकी कानूनों का पालन करें। दरअसल, अमेरिकी सरकार विदेश नीति का विरोध करने वाले छात्र कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई कर रही है। इसे देखते हुए सरकार ने ये गाइडलाइन जारी की है। बीते दिनों एक भारतीय छात्र बदर खान सूरी को हमास का प्रोपेगैंडा फैलाने और इजराइल का विरोध करने के चलते गिरफ्तार किया गया था। वहीं, एक छात्रा रंजनी श्रीनिवासन के फलस्तीन समर्थक रैली में शामिल होने के चलते उसका वीजा रद किया गया था। इसके बाद उसने खुद ही अमेरिका छोड़ दिया था। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया था कि दोनों ही छात्र ने मदद के लिए अमेरिका में भारतीय दूतावास से संपर्क नहीं किया था।

विदेश मंत्रालय बोला: परेशानी हो तो भारतीय छात्र दूतावास से संपर्क करें। जायसवाल ने कहा कि सूरी को गिरफ्तार किए जाने को लेकर न तो अमेरिकी सरकार ने जानकारी दी, न ही सूरी ने हमसे संपर्क किया। इसकी जानकारी हमें मीडिया रिपोर्ट्स से मिली है। उन्होंने कहा कि रंजनी श्रीनिवासन के मामले में भी हमें मीडिया से पता चला कि वो अमेरिका छोड़कर कनाडा चली गई हैं। जायसवाल ने कहा कि अमेरिकी यूनिवर्सिटीज में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों की संख्या तेजी से बढ़ी रही है और भारत सरकार अमेरिका के साथ शैक्षिक रिश्तों को मजबूत करना चाहता है। अगर किसी भारतीय छात्र को कोई परेशानी हो तो भारतीय दूतावास उनकी मदद और सुरक्षा के लिए मौजूद है। अमेरिका के इमिग्रेशन अधिकारियों ने सोमवार रात भारतीय छात्र बदर खान सूरी को वर्जीनिया से गिरफ्तार किया था। सूरी पर अमेरिका में हमास के समर्थन में प्रोपेगैंडा फैलाने और संगठन से जुड़ी आतंकी से रिश्ता रखने का आरोप है। अमेरिका की जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी का छात्र है। वह सेंटर फॉर मुस्लिम-क्रिश्चियन अंडरस्टैंडिंग में पोस्ट डॉक्टोरल फैलो के रूप में पढ़ाई कर रहा है। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग में सहायक सचिव ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि सूरी सक्रिय तौर पर हमास का प्रचार कर रहा था। हालांकि, सूरी के डिपोर्टेशन (देश से निकाले जाने) पर अमेरिकी अदालत ने रोक लगा दी है। वर्जीनिया कोर्ट की जज ने आदेश दिया कि सूरी को तब तक अमेरिका से नहीं निकाला जाएगा, जब तक अदालत इससे जुड़े आदेश जारी नहीं करती। बदर सूरी और उनकी पत्नी मफज सालेह की मुलाकात 2011 में हुई थी। बदर खान सूरी के वकील ने उन पर लगे आरोपों को खारिज किया है। वकील ने अदालत में दायर एक याचिका में कहा कि सूरी को निशाना इसलिए बनाया जा रहा है, क्योंकि उनकी पत्नी एक फलस्तीनी हैं। उनकी गिरफ्तारी का मकसद फलस्तीनी अधिकारों का समर्थन करने वाले लोगों की आवाज को दबाना है। वकील ने अदालत में दाखिल किए गए दस्तावेज में कहा कि न तो विदेश मंत्री मार्को रुबियो और न ही किसी अन्य सरकारी अधिकारी ने आरोप लगाया है कि सूरी ने कोई अपराध किया है या वास्तव में कोई कानून तोड़ा है। उन्होंने अपने विचार रखे हैं, जो कि पूरी तरह से संवैधानिक हैं। सूरी की पत्नी का नाम मफज सालेह है। सूरी 2011 में लोगों की मदद के लिए गाजा पहुंचे थे, इस दौरान दोनों की मुलाकात हुई थी।




- भारतीय छात्रा रंजनी श्रीनिवासन का फलस्तीन समर्थक रैली में शामिल होने के चलते वीजा रद किया गया
- विदेश मंत्रालय ने कहा: परेशानी हो, तो भारतीय छात्र दूतावास से संपर्क कर समस्या से अवगत कराएं

## टेस्ला कार तोड़ने वालों को जेल भेजेंगे ट्रम्प



- कहा: ये कैपिटल हिल दंगे से भी बदतर, दोषियों को सजा के लिए अल-सल्वाडोर भेजा जाएगा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टेस्ला की कारों में तोड़फोड़ करने वालों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जो भी लोग ऐसा करते हुए पकड़े जाएंगे, उन्हें अल-सल्वाडोर की जेल में भेज दिया जाना चाहिए। ट्रम्प ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ट्रुथ पर लिखा: मैं उन बीमार आतंकी गुडों को 20 साल की जेल की सजा मिलते हुए देखना चाहता हूं, जो टेस्ला की संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। शायद उन्हें अल-सल्वाडोर की कुख्यात जेल में सजा दी जाएगी। एक और पोस्ट में ट्रम्प ने लिखा: हम आपको ढूंढ़ रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि टेस्ला को नुकसान पहुंचाने की कोशिश एक आतंकी काम है, जो 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल हिल (संसद) में हुए घातक दंगे से भी बदतर है। अल सल्वाडोर में दुनिया की सबसे बड़ी और खतरनाक जेल है। अल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायब बुकेले ने अपराधियों को डराने के लिए इस जेल को साल 2023 में बनवाया था।



श्रीनगर। अपनी सेवाओं को नियमित करने और वेतन में वृद्धि सहित अपनी लंबित मांगों के समर्थन में विरोध मार्च के दौरान आंगनवाड़ी और आशा कार्यकताओं को रोकती पुलिस।

## डेनेपर समूह ने 70 यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया

### रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने अपने क्षेत्र में 47 यूक्रेनी ड्रोन को जमीन दिखाई

**मास्को, वार्ता**

**रूस** के 'डेनेपर' सैन्य दल ने लगभग 70 यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया है। समूह के प्रवक्ता रोमन कोड्रियन ने कहा कि 'डेनेपर' सैन्य दल की इकाइयों ने अपनी सामरिक स्थिति में सुधार किया है।

उन्होंने कामेंस्कोय, प्रिडनेप्रोवस्कॉय, वेलिटेन्स्कोय और एंतोनोव्का क्षेत्रों में यूक्रेनी सशस्त्र बलों की पर्वतीय हमला ब्रिगेड और चार तटीय रक्षा ब्रिगेड के सैनिकों और सैन्य उपकरणों को नष्ट कर दिया है। प्रवक्ता ने कहा कि 70 सैनिक, पांच वाहन, एक फील्ड आर्टिलरी गन, एक इलेक्ट्रॉनिक युद्ध स्टेशन और एक गोला-बारूद डिपो नष्ट कर दिए गए हैं। वहीं रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने शुक्रवार रात आठ क्षेत्रों, आजोव सागर और काला सागर में 47 यूक्रेनी ड्रोन को रोक कर नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि पिछली रात, ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 47 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों को रोक दिया और उन्हें नष्ट कर दिया। वोरोनिश क्षेत्र में 12 , बेलगोरोद क्षेत्र में 11, रोस्तोव क्षेत्र में छह, वोल्गोग्राद क्षेत्र में चार, आस्ट्राखान क्षेत्र में तीन, ब्रांस्क, कुर्स्क और समारा क्षेत्रों में एक-एक, काला सागर के पानी में सात और आजोव सागर के ऊपर एक ड्रोन को मार गिराया गया।



## संक्षिप्त समाचार

### पेरू में खदान ढहने से चार लोगों की मौत

**लीमा।** दक्षिणी पेरू में एक खदान ढहने से चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि यह दुर्घटना 18 मार्च को पुनो क्षेत्र के एक उच्च ऊंचाई वाले खनन शहर ला रिन्कोनाडा में सांता मारिया-लूनर डे ओरो खदान में हुई। सरकारी समाचार एजेंसी एंडिना के अनुसार, खदान के अंदर तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि चौथे की मौत मेडिकल सेंटर ले जाते समय हुई। बचाव अभियान अत्यंत कठिन परिस्थितियों में चलाया गया, जिसमें बचाव दल को शवों को निकालने के लिए लगभग 300 मीटर नीचे उतरना पड़ा। स्थानीय अभियोजक फ्रेडी कोंडोरी ने खदान ढहने के कारणों और संभावित जवाबदेहियों की जांच शुरू कर दी है।

### अफगानिस्तान में हथगोला हमले में 18 लोग घायल

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान के दक्षिणी प्रांत हेलमंद में शुक्रवार को हथगोला हमले में 18 लोग घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि यह घटना गेरेशक जिले के जाला बाजार इलाके में हुई, जब शुक्रवार को दो भाई किसी मुद्दे पर झगड़ रहे थे और इसी दौरान एक भाई के बेटे ने हथगोला फेंक दिया। बयान में कहा गया कि हमले के कारण दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बयान में कहा गया कि पुलिस ने जांच के लिए संदिग्ध को हिरासत में ले लिया है। मामले की विस्तृत जानकारी नहीं दी गयी है।

### लापता विदेशी पर्वतारोही फिलीपींस में मिले

**मनीला।** मध्य फिलीपींस के एक ज्वालामुखी पर्वत पर ट्रेकिंग के दौरान लापता हुए छह विदेशी पर्वतारोही मिल गए हैं। पुलिस ने शनिवार को बताया कि तीन जर्मन के नागरिक, एक रूसी नागरिक, एक ब्रिटिश और एक कनाडाई नागरिक बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग आठ बजे माउंट टैलिनिस पर चढ़ने के लिए निकले थे, जो माउंट टैलिनिस, नेग्रोस ओरिएंटल प्रांत के वालेंसिया शहर के दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। बाद में, गुरुवार को उनके लापता होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद, बचाव अभियान चलाया गया। दो यात्रियों को शुक्रवार सुबह बचाया गया, जबकि बाकी को शनिवार दोपहर को बचाया गया। पुलिस ने कहा कि उनकी हालत स्थिर है।

# पहली बार इजरायल के खुफिया चीफ किए गए बर्खास्त

### प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुफिया ऐजेंसी शिन बेट के चीफ रोनन बार को टर्मनेट किया



रोनन बोले: नेतन्याहू देश को कमजोर कर रहे



**तेल अवीव, वार्ता**

**इजरायल** के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुफिया एजेंसी शिन बेट के चीफ रोनन बार को बर्खास्त कर दिया है। शुक्रवार को कैबिनेट ने नेतन्याहू के फैसले का सर्वसम्मति से समर्थन किया। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने इसकी घोषणा की। हालांकि इजरायल के सर्वोच्च न्यायालय ने रोनन की बर्खास्तगी पर अस्थायी रोक लगा दी है।

अदालत ने कहा कि बर्खास्तगी पर तब तक रोक रहेगी जब तक कि इस मामले पर 8 अप्रैल से पहले सुनवाई नहीं हो जाती। इजरायल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब सरकार ने घरेलू सुरक्षा एजेंसी के प्रमुख को उसके पद से हटाया है। शिन बेट चीफ के तौर पर रोनन का आखिरी दिन 10 अप्रैल होगा।

इससे पहले सरकार ने उनकी बर्खास्तगी के लिए 20 अप्रैल की तारीख तय की थी, जिसे बदल दिया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि अगर रोनन की जगह नई नियुक्ति हो जाती है तो वे उससे पहले भी पद छोड़ सकते हैं। रोनन को पद से हटाने के लिए कैबिनेट की बैठक शुरू हुई थी। इस बैठक में नेतन्याहू ने कहा 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद उन्होंने रोनन पर से भरोसा खो दिया। रोनन एजेंसी को फिर से मजबूत करने के लिए सही व्यक्ति नहीं हैं। नेतन्याहू ने आरोप लगाया कि हमास के साथ बंधकों की रिहाई से जुड़ी बातचीत में रोनन का नजरिया नरम था और वे आक्रामक नहीं थे। उन्होंने दावा किया किजब से रोनन की जगह शिन बेट के एक दूसरे सीनियर अधिकारी को बातचीत में शामिल किया है, तब से सूचनाओं के लीक होने में भारी कमी आई है और सफल वार्ताओं के जरिए हम बंधकों को छुड़ाने में कामयाब हुए हैं। हालांकि जनवरी हमास के साथ हुई सीजफायर और बंधकों की रिहाई की डील के वक्त रोनन बातचीत में शामिल थे। उन्हें टीम से नहीं हटाया गया था। कैबिनेट बैठक के दौरान शिन बेट ने मंत्रियों को रोनन का पत्र भेजा। इसमें उन्होंने बैठक में शामिल होने से इनकार करते हुए हुए अपनी बर्खास्तगी को खारिज किया। रोनन ने सरकार के आरोपों को बेबु. नियाद बताते हुए कहा कि यह शिन बेट के कार्यों को बाधित करने का प्रयास है।

## इजरायल ने मध्य सीरिया में दो हवाई ठिकानों पर हमले किए

**यरूशलम।** इजरायल ने शुक्रवार रात को मध्य सीरिया के होम्स गवर्नरेट में पाल्मेरा और तियास (टी4) सैन्य हवाई ठिकानों पर 'सैन्य रणनीतिक क्षमताओं[ पर हमले किये। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। देश के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज चैनल ने बताया कि इजरायली वायु सेना के खुफिया विभाग ने ठिकानों पर हथियारों और रणनीतिक क्षमताओं को ट्रैक किया था, जो असद शासन के नियंत्रण में थे। सीरिया की बशर अल असद सरकार का पिछले साल दिसंबर की शुरुआत में पतन हो गया था। चैनल के अनुसार, इजराइली युद्धक विमानों ने क्षेत्र में वायु सेना की हवाई श्रेष्ठता को बनाए रखने के लिए एक व्यापक हमले में इन क्षमताओं को नष्ट कर दिया। आईडीएफ ने कहा कि वह इजरायल के नागरिकों के लिए किसी भी खतरे को दूर करने के लिए कार्रवाई करना जारी रखेगा। इजरायल के हारेत्ज अखबार ने अरब मीडिया आउटलेट्स के हवाले से बताया कि हमले में सीरियाई रक्षा मंत्रालय के दो कर्मचारी घायल हो गए।

## हुमायरा को वापस पाकिस्तान भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ सेक्टर में भारतीय सीमा में प्रवेश करने के प्रयास में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा हिरासत में ली गयी पाकिस्तान की महिला हुमायरा को वापस पाकिस्तान भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि गत 17 मार्च को सुबह करीब पांच बजे बीएसएफ के जवानों ने उसे विजय चौकी के पास पकड़ा था। वह पाकिस्तान की सीमा से जीरो लाइन पार करके भारत की सीमा में 100 मीटर अंदर तारबंदी के पास आ गयी थी। उससे संयुक्त जांच एजेंसियों ने कड़ी पूछताछ की। उसने पूछताछ में बताया कि वह दो बच्चों की मां है और घरेलू हिसा से परेशान होकर भारत आई। वह अरब देशों में शरण लेना चाहती थी, लेकिन उसके पति ने उसके दस्तावेज नहीं दिए। इंटरनेट पर उसने भारत आने के तरीके देखे और उसी के अनुसार वह तारबंदी तक आ गई।

# इजरायल से युद्ध विराम और वार्ता वापसी की मांग

### जारी संघर्ष के बीच रिहा किए गए 42 बंधकों के परिजनों ने उठाई आवाज




**यरूशलम, वार्ता**

**इजरायल** और गाज़ा के बीच जारी संघर्ष के बीच रिहा किए गए 42 बंधकों के परिजनों और गाज़ा में अभी भी बंधक बनाए गए लोगों के 250 से अधिक रिश्तेदारों ने एक पत्र जारी करके तत्काल युद्ध विराम और वार्ता की वापसी की मांग की है। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों पर संघर्ष को लंबा करने के लिए बंधकों का बलिदान देने का आरोप लगाया।

इस पत्र पर रिहा किए गए बंधकों और 59 बचे हुए कैदियों के परिवारों ने हस्ताक्षर किए हैं। इसमें युद्ध समाप्त करने और गाज़ा के लिए युद्ध-पश्चात योजना तैयार करने के बदले में बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक समझौते की मांग की गई है। पत्र में आरोप लगाया गया कि इजरायल की सैन्य कार्रवाई के कारण बंधकों की जान खतरे में पड़ी है और दावा किया कि अब तक 41 बंधक इजरायली रणनीति के चलते मारे जा चुके हैं। इस पत्र में कहा गया कि इजरायली सरकार बंधकों को बचाने और वापस लाने के बजाय अंतहीन युद्ध को चुन रही है, जिससे वे अपनी मौत के मुंह में जा रहे हैं। यह एक आपराधिक नीति है, आपको 59 बंधकों का बलिदान देने का कोई अधिकार नहीं है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बार-बार कहा है कि सैन्य दबाव ही बंधकों को छुड़ाने का मुख्य तरीका है, लेकिन परिवारों ने इस दावे को 'लापरवाह' बताते हुए खारिज कर दिया। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को हमास के हमले के दौरान 240 से ज्यादा लोगों को बंधक बनाया गया था, जिसमें इज़रायल में 1200 लोग मारे गए थे। इसके बाद 17 महीने तक चले संघर्ष में गाजा में 48 हजार से ज्यादा लोग मारे गए। उन्नीस जनवरी को हमास के साथ शुरू हुआ युद्धविराम टूटने के बाद इजरायल ने मंगलवार को गाजा में हमले फिर से शुरू किए। इसके बाद इजरायली सेना ने दक्षिणी, उत्तरी और मध्य गाजा में जमीनी अभियान शुरू किए। गाजा के नागरिक सुरक्षा विभाग ने कहा कि शुक्रवार के हवाई हमलों में 11 लोग मारे गए, तथा नए हमलों में मरने वालों की कुल संख्या छह सौ से अधिक हो सकती है, तथा एक हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं।

## इजरायली सेना ने उत्तरी गाजा में रॉकेट लांचर पर किया हमला

**यरूशलम।** इजरायली सेना के लड़ाकू विमानों ने उत्तरी गाजा में एक रॉकेट लांचर पर हमला किया। सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह कार्रवाई गाजा से इजरायली क्षेत्र की ओर दो रॉकेट दागे जाने के कुछ घंटे बाद की गई। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) के अनुसार, इस रॉकेट लांचर को हमास ने जानबूझकर उत्तरी गाजा के अल-फुरकान में एक मानवीय क्षेत्र के पास रखा था। उन्होंने कहा कि हमले से पहले नागरिक हताहतों की संख्या कम करने के लिए कई कदम उठाए गए, जिनमें हवाई निगरानी, खुफिया जानकारी एकत्र करना और सटीक निर्देशित हथियारों का उपयोग शामिल था। गाजा से दागे गए दो रॉकेट, जिनका निशाना तटीय शहर अश्कलोन था, इजरायली वायु रक्षा प्रणाली की ओर से मार गिराए गए, जिससे कोई हताहत या नुकसान नहीं हुआ।

## अमेरिकी सेना ने यमन के सादा प्रांत पर हवाई हमले किए

- हमलों ने प्रांत के पश्चिम में सकायन जिले को निशाना बनाया

**सना।** अमेरिकी सेना ने शुक्रवार शाम को यमन के उत्तरी सादा प्रांत पर हवाई हमले किए। हूमी द्वारा संचा. लित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी।

रिपोर्टों में कहा गया है कि हमलों ने प्रांत के पश्चिम में सकायन जिले को निशाना बनाया लेकिन कोई और विवरण नहीं दिया। हूती शायद ही कभी हताहतों की संख्या या भौतिक नुकसान का खुलासा करते हैं। सादा प्रांत हूती समूह का मुख्य गढ़ है। नवीनतम हमले राजधानी सना सहित उत्तरी यमन में हूती-नियंत्रित क्षेत्रों पर अमेरिकी हमलों का लगातार सातवां दिन है। अल-मसीरा टीवी के अनुसार शुक्रवार को पहले अमेरिकी सेना ने लाल सागर बंदरगाह शहर होदेदाह के दक्षिण में अत-तुहायता जिले के तटीय क्षेत्र अल-फजाह पर छह हवाई हमले किए। हमलों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। देश में 2014 में गृहयुद्ध छिड़ने के बाद से हूती विद्रोहियों ने सना सहित उत्तरी यमन के अधिकांश हिस्से पर कब्ज़ा कर लिया है। हूती और अमे. रिकी सेना के बीच तनाव तब और बढ़ गया जब 15 मार्च को अमेरिका ने यमन पर नए हवाई हमले शुरू किए। इससे पहले हूती समूह ने धमकी दी थी कि जब तक गाजा में मानवीय सहायता की अनुमति नहीं दी जाती, तब तक वे इजरायली ठिकानों पर हमले फिर से शुरू करेंगे।

## संदिग्ध इजरायली हवाई हमलों में सीरिया में सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना

**दमिश्क।** संदिग्ध इजरायली युद्धक विमानों ने मध्य प्रांत होम्स में पल्मायरा सैन्य हवाई अड्डे और आस-पास के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। स्थानीय अल- एखबरिया टीवी ने यह जानकारी दी। कथित तौर पर हमलों में प्राचीन शहर पल्मायरा के करीब सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया। नुकसान की सीमा और हताहत हुए या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

## 19 सितंबर को रिलीज होगी जॉली एलएलबी-3

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार और अरशद वारसी की जोड़ी वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3, 19 सितंबर को रिलीज होगी। फिल्म जॉली एलएलबी 2013 में रिलीज हुई थी, जिसमें अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म की सफलता के बाद इसका सीक्वल वर्ष 2017 में रिलीज हुआ, जिसमें अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में नजर आए। अब जॉली एलएलबी 3 अक्षय और अरशद दोनों सितारे साथ नजर आएंगे। फिल्म जॉली एलएलबी 3 की रिलीज डेट सामने आ गई है। सुभाष कपूर निर्देशित यह फिल्म इस साल 19 सितम्बर को सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में अक्षय और अरशद के साथ सौरभ शुक्ला और हुमा कुरैशी भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने एक्स पर फिल्म की रिलीज डेट शेयर की। उन्होंने लिखा, अक्षय कुमार-अरशद वारसी की जॉली एलएलबी 3 की रिलीज डेट लॉक हो गई। वायकॉम 18 स्टूडियोज ने 19 सितंबर 2025 को बहुप्रतीक्षित फिल्म जॉली एलएलबी 3 के लिए रिलीज डेट लॉक कर दी है, जो फ्रेंचाइजी की सबसे बड़ी फिल्म है। स्टार्स-अक्षय कुमार (जॉली मिश्रा के रूप में) और अरशद वारसी (जॉली त्यागी के रूप में), निर्देशक सुभाष कपूर हैं।



## आमिर खान ने लिट्टी चोखा को दिलाई देशभर में पहचान



मुंबई। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान लिट्टी चोखा के बड़े फैन हैं। लिट्टी चोखा का नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाता है। बिहार की यह खास डिश अपने जबरदस्त स्वाद और देसी अंदाज के लिए पूरे देश में मशहूर है। लिट्टी असल में गेहूं के आटे से बनी होती है, जिसमें सत्तू, सरसों का तेल और मसाले भरे जाते हैं। इसे कोयले या उपलों की धीमी आंच पर सेंका जाता है, जिससे इसका स्मोकी फ्लेवर और भी निखर जाता है। अब बात करें चोखे की तो यह उबले आलू, भुने बैंगन और टमाटर को मसालों के साथ मैश करके बनाया जाता है। लिट्टी को जब चोखे के साथ खाया जाता है तो इसका स्वाद लाजवाब हो जाता है। बिहार की गलियों से लेकर बड़े होटलों तक, लिट्टी चोखा का जलवा हर जगह कायम है। आज बिहार दिवस के मौके पर यदि लिट्टी चोखा का मजा न लिया जाए, तो कुछ अधूरा सा लगता है। यह डिश न सिर्फ आम लोगों बल्कि सेलिब्रिटीज के बीच भी काफी पॉपुलर है। खुद बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान इसके बड़े फैन हैं। कहा जाता है कि उन्होंने इस आइकॉनिक डिश को मशहूर करने में अहम भूमिका निभाई है। आमिर खान की लिट्टी चोखा के प्रति दीवानगी किसी से छिपी नहीं है। पटना दौरे के दौरान उन्होंने सड़क किनारे एक दुकान पर जाकर बिहार की इस मशहूर डिश का लुत्फ उठाया था। अपने प्यार का इजहार करते हुए उन्होंने कहा था, इसका स्वाद अनोखा होता है, मुझे लिट्टी चोखा खाना बहुत पसंद है। दुकान मालिक के मुता. बिक, आमिर खान 2012 में भी यहां आए थे, और उनके आने के बाद दुकान की लोकप्रियता काफी बढ़ गई।






# इसाबेल व पुलकित की लव स्टोरी: हंसी, प्यार और थोड़ी सी मस्ती!



**मुंबई।** पुलकित सम्राट और इसाबेल कैफ की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म सुस्वागतम खुशामदीद, 16 मई को रिलीज होगी। फिल्म सुस्वागतम खुशामदीद में पुलकित सम्राट और इसाबेल कैफ की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। इस फिल्म में पहली बार दर्शकों को पुलकित सम्राट और डेब्यूटेंट इसाबेल कैफ की फेश जोड़ी देखने को मिलेगी। जहां पुलकित सम्राट का चार्म, वही इसाबेल कैफ की नई स्क्रीन प्रेजेंस



दर्शकों को एक शानदार सिनेमाई अनुभव देने के लिए तैयार है। यह फिल्म हास्य, रोमांस और एक भावनात्मक रूप से जुड़ने वाली कहानी का मिश्रण है, जो हर उम्र के दर्शकों के दिल को छूने का वादा करती है। पुलकित सम्राट ने कहा, मुझे एक अच्छी कहानी और बेहतरीन टीम का हिस्सा बनने की खुशी है। इस फिल्म से जुड़े निर्माताओं का इतना विश्वास देखकर अच्छा लग रहा है कि इतने सारे अड़चनों और डेट बदलावों के बावजूद, हम आखिरकार इसे रिलीज़ करने जा रहे हैं। यह वर्षों की मेहनत और प्यार का नतीजा है, और अब मैं दर्शकों को यह फिल्म दिखाने का इंतजार नही कर सकता। इसाबेल कैफ, जो इस फिल्म में नूर की भूमिका निभा रही हैं, ने साझा किया, इस फिल्म का हिस्सा बनना एक शानदार अनुभव रहा। पुलि. कत और निर्देशक धीरज के साथ काम करके बहुत अच्छा लगा।

हमने शूटिंग के दौरान बहुत अच्छा समय बिताया और मैं उम्मीद करती हूं कि दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी। निर्देशक धीरज कुमार ने कहा, सुस्वागतम खुशामदीद प्यार और एकता का एक सशक्त संदेश देने वाली फिल्म है। यह फिल्म दर्शकों को यह याद दिलाने का काम करेगी कि प्यार की कोई सीमा नहीं होती और मुझे पूरा यकीन है कि यह फिल्म हर दिल को छू जाएगी। फिल्म सुस्वागतम खुशामदीद का निर्माण शरवण कुमार अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, धीरज, दीपक धर, अज़ान अली, सुनील राव ने किया है, जबकि जावेद देवरियावाले सह-निर्माता हैं।

## मैं बहुत खुश हूं अब मेरा घर पूरा लगता है: मुनव्वर

**मुंबई।** संगीतकार एवं कॉमेडियन मुनव्वर फ़ारूकी का कहना है कि शादी के बाद वह बहुत खुश हैं और उन्हें अब घर पूरा लगता है। मुनव्वर फ़ारूकी जो अपनी कॉमेडी, शायरी और सहज बुद्धि के लिए जाने जाते हैं, अपने जीवन के एक नए अध्याय को गले लगा रहे हैं, शादी से मिली खुशी और स्थिरता को संजो रहे हैं। पिछले साल मेहज़बीन के साथ शादी के बंधन में बंधने के बाद, उन्होंने हाल ही में इस बारे में बात की कि कैसे उनकी शादी ने उनके जीवन में शांति और सद्भाव लाया है। जिससे उन्हें वास्तव में सुकून मिला है। पूर्व अभिनेत्री सना खान के साथ उनके पॉडकास्ट पर एक दिल को छू लेने वाली बातचीत में, मुनव्वर ने बताया कि कैसे उनका जीवन बदल गया है।

## Jobs जॉब अलर्ट Jobs

**NOW HIRING : YOUR FUTURE AWAITS...**


अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर.
www.shahtimesnews.com


### आवश्यकता है।



पद : एकाउन्टेंट
स्थान : मुजफ्फरनगर
नौकरी का प्रकार : पूर्ण कालिक
नौकरी का विवरण: एक कुशल एवं अनुभवी एकाउन्टेंट की आवश्यकता है जिसे जी0एस0टी0 का पूर्ण ज्ञान हो, तथा कम से कम दो वर्षो का अनुभव हो।
योग्यता : कॉमर्स क्षेत्र में स्नातक की डिग्री

**कैसे आवेदन करें:**
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़ूयूमे और कवर पत्र भेजें:
**शाह आलम : 80772 43100**
Email:- shahtimes0105@gmail.com

### आवश्यकता है।



पद : कम्प्यूटर ऑपरेटर/सब-एडिटर
स्थान : मुजफ्फरनगर / देहरादून
नौकरी का प्रकार : पूर्ण कालिक
नौकरी का विवरण: एक कुशल एवं अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर/ सब-एडिटर की आवश्यकता है जिसे कम्प्यूटर का पूर्ण ज्ञान हो, तथा कम से कम दो वर्षो का अनुभव हो।
योग्यता : कम्प्यूटर में डिप्लोमा / डिग्री

**कैसे आवेदन करें:**
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़ूयूमे और कवर पत्र भेजें:
**मौ0 आसिफ : 9837515048**
Email:- shahtimes0105@gmail.com

### आवश्यकता है।

पद : महिला रसोइया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
**नौकरी का विवरण:** हम एक कुशल और स्वच्छ महिला रसोइया की तलाश कर रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के व्यंजन, जैसे मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन डिशेज तैयार कर सके। आदर्श उम्मीदवार को खाना बनाने का जुनून होना चाहिए और एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित रसोईघर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ:**
- मुगलाई, कश्चन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न डिशेज तैयार करना।
- स्वच्छता मानकों के अनुसार खाद्य पदार्थों की तैयारी।
- रसोई को साफ और अच्छी तरह से बनाए रखना।
- दैनिक खाना पकाने के लिए मेनू की योजना बनाना।
- खाना पकाने के समय का प्रबंधन करना।

**योग्यताएँ:**
- रसोइया के रूप में सिद्ध अनुभव, विशेष रूप से मुगलाई और कॉन्टिनेंटल व्यंजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए।
- खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का मजबूत ज्ञान।
- स्वतंत्र रूप से और कुशलता से काम करने की क्षमता।

**कार्य समय:**
- **समय:** सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक

सहायक प्रबंधक : प्रिंट मीडिया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
**नौकरी का विवरण:** सहायक प्रबंधक के रूप में, आप प्रबंधन टीम का समर्थन करेंगे और क्षेत्रीय संचालन की देखरेख करेंगे।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ:**
- क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ दैनिक गतिविधियों में सहायता करना।
- स्टाफ की देखरेख और मार्गदर्शन करना, सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देना।
- टीम के प्रदर्शन की निगरानी करना और सुधार के लिए रणनीतियाँ लागू करना।

**योग्यताएँ:**
- व्यवसाय प्रबंधन या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 2 साल का अनुभव।

पद : मार्केटिंग एजेंट
स्थान : दिल्ली
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक

**नौकरी का विवरण:**
मार्केटिंग एजेंट के रूप में, आप हमारे उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करेंगे, ग्राहक संबंध बनाएंगे, और बिक्री वृद्धि को बढ़ावा देंगे।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ :**
- बाजार अनुसंधान करना और संभावित ग्राहकों की पहचान करना।
- ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित और बनाए रखना।
- मार्केटिंग अभियानों के विकास और निष्पादन में सहायता करना।

**योग्यताएँ:**
- मार्केटिंग या व्यवसाय में स्नातक की डिग्री।
- बिक्री या मार्केटिंग में पूर्व अनुभव वांछनीय है।

**कैसे आवेदन करें:**
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़ूयूमे और कवर पत्र भेजें:
**शाह आलम : 80772 43100**
Email:- shahtimes0105@gmail.com


32 years of excellence in education
BEN-HUR PUBLIC SCHOOL
DEVOTION DEDICATION DETERMINATION
Estd. 1993
Please Contact For Any Query-
MR. JAIDEEP SINGH : 75996-55511
MR. PREM GANGWAR : 75997-55511
ADMISSION OPEN
For Class
PLAY GROUP, PRE-NURSERY, NURSERY & KG
REGISTRATION WILL BE CLOSED ON 28th MARCH 2025 AT 2:00PM
For Class I to IX & XI
ADMISSION TEST
ON 29th MARCH 2025 AT 8:30 AM
FOR ALL THOSE STUDENTS WHO HAVE REGISTERED ON OR BEFORE 28th MARCH 2025
New Session Begins
From 3rd April 2025 (Thursday)
BEN-HUR KIDS WORLD
A HOME AWAY FROM HOME
Estd. 2007
BEN-HUR GURUKUL
KNOWLEDGE ETHICS LEADERSHIP INTEGRITY
Estd. 2017
Please Contact For Any Query-
Mrs. MOHINI UPADHYAY : 97609-02428
Mrs. REENA SAXENA : 84106-04668
Please Contact For Any Query-
DR. NIRMAL KAUR : 70550-15020
Ms. PALLAVI PANDEY : 80776-28904



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ





पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108



साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद अली
संभावित प्रत्याशी
आजाद समाज पार्टी
धामपुर विधानसभा क्षेत्र





रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर





रमजान माह की बधाई
राजेन्द्र कुमार
पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा
वरिष्ठ नेता
आजाद समाज पार्टी
जनपद-बिजनौर





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौहम्मद असलम कुरैशी
पूर्व प्रधान-कोतवाली देहात
एमएच इलेक्ट्रानिक्स एवं फर्नीचर, कोतवाली देहात





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बहुजन समाज पार्टी
मुरादाबाद





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
इमरान कुरैशी
जिला पंचायत सदस्य
जनपद-बिजनौर
जिला अध्यक्ष
युवा रालोद
जनपद-बिजनौर







मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल गफ्फार
जिला प्रचार मंत्री
भाकियू टिकैत
जनपद-बिजनौर
कोतवाली देहात